राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-305
लखनऊ, मंगलवार 25 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ 12
जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव 03

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना बेहतर तरीके से चलाएंगे सरकार : मोदी

**संबोधन**

- जनता ने जो भरोसा जताया है, हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा
- आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले सोमवार को चुनकर आये सांसदों का अभिवादन करते हुए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया और कहा कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे इसलिए उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष जिम्मेदारी से काम कर जन भावनाओं पर खरा उतरेगा।

श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के 65 करोड़ लोगों ने 18वीं लोकसभा के प्रतिनिधियों को आकांक्षाओं के साथ चुनकर भेजा है। जनता ने जो भरोसा जताया है, हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे और विपक्षी दलों से उम्मीद जताई है कि वे भी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर कर काम करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाने के लिए सहमति होती है और सरकार बनाने के लिए बहुमत होता है इसलिए हमारा लक्ष्य है कि सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से देश की जनता की सेवा करना है। देश के 140 करोड लोगों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करना है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, सबको साथ संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए विकास को गति देना चाहते हैं। यह खुशी की बात है कि 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी खासी है।

आपातकाल को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग देश के संविधान के प्रति समर्पित हैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्ठावान है, उनके लिए 25 जून न भूलने वाली तिथि है क्योंकि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर धब्बा लगा था, उसके 50 साल कल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोग कभी नहीं भूलेंगे कि इस दिन लोकतंत्र को पूरी तरह से दबोच दिया गया था। आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था। हम संकल्प करेंगे कि संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना है और अब कोई दूसरी बार कभी भी देश में दूसरा आपातकाल नहीं लग सकेगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। यह बहुत ही महान विजय है और अब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ गया है इसलिए देशवासी विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि हम नए कार्यभार को लेकर आगे चल रहे हैं। सभी सांसदों से देश को बहुत अपेक्षा है इसलिए सबसे आग्रह करुंगा कि जनहित के लिए मील अवसर का उपयोग करें और हर संभव जनहित में कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री ने विकसित दलों से भी जनहित के काम करने की अपील करते हुए कहा कि देश की जनता को विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा हैं। अब तक उससे निराश मिली है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष जनता की आकांक्षाओं पर खराब उतरेगा।

## इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति के साथ संसद परिसर में किया प्रदर्शन



अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ने के अपने संकल्प को लेकर एकजुट हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सरकार पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। इस दौरान श्री अखिलेश यादव और श्रीमती डिंपल यादव समेत समाजवादी पार्टी के कई नेता भी संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद पहुंचे थे।

## जनता ने हमारी नीयत व नीति पर मुहर लगाई : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनता ने हमारी नीयत और नीति पर मुहर लगाई। हम सभी को साथ लेना चाहते हैं। संसदीय लोकतंत्र में यह गौरवशाली दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद भवन में शपथ ग्रहण समारोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव भव्य और शानदार तरीके से हुआ। यह इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एक सरकार को सेवा करने का मौका दिया है। पिछले 10 सालों में हमेशा एक परंपरा लागू करने की कोशिश की है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की जरूरत होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति सबसे महत्वपूर्ण है। हम सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और फैसलों को गति देना चाहते हैं।

# उप्र में दो दिन में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा मानसून



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

**हल्की बारिश से गिरा पारा, उमस भरी गर्मी बरकरार**

उत्तर प्रदेश में पूर्वी हवाओं के चलने से मानसून धीरे- धीरे सक्रिय हो रहा है और हल्की बारिश भी हो रही है। इससे जहां तापमान गिर रहा है तो वहीं उमस भरी गर्मी बरकरार है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दो दिन में पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा और झमाझम बारिश होगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, राजपीपला, उज्जैन, विदिशा, सिद्धि, चाईबासा, हल्दिया, पाकुड़, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजर रही है। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हैं। उत्तर प्रदेश में 48 घंटे बाद मानूसन पूरी तरह से सक्रिय होकर तेज बारिश शुरु कर देगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश होती रहेगी। इससे तापमान सामान्य होने की संभावना बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के शास्त्री-आचार्य की सेमेस्टर परीक्षा आज से

**वाराणसी।** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के शास्त्री /आचार्य की सेमेस्टर परीक्षा 25 जून मंगलवार से पूरे देश में 343 परीक्षा केन्द्रों पर एक साथ शुरू होगी। परीक्षा में कुल 34871 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर के साथ ही देश के विभिन्न जिलों में शुरू हो रहे परीक्षा के लिए परीक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें सभी महाविद्यालयों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा। सोमवार को ये जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुधाकर मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर की 2024 शास्त्री द्वितीय, तृतीय खण्ड, शास्त्री द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2026,शास्त्री तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022-2025 तथा आचार्य द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-2025,आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-2024 के संस्थागत, व्यक्तिगत, भूतपूर्व, बैक/श्रेणी सुधार एवं एक विषयक परीक्षा दो पाली में होगी।

### फेसबुक पर प्रधानमंत्री की एडिटेड वीडियो क्लिप प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एडिटेड वीडियो क्लिप को प्रसारित कर जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, साम्प्रदायिकता एवं अराजकता फैलाने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस ने सोमवार को लालगंज कस्बे से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को सम्बन्धित आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। सोमवार को उप-निरीक्षक बजरंगबली चौबे ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए वांछित आरोपित मेराज अहमद पुत्र मदार अहमद निवासी कस्बा लालगंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा।

### पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपित मोनू की सशर्त जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपित झांसी के मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने कहा कि अन्य दो सह अभियुक्तों रजनीश रंजन व मोनू कुमार को पहले ही जमानत मिल चुकी है। याची ने चार आपराधिक केसों का खुलासा किया है जिसमें वह पहले से जमानत पर हैं। याची के कब्जे से कुछ भी बरामद नहीं किया गया है। वह 5 अप्रैल 2024 से जेल में बंद हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि केस मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है, इसलिए वह जमानत पाने का हकदार है।

# ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाएगी योगी सरकार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



**सुविधा**

- कई नये फीचर्स के साथ जल्द ऑनलाइन उपलब्ध होंगे ई-स्टाम्प
- होंगे विशेष सिक्योरिटी फीचर्स

योगी सरकार प्रदेश में ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है। इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन प्रमाणन के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपये से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। उल्लेखनीय है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है।

## स्वच्छता, सुरक्षा व सुविधा का मानक होगा महाकुंभ 2025

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी प्रयागराज महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है महाकुंभ-2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत के ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। महाकुंभ के प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के साथ मुख्यमंत्री ने सोमवार को बैठक कर अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेला प्रस्तावित है। संतगणों, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों आदि की सुविधा के दृष्टिगत वर्ष 2019 के सापेक्ष महाकुंभ 2025 विशाल परिसर में आयोजित होगा। पिछली बार जहां 3200 हेक्टेयर में मेला फैला था, इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इसका विस्तार किया जा रहा है। ऐसे में पार्किंग, पांटून पुल की संख्या, घाटों की संख्या, स्ट्रीट लाइट, शौचालय आदि की संख्या को आवश्यकतानुसार और अधिक बढ़ाने का निर्देश सीएम ने दिया।

# आईपीएस अंकित मित्तल निलम्बित

**कार्रवाई**

- पत्नी ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के लगाए थे आरोप, जांच में हुई पुष्टि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश में 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को शासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। शासन ने उन्हें निलम्बित कर दिया है। उन पर विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक अंकित मित्तल इन दिनों चुनार में ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में एसपी थे। उन पर पत्नी के साथ बदसलूकी का आरोप था। यह आरोप उनकी पत्नी में करते हुए शासन से शिकायत की थी। एक्स्ट्रा मैरिटल संबंधों की शासन स्तर पर हुई जांच में आईपीएस अंकित मित्तल दोषी पाए गए हैं। इस जांच के आधार पर उन्हें निलम्बित करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि आईपीएस अंकित मित्तल की पत्नी ने एक्स्ट्रा मैरिटल संबंधों की शिकायत की थी। डीजी ट्रेनिंग की तरफ से इसकी जांच की गई। प्रारंभिक जांच में अंकित मित्तल के एक महिला मित्र से संबंधों की पुष्टि हुई है। इससे पहले पत्नी की शिकायत पर एसपी गोंडा के पद से अंकित मित्तल को हटाया गया था।

## उप्र में दो आईपीएस का तबादला, अखिलेश कुमार को मिली ईओडब्ल्यू की जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उप्र में रविवार की देर रात को दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला करते हुए शासन ने नई जिम्मेदारी दी है। शासन ने आजमगढ़ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अखिलेश कुमार का तबादला करते हुए लखनऊ में ईओडब्ल्यू का आईजी बनाया है। जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक (वी.आई.) की जिम्मेदारी संभाल रहे आईपीएस वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बनाया गया। इससे पूर्व शुक्रवार की रात को भी शासन ने दो पुलिस आयुक्त समेत 16 आईपीएस के तबादले किए थे।

## नीता अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी, बेटे के विवाह का निमंत्रण दिया



**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।** रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने सोमवार शाम काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में पहुंची नीता अंबानी ने मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का विधि विधान से दर्शन पूजन वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच किया। दर्शन पूजन के बाद उन्होंने अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी और बहू राधिका की शादी का निमंत्रण बाबा को समर्पित किया। नीता अंबानी ने बाबा से बेटे के सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए मंगलकामना की।

# नीट पेपर लीक में बड़ी कार्रवाई, अब तक 25 आरोपियों की गिरफ्तारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



नीट-यूजी पेपर लीक मामले में अब तक 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, बिहार से 13, झारखंड से 5, गोधरा से 5 और लातूर से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच सीबीआई की एक टीम पांच मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में पेपर लीक की जांच के लिए सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची।

गोधरा पुलिस ने 27 उम्मीदवारों से 10-10 लाख रुपये लेकर नीट-यूजी उत्तीर्ण कराने में उनकी मदद करने की कथित कोशिश के लिए आठ मई को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई की एक टीम गोधरा पहुंची और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मिली। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए हम उन्हें हरसंभव सहयोग देंगे। पेपर लीक के दावों की जांच को लेकर छात्रों के देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और मुकदमेबाजी के बीच सीबीआई ने रविवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक नयी प्राथमिकी दर्ज की थी।

## नीट के अधजले प्रश्न पत्र पर मिला परीक्षा केंद्र का कोड

**रांची।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) पेपर लीक मामले में हर दिन नया खुलासा हो रहा है। पटना के रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुए नीट-यूजी के अधजले प्रश्न पत्र का सीरियल कोड झारखंड के हजारीबाग जिले के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र का है। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सत्यापन में प्रथमदृष्टया इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग, संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और संबंधित पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है। ईओयू की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि पांच मई की सुबह पहुंची थी, जिसके बाद उसे अभ्यर्थियों को रटवाया गया। अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। इसके बाद ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया। सत्यापन में पैकिंग ट्रंक में प्रथमदृष्टया छेड़छाड़ होना पाया गया है।

# अब ऑनलाइन होगा शिक्षकों का ट्रांसफर

**सहूलियत**

- भरने होंगे पांच विकल्प, तबादले में उच्च गुणांक वाले आवेदकों को मिलेगी प्राथमिकता

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और इंटर कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों के लिए जरूरी खबर है। अब सहायक अध्यापकों और प्रवक्ताओं का तबादला ऑनलाइन होगा। शिक्षकों को इसके लिए मानव संपदा पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। तबादला चाहने वाले शिक्षकों को रिक्तियों के अनुसार वरीयता क्रम में अधिकतम पांच ऑप्शन का चयन करने का विकल्प मिलेगा।

तबादले के लिए मानव संपदा पोर्टल https:// www. ehrms. upsdc. gov .in/ पर आवेदन प्रक्रिया 24 जून को सुबह 10 बजे शुरू हो गई है। इसकी अंतिम तिथि 26 जून है। शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया में उच्च गुणांक वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। एक से अधिक आवेदकों के गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जाएगी। आयु भी समान है, तो वरिष्ठ शिक्षक को प्राथमिकता मिलेगी। बीमारी दुर्घटना दिव्यंगता और अन्य समस्याओं के आधार पर भी दी वरीयता दी जाएगी। जो इस ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे उन्हें ट्रांसफर का अवसर नहीं मिलेगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऑनलाइन ट्रांसफर आदेश जारी किए जाएंगे।

# प्रयागराज में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत



**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सरायममरेज क्षेत्र में सोमवार को टैंकर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के सोरो पेट्रोल पंप के पास टैंकर की टक्कर से बाइक सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में विकास (25), सुम्मरी (60) नमकीन की पत्नी जनता (34), पुत्र दिवाना (7), पुत्री लक्ष्मी (8 माह) की मौत हो गई। सभी मृतक जौनपुर जिले के थाना मीरगंज क्षेत्र के चौकी खुर्द इलाके के रहने वाले थे। मृतक किसी शादी में शिरकत करने के बाद एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे कि जौनपुर की तरफ से आ रहे टैंकर ने सभी को रौंद दिया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेने के बाद चालक को हिरासत में ले लिया।

## सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को राहत नहीं, आज आ सकता है हाई कोर्ट का फैसला



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर दिल्ली उच्च न्यायालय की अंतरिम रोक को सोमवार को थोड़ा असमान्य करार दिया और मामले को 26 जून के लिए स्थगित कर दिया। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि अगर इस बीच उच्च न्यायालय इस मामले में कोई आदेश पारित करता है तो उसे रिकॉर्ड पर लाया जा सकता है। पीठ ने हालांकि कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश थोड़ा असामान्य है, क्योंकि आम तौर पर सुनवाई की तारीख पर ही रोक से संबंधित कोई आदेश पारित किया जाता है।

**खुलासा** | पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकी मौजूद, सुरक्षा-व्यवस्था हुई सख्त

# पाकिस्तानी आतंकी फिर से सीमा लांघने की फिराक में

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र में एनडीए सरकार बनने के दिन से 72 घंटे के भीतर जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन आतंकी हमले होने के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पिछले एक पखवाड़े में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में 04 आतंकी मार गिराये गए हैं। बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच एक खुफिया रिपोर्ट ने चौंका दिया है कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर से सीमा लांघने की फिराक में हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले सुरक्षा बलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह जम्मू सेक्टर के पीर पंजाल पर्वतमाला के दक्षिण में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयास कर रहे हैं। इस बीच सामने आ रहा है कि इस क्षेत्र में करीब 35-40 विदेशी आतंकवादी सक्रिय हैं और वे छोटी-छोटी टीमों में काम कर रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक में दो-तीन आतंकवादी हैं। आतंकवादियों की संख्या का आकलन खुफिया एजेंसियों और जमीन पर काम कर रहे बलों से मिले इनपुट पर किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन ने भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड पर लगभग 60 से 70 आतंकवादियों के सक्रिय होने की पुष्टि की है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां क्षेत्र में मानव खुफिया और तकनीकी खुफिया जानकारी जुटाने की क्षमता को उन्नत करने की दिशा में भी काम कर रही हैं। भारतीय सेना ने भी पिछले कुछ महीनों में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है, जो बड़ी संख्या में बख्तरबंद विशेषज्ञ वाहनों के साथ क्षेत्र में काम कर रहे हैं। सुरक्षा बलों के पास लगभग 200 बख्तरबंद वाहन हैं, जिन्हें आपातकालीन खरीद प्रक्रियाओं के तहत हासिल किया गया था। 29 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान कोई आतंकी वारदात न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए भी प्रदेश शासन और सुरक्षा बल चौकस हैं। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों को क्षेत्र में आतंकवादी समर्थन ढांचे के खिलाफ काम करने की पूरी छूट दी गई है, इसलिए आने वाले दिनों में ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और तेज होने की संभावना है।



**सतर्कता**

- भारतीय सेना ने 200 बख्तरबंद वाहनों के साथ अतिरिक्त सैनिकों को किया तैनात

समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# उपमुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

- गरीबों का इलाज मुफ्त में किया जाएगा वहीं गरीब छात्रों को भी शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी दिक्कत आने नहीं दी जाएगी



**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री /स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्राम सरैंया ओयल स्थिति बीआरडी हॉस्पिटल का शुभारम्भ फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा प्रवक्ता जुगल किशोर तथा कस्ता भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीबों का भी इलाज संपन्न व्यक्तियों की तरह ही संपन्न होगा ,भाजपा सरकार में कोई भी गरीब जिसके पास इलाज करने के लिए पैसा नहीं है उस गरीब का इलाज भी बी आर डी हॉस्पिटल में संभव हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए संचालित महाविद्यालय मैं गरीब बच्चों की भी शिक्षा संभव है, उप मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सदस्य से गरीबों एवं असहाय छात्रों की शिक्षा में पूर्ण रूप से सहयोग करने की अपील की। वहीं गरीबों के स्वास्थ्य में आने वाली पैसे की दिक्कत में भी पूर्ण सहयोग करने की बात कही। पूर्व राज्यसभा सदस्य जुगल किशोर ने बृजेश पाठक को आश्वासन देते हुए कहा गरीबों का इलाज मुफ्त में किया जाएगा वहीं गरीब छात्रों को भी शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी दिक्कत आने नहीं दी जाएगी।

इस अवसर पर कस्ता विधानसभा के युवा विधायक सौरभ सिंह सोनू ने सभा की अध्यक्षता की, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ,भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शरद बाजपेई ,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा विनोद मिश्रा, भाजपा नेता कुलभूषण सिंह बेहजम ब्लाक प्रमुख रामू राज भाजपा नेता अजय अग्रवाल सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा का संचालन भाजपा मैगलगंज मंडल अध्यक्ष पग्गू तिवारी ने किया।

## बद्दापुर गांव में लगातार तीसरी बार फिर हुई चोरी

**पसगवां खीरी।** कोतवाली की पुलिस चौकी जंगबहादुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत बद्दापुर गांव में तीसरी बार फिर एक और चोरी चोर मेन गेट की कुंडी काटकर जेवरात वर्तन आनाज चुरा कर ले गए। जानकारी के अनुसार जंगबहादुरगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बद्दापुर निवासी सरोजनी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने दूसरे मकान में परिजनों सहित सोई हुई थी । सुबह जब वह जानवरों के लिए भूसा निकालने पहुंची तो देखा की गेट की कुंडी कटी हुई थी। अंदर कमरे में देखा तो दंग रह गई। कासें वर्तन सभी गायब थे जिसमें दस थाली , पांच लोटा, एक बटुआ, एक टंकी, एक परात, चादी के दो जोडी खडुआ , सोने का एक हाय, तथा छ कट्टी गेहू की गायब थी। जिसकी सूचना पीड़ित ने जंगबहादुरगज पुलिस चौकी पर दे दी हैं।

# वसूली को गयी राजस्व टीम पर हमला, केस दर्ज

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील धौरहरा क्षेत्र के गांव बेलवा मोती में सरकारी धन की वसूली करने गए धौरहरा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार और फिरोजाबाद परगना के संग्रह अमीन व होमगार्ड और ड्राइवर पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में नायब तहसीलदार, संग्रह अमीन और होमगार्ड गंभीर रूप से चोटिल हो गये। मौके पर अन्य ग्रामीणों के पहुंचने पर दबंग गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। घटना के बाद थाना खमरिया पहुँचे नायब तहसीलदार और संग्रह अमीन ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है । तहसील धौरहरा क्षेत्र के बेलवामोती



गांव में सोमवार की सुबह करीब 8 बजे त ह स ी ल धौरहरा में तैनात नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा, संग्रह अमीन पंकज कुमार वर्मा और होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला के साथ रोड टैक्स का बकाया 50193 रुपये की वसूली के लिए सरकारी गाड़ी से गये हुए थे। गांव में बकायेदार बृजकिशोर पुत्र कामता प्रसाद के दरवाजे पर पहले से ही करीब 8-10 लोग घात लगाए बैठे थे जैसे ही तहसीलदार, संग्रह अमीन व होमगार्ड गाड़ी से नीचे उतरे, दबंगो ने लाठी डंडे, हँसिया आदि जानलेवा औजारों से हमला कर दिया। और वसूली प्रमाण पत्र व अन्य कागजात फाड़कर फेंक दिया साथ ही 250 रुपये भी लूट लिए, दबंगों की पिटाई से होमगार्ड रूप कुमार शुक्ला बेहोश हो गए।

जानकारी मुताबिक दबंगों द्वारा दुबारा सरकारी धन की वसूली के लिए आने पर जान से मारकर शव नदी में फेंकने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह जान बचाकर भागे नायब तहसीलदार और संग्रह अमीन ने थाना खमरिया पहुंचकर आपबीती बताई और दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु तहरीर दी। मेडिकल परीक्षण के बाद खमरिया पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

# श्री रामलीला मैदान पर कलर बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम आयोजित

**पलियां खीरी। समृद्धि न्यूज**



पलिया ताइक्कांडो एकेडमी द्वारा दिनाँक 23 जून रविवार को पलिया नगर के श्री रामलीला मैदान पर कलर बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चीफ कोच प्रदीप कुमार और पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा अधिरा मौर्या,अस्तुति मौर्या,आरुष मौर्या,सोयम गुप्ता,रवनीत कौर,मनिंदर सिंह,वीर सक्सेना,मयंक भास्कर,अग्रिमा मौर्या,पूर्वीत खन्ना को येलो बेल्ट,अविका भास्कर,विश्वनाथ अरोड़ा,अग्रिमा जायसवाल को ग्रीन बेल्ट,यशस्विनी नाग,शाम्भवी नाग, श्रन्या गुप्ता, अविरल मौर्या,भाव्या गुप्ता,वरदान गुप्ता,देवांशी वर्मा,सचिन पांडेय, अयति पांडेय,शिवानी पाल, शौर्या गुप्ता,अव्यांश गुप्ता,स्तव्य बंसल,चंदर प्रकाश मिश्रा को ग्रीन वन बेल्ट,आन्या प्रजापति को ब्लू बेल्ट,अर्जित सिंह,अभिनव मौर्या को रेड बेल्ट,गुनीत वालिया को रेड वन बेल्ट पहनाकर तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा खिलाड़ियों को और अधिक परिश्रम व एकाग्रता व अनुशासन के साथ अभ्यास करने की सलाह दी गयी। चीफ कोच प्रदीप कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों के अभिभावकों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में लखीमपुर ताइक्कांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार,कल्पना झा,चंदन निषाद,करण कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## भैंस से टकराकर दंपति घायल जिला अस्पताल रेफर

**डलमऊ, रायबरेली।** मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे पति-पत्नी भैंस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए, वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर पत्नी की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरसंवा गांव निवासी अवधेश कुमार 32 वर्ष पुत्र रामदीन अपनी पत्नी लाजवंती के साथ घूरवारा कस्बा स्थित अपनी दुकान बंद करकेमोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे जैसे ही कस्बे के बाहर स्थित पुल के पास पहुंचे वैसे ही वह एक भैंस से टकरा गए जिससे उनकी पत्नी को गंभीर छोटे आई स्थानी लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर लाजवंती की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# राहत आयुक्त दफ्तर से पीडी अदिति उमराव पहुंची खीरी

- गोला तहसील के डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों से की भेंट
- डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक, पीडी ने स्टेकहोल्डर्स विभागों से किया विचार-विमर्श



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राहत आयुक्त उप्र कार्यालय से परियोजना निदेशक अदिति उमराव अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह खीरी पहुंची, जहां उन्होंने जिले के डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों के पुनर्वास के लिए अन्यत्र स्थायी, अस्थायी स्थल चिन्हित किये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडीएम संजय सिंह सहित सभी स्टेकहोल्डर्स संग विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में एडीएम ने जिले में गत वर्षों में बाढ़ और कटान की स्थितियां और परिदृश्य को रेखांकित किया। पीडी अदिति उमराव के पूछने पर ईई शारदा नगर खंड शोभित कुशवाहा ने बताया कि दोनों बधों के बीच की दूरी 08 किमी है। आईआईटी रुड़की ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत की है।उन्होंने एसडीएम सदर/गोला/निघासन से उनकी तहसील के सर्वाधिक व पहले प्रभावित होने वाले गांव के संबंध में विस्तृत चर्चा की।उनसे पुनर्वासन के लिए अबतक किए गए प्रयास और रणनीति जानी। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, जिला अग्निशमन अधिकारी, ईई (पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव, ईई (बाढ़ खंड) अजय कुमार, ईई शारदाखंड शोभित कुमार कुशवाहा, एसडीएम (सदर) अश्विनी सिंह, एसडीएम-गोला विनोद गुप्ता, एसडीएम-निघासन राजीव निगम, एसडीएम-धौरहरा राजेश कुमार, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह के साथ क्रमश तहसील सदर और गोला गोकर्णनाथ के स्थलीय निरीक्षण कर डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों से मुलाकात की। मौके पर पूरी वस्तु स्थिति देखी। इस दौरान संबंधित तहसीलों के एसडीएम एवं अन्य राजस्व अधिकारी और स्टेकहोल्डर विभाग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक खतरे में डाल रहे लोगों की जान

**उचौलिया खीरी।** कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोई जा रही भट्टे की मिट्टी। क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र में मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सेहत के लिए ही नहीं जीवन के लिए भी खतरा बन गई हैं। तेज गति से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जिस सड़क से गुजरती हैं, अगर थोड़ी चूक हो जाए तो दुर्घटना होनी तय है। यह जिधर से जाती हैं उधर से लोगों को सांस की तकलीफ समेत आंखों की समस्या हो गई है।इस संबंध में पसगवॉ कोतवाली प्रभारी दीपक राठौर से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया मैं बाहर हूं।

### कोचिंग पढ़ने गए छात्र की साइकिल हुई चोरी

**लखीमपुर-खीरी।** शहर स्थित प्रकाश नगर सैधरी निवासी शिवा चैरसिया पुत्र संतोष ने कोतवाली पुलिस को साइकिल चोरी की लिखित सूचना देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में शिवा ने बताया कि वह शनिवार को मेला मैदान स्थित महिन्द्रा कोचिंग सेंटर में साइकिल से पढ़ने के लिये गया था। जब वह कोचिंग पढ़कर वापस लौटा तो देखा कि साइकिल गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी साइकिल नही मिली। बताया जाता है कि साइकिल चोरी की पूरी वारदात कोचिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई होगी।

### तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण, समस्याओं से हुए रूबरू



**बिजुआ खीरी।** तहसील गोला गोकरन नाथ के अंतर्गत शारदा नदी के किनारे वाले गांवों का तहसीलदार ने दौरा कर बाढ़ का अभी से ही जायजा लेना शुरू कर दिया है । बाढ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर वार्ता की और बाढ़ से पीड़ित लोगों की समस्याओं का तुरंत सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया। आपको बता दें तहसील गोला का कुछ क्षेत्र शारदा नदी के कटान एवं बाढ़ के कारण बाढ़ पीड़ित क्षेत्र रहा है पिछले वर्ष कई गांव बाढ की चपेट में आ गए थे जिनका नामो निशान भी नही रहा वही बहुत से गांवो में बाढ का पानी महीनो तक भरा रहा जिसके कारण इस क्षेत्र के लोगों ने काफी दिनों तक धरना प्रदर्शन भी किया लेकिन उनका कोई खास निदान नहीं हो सका। तहसीलदार गोला सुखविंदर सिंह रविवार शाम को करसौर, नया पुरवा, चकपुरवा, छरासी, बेलहा सिकटिया, आदि कई शारदा कटान पीड़ित गांवों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उन्हें तुरंत ही किसी भी प्रकार की बाढ़ के दौरान अगर जरूरत होती है तो उसे तुरंत ही सहायता मुहैया कराई जाएगी जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को अपना पर्सनल फोन नंबर भी मुहैया कराया और उन लोगों के भी फोन नंबर लिए तहसीलदार ने बताया कि बाढ़ आने से पहले ही इन गांवों का दौरा करके उनकी समस्याएं सुन एवं देख ली गई है जिससे यहां पर जो आषाढ़ी में बाढ़ चौकी है उसका भी मुआयना किया गया उस पर बाढ की सारी सहायता सामग्री उपलब्ध करा दी जाएगी जिससे इस बार बाढ पीडितो को तुरन्त सहायता उपलब्ध कराई जाय जिससे बाढ पीड़ितो को कोई भी विशेष कठिनाई न उठानी पड़े।

# क्रिकेट टूर्नामेंट मुकाबलें में साईं बाबा हॉस्पिटल मितौली विजय

**लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्दीकी इलेवन ने 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी**

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**



कस्बे में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। साईं बाबा हॉस्पिटल मितौली की टीम ने फाइनल मुकाबला 12 रन से जीत लिया है। सिद्दीकी इलेवन मितौली बनी उपविजेता टीम। सिद्दीकी इलेवन के जोबन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

कस्बे के खेल मैदान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिद्दीकी इलेवन मितौली व साईं बाबा हॉस्पिटल टीम मितौली के मध्य 16-16 ओवर का फाइनल मैच खेला गया। सिद्दीकी इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई बाबा हॉस्पिटल की टीम ने 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए। साईं बाबा हॉस्पिटल की टीम से तौफीक ने 39 रन, रोहित ने 26 रन, विशाल ने 20 रन, अभिजीत ने 25 रन बनाए। वही सिद्दीकी इलेवन की और से शानदार बोलिंग करते हुए पुनीत ने 4 विकेट, जमशेद ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्दीकी इलेवन ने 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 133 रन ही बना सकी। सिद्दीकी इलेवन की और से शोएब ने 34 रन, शीबू ने 24 रन, सरफराज ने 13 रन, अरशद ने 12 रन, जोबन ने 7 रन बनाया। वही साईं बाबा हॉस्पिटल टीम के तौफीक ने 4 विकेट, अभिजीत, सत्यम व सौरभ ने एक-एक विकेट लिया। साईं बाबा हॉस्पिटल टीम ने सिद्दीकी इलेवन को 12 रन से हराकर फाश्री रामलीला मैदान पर कलर बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोई जा रही भट्टे की मिट्टी

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पसगवॉ कोतवाली की चौकी जंग बहादुरगंज के अंतर्गत जलालपुर पेट्रोल पंप के पास मानक विहीन तरीके से जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन जोरो शोरो से हो रहा है। मिट्टी को जंग बहादुर गंज के गर्ग भट्टे पर कृषि कार्य में प्रयोग होने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों से ले जाया जा रहा है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा कई बार पसगवॉ थाने पर दी जा चुकी है? जिसके बावजूद पुलिस ने अभी तक इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का क्षेत्र में व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो ही रही है, वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जानकारी के अनुसार खेती-किसानी का काम करने वाले किसानों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदने पर शासन ने उन्हें कर मुक्त रखा है। अगर कोई व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीद कर उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली का अलग-अलग पंजीयन कराना होता है। इसके लिए परिवहन विभाग में बतौर पंजीयन राशि जमा करवाना होती है। संबंधित व्यक्ति को प्रत्येक दो साल बाद पंजीयन का रिन्युअल कराना भी आवश्यक है। लेकिन इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का कृषि कार्य में कम व्यावसायिक उपयोग ज्यादा हो रहा है।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> दो पक्षों का सरकारी जमीन को लेकर विवाद हो गया था जिसमे दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरू कर दी गई है।
> प्रभारी निरीक्षक, राजेश कुमार, थाना मैलानी

भाजपा मंडल मंत्री आसमा बानो के धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने जहाँ एक पक्ष के विरुद्ध धारा कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी थाना मैलानी में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि 21 जून को भाजपा मंडल मंत्री आसमा बानो के मुताबिक कब्रिस्तान के निकट सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर शिकायत करने पर विपक्षियों ने उनको और उनके पुत्र के साथ मारपीट की । घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के द्वारा मुकदमा ना लिखने से क्षुब्ध होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चैयरपर्सन पति भवानी शंकर माहेश्वरी के नेतृत्व में धरने पर थाने के सामने बैठ गए जिसकी सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी गोला अजेंद्र यादव और तहसीलदार गोला सुखबीर सिंह मौके पर पहुँचकर भाजपा नेता भवानी शंकर माहेश्वरी को समझाने का प्रयास किया। विपक्षी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत के आश्वासन के बाद ही मामले को शांत किया गया तब जाकर धरने का समापन हुआ । उसके बाद पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही को आगे बढ़ते हुए दूसरे पक्ष की चाँद बी पुत्री मो0 एजाज खान की तहरीर के आधार पर आबाद खान पुत्र अहमद शेर ,आसमा बानो पत्नी आबाद खान, फरहान खान पुत्र आबाद खान,मन्ना पुत्र अहमद शेर खान पर धमकी देने समेत कई धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जाँच शुरू कर दी है।

# गांव में गुपचुप तरीके से की गई सोशल ऑडिट टीम



**गोला खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- पोल खुलने के डर से किसी को नहीं दी जानकारी निभाई औपचारिकता

जिम्मेदारों की लापरवाही से सोशल ऑडिट मखौल बनकर रह गया है। बांकेगंज ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैठिया में सोमवार को हुई सोशल आडिट के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। सोशल आडिट के दौरान ग्राम पंचायत की खुली बैठक की मुनादी न होने से ग्रामीणों को मनरेगा योजना सहित अन्य विकास कार्यों की जानकारी नहीं हो सकी।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य और पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट कराई जाती है। ताकि जनसामान्य में जागरूकता आ सके। परंतु बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में कारगर सिद्ध नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट के लिए टीम को तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत के अभिलेख ब्लाक मुख्यालय से मिल जाते हैं। इन अभिलेखों का मिलान खुली बैठक की तिथि से दो दिन पूर्व गांव आकर टीम को करना होता है साथ ही इसकी मुनादी भी कराई जाती है। निर्धारित तिथि पर सोशल आडिट के दौरान गांव में खुली बैठक बुलाकर मनरेगा कार्यों व आवासों का सत्यापन किया जाता है। परंतु भैठिया गांव में सोशल आडिट के लिए मुनादी नहीं कराई गई। इससे ग्रामीणों को खुली बैठक की जानकारी ही नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान ने गांव में हुए विकास कार्यों की पोल खुलने के डर से ऑडिट टीम के साथ सांठगांठ कर सोमवार को पंचायत भवन में अपने चहेते लोगों को बुलाकर गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट की औपचारिकता पूरी कर ली। गांव के अधिकांश ग्रामीणों ने बताया कि बैठक के बारे में किसी को नहीं बताया गया व गांव में कोई भी मुनादी नहीं कराई गई, जिससे जानकारी नहीं मिल सकी और न ही विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया गया। सोशल ऑडिटर ने गांव में गुपचुप तरीके से हुई सोशल ऑडिट के विषय में विवरण देने से इन्कार कर दिया।

वही सोशल ऑडिट में ऑडिटर अरविंद श्रीवास्तव द्वारा कार्यवाही रजिस्टर में पहले से ही कुछ लोगों के हस्ताक्षर कर लिए गए थे जिसमे कार्यवाही बाद में मनवाने तरीके से भरी जा सके जिसकी आपत्ति को लेकर कुछ लोगो ने नाराजगी जताई और रजिस्टर के पन्ने को पलट कर दिखाने की बात कही तो सोशल आडिट टीम में बैठे ऑडिटर ने रजिस्टर का बना पलट कर दिखाना भी मुनासिब नहीं समझा अब ऐसे में सरकार की परिदर्शिता को बनाए रखने की यह युक्ति आम जनमानस के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है आखिर सोशल आडिट टीम कार्यवाही की परिदर्शिता को सार्वजनिक क्यो नही करते कार्यवाही रजिस्टर को सोशल ऑडिटर चपटे नजर आए तमाम ऐसे सवालों के साथ सोशल ऑडिट चर्चा का विषय बनी हुई है।

# डॉ. मंजुला बरतरिया बनी अ.भा.क. महासभा की जिलाध्यक्ष



- युवा अध्यक्ष सुधाकर लाला, महिला अध्यक्ष स्मिता सिन्हा व सुनील सक्सेना बने विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कायस्थ समाज की एकता एवं उत्थान के लिए लगभग 3 दशकों से कायस्थ सेवा मे सक्रिय लखीमपुर की डा. मंजुला बरतरिया को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की कोर कमेटी द्वारा कार्यकारणी बैठक मे संरक्षिका नगर पालिका अध्यक्ष डा. ईरा श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति मे सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही युवा अध्यक्ष सुधाकर लाला, महिला अध्यक्ष स्मिता सिन्हा, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील सक्सेना बने। बताते चले नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा मंजुला बरतरिया अनेक सामजिक संस्थाओ एवं समूहों से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़ कर मानवीयता का प्रदीप्त दीप प्रज्वलित कर रही है साथ ही कायस्थ संगठनों मे अपना योगदान दे रही है।

मनोनयन के बाद बोली नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कायस्थ एकता, विकास, एवं भगवान चित्रगुप्त महिमा प्रसार के प्रति है कृत संकल्पित है महासभा कार्यकारणी की बैठक मे निवर्तमान जिलाध्यक्ष नीरज सक्सेना, संरक्षक ज्ञानेंद्र सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री सौरभ सिन्हा, अमित श्रीवास्तव, राजकुमार सक्सेना, विश्वास श्रीवास्तव,संजय रायजादा, विनय श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव,डा अंजीत सिंह,नमिता श्रीवास्तव, सरोज रायजादा, शशि सक्सेना, नंदिता सक्सेना , मीना पंडिया, प्रशांत लाला,वरुण श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थिति रहे।



# बिरला ने की जिला क्षयरोग केंद्र पर पानी की व्यवस्था

**रायबरेली।** जिला चिकित्सालय परिसर के अंतर्गत जिला क्षयरोग केंद्र आरओ वाटर कूलर प्लांट लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉ वीरेंद्र सिंह ने इस करके सराहना की आज के समाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम (सी. यस. आर. के अंतर्गत आज जिला अस्पताल परिसर में सामुदायिक प्याऊ का लोकार्पण संयुक्त रूप से बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड, रायबरेली के यूनिट हेड बिपल्ब बोस, जिला क्षय रोग अधिकारी अनुपम सिंह एवं उप जिला क्षय रोग अधिकारी श्री सम्स रिजवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के सभी कर्मचारी सहित बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड रायबरेली के एचआर हेड राघवेन्द्र सिंह बैस, विक्रांत, प्रभारी टीबी कर्मचारी यूनियन विकास बाजपेई,ऋषिकेश त्रिपाठी, राजीव सिंह मनीष श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय-7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान हर व्यक्ति की समस्या सुनी।

समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहींभटकना न पड़े। बार बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगो, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे अमेठी, कानपुर देहात, बदायुं अम्बेडकरनगर, बरेली, कुशीनगर, ललितपुर, बांदा, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, प्रयागराज, पीलीभीत, गोण्डा, बस्ती, श्रावस्ती, सीतापुर हमीरपुर, पीलीभीत, महोबा, हरदोई, कानपुर नगर, अमरोहा, मुजफ्फरनगर, हरदोई, लखीमपुर, प्रतापगढ़ मैनपुरी सहित लगभग 3 दर्जन जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत अमेठी, कानपुर देहात, अम्बेडकर नगर, बरेली, कुशीनगर, ललितपुर, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, प्रयागराज, पीलीभीत के डीएम, बदायूं, हाथरस व बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक व जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा चकबंदी आयुक्त, एम डी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम, एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण नि., खाद्य आयुक्त, आवास आयुक्त सहित शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की।



डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्याएं

## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी मोदी सरकार

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नरेंद्र मोदी को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में मोदी सरकार देश व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी नरेंद्र मोदी को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं दी हैं।

# जल्द ही अस्तित्व में आयेगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

शाहजहांपुर में विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है।

आवास विभाग के अधिकारियों के साथ सोमवार को हुयी बैठक में श्री योगी ने कहा कि हाल के वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है।



सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं है अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा करायें और सदुपयोग किया जाए, साथ ही कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों के तेजी लाई जाए। योगी ने कहा कि होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है।

## खबरें एक नजर में

### एमएलसी की एक सीट के लिए नामांकन आज से

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के त्यागपत्र देने से रिक्त विधान परिषद की सीट के उपचुनाव के लिए कल मंगलवार से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन पत्र दो जुलाई तक भरे जा सकेंगे। यह सीट विधानसभा क्षेत्र कोटे की है। इसमें विधानसभा के सदस्य वोट डालते हैं। विधायकों के संख्याबल के हिसाब से यह सीट भाजपा के खाते में जानी तय है स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के साथ ही 20 फरवरी को विधान परिषद की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया था। उनका कार्यकाल छह जुलाई 2028 तक था। रिक्त सीट के उपचुनाव की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो रही है। दो जुलाई तक नामांकन पत्र भरने के बाद तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। पांच जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। मतदान 12 जुलाई को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। शाम पांच बजे से मतगणना होगी। इस समय विधानसभा में भाजपा के अकेले 249 विधायक हैं जबकि सपा के 103 हैं। भाजपा की सहयोगी अपना दल सोनेलाल के 13, रालोद के आठ, निषाद पार्टी के पांच व सुभासपा के छह सदस्य हैं। सपा की सहयोगी कांग्रेस के मात्र दो विधायक हैं। इस उपचुनाव में भाजपा की जीत तय है। सपा अपना उम्मीदवार उतारेगी या नहीं इसको लेकर संशय है। चर्चा है कि विधायक संख्या को देखते हुए सपा अपना उम्मीदवार न उतारे।

### नगर निगम कर्मियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** राजधानी के नगर निगम कर्मचारियों में जलकर और सीवर कर से मुक्त न किये जाने पर आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि तीन साल पहले इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित हुआ था बावजूद अभी तक कर्मचारियों को सीवर कर और जलकर से मुक्त नहीं किया गया। सोमवार को नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में अध्यक्ष आनंद कुमार वर्मा और महामंत्री राम अचल वर्मा ने नगर निगम कर्मचारियों के हित में पूर्व पारित प्रस्ताव को लागू करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि फरवरी 2019 में कर्मचारियों को सीवर कर और जलकर से मुक्त करने का प्रस्ताव पास किया गया था। इसके बाद स्थानीय कर्मचारियों ने अपने-अपने जोनल अधिकारियों को इस संबंध में लगातार पत्राचार किया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में दोनों नेताओं ने बताया कि इस मामले में आदेश जारी न करने पर कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यदि शीघ्र इस दिशा में निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा।

### 25 महिलाओं को संस्था ने बांटे प्रमाण-पत्र

**लखनऊ।** लखनऊ में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए उम्मीद संस्था की तरफ से खास पहल की गई। 24 युवतियों-महिलाओं को भिक्षावृत्ति से अलग कर उन्हें 45 दिन की ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेनिंग दी गई। सोमवार को प्रमाण पत्र बांटा गया। यह प्रशिक्षण भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के सहयोग से किया गया। सभी महिलाओं को इनोवेटिव केयर संस्थान के माध्यम से गोमती नगर, लखनऊ में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ट्रेनिंग हासिल करने वाली 25 महिलाओं को इनोवेटिव केयर संस्थान ने अनुबंधित कर लिया है। ये सभी महिलाएं लखनऊ के नगराम, चिनहट, तकिया, डिगडिगा क्षेत्र की रहने वाली हैं। जो पहले भिक्षावृति से जुडीं थीं। इस मौके पर भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के एजीएम सुनोज कुमार रंजन, इनोवेटिव केयर संस्थान की संस्थापक अनुराधा गुप्ता एवं उम्मीद संस्था की पदाधिकारीगण जिसमे मुख्य रूप से उषा अवस्थी, बलबीर सिंह मान व आराधना सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को मुख्यधारा में लाने का काम किया गया है।

### कुर्बानी के नाम पर मौलाना से ठगी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक मौलान से ठगी हुई। कुर्बानी के नाम पर 42 हजार रूपए का जानवर खरीदवाया। 14 हजार रूपए ट्रांसफर भी करा लिए। मौलान ने आज साइबर सेल में शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोमती नगर के रहने वाले जहीर अब्बास वारसिया मदरसा के मौलाना है। उन्होंने बताया कि 15 जून को मुंबई से उनके पास शब्बीर मकवाना नाम के शख्स का फोन आया। उसने 2 जानवरों की कुर्बानी करने की मौलाना से अपील की। मौलाना ने 17 जून को कुर्बानी के त्योहार के दिन 42 हजार के 2 जानवर खरीदे और कुर्बानी कर दिया। आरोपी शब्बीर मकवाना ने जहीर अब्बास के व्हाट्सअप पर एक स्क्रीनशॉट भेजा। जिसमें 56 हजार रूपए ट्रांसफर बताया गया था। मौलान के पास उसने तुरंत फोन कर कहा कि हमने गलती से आपको 42 की बजाय 56 हजार भेज दिए हैं। आप हमें जो पैसे ज्यादा गए हैं वापस कर दीजिए। मौलान ने मदरसा का अकाउंट चेक करने की बजाय स्क्रीनशॉट पर भरोसा किया और 14 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब अकाउंट चेक किया तो पता चला कि खाते में कोई पैसे नहीं आए हैं। जो स्क्रीनशॉट भेजा गया था वो फेक था। मौलान ने शब्बीर मकवाना से संपर्क करने का प्रयास किया। उसका फोन बंद था, कई दिनों के इंतजार के बाद मौलाना ने आज साइबर सेल में शिकायक की।

### ईद-ए-गदीर आज

**लखनऊ।** राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव सैयद मौलाना अली हुसैन कुमी रिजवी के नेतृत्व में ईद ए गदीर मनाई जाएगी और ईद ए गदीर की नमाज मौलाना शहाब हुसैन के नेतृत्व में बड़ा इमाम बाड़ा आसिफी मस्जिद में होगी। यह जानकारी सर्वजन सेवा पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष आमिर कुरेशी ने दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारे मौलाना साहब जाति और राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना लोगों का विशेष ख्याल रखते हैं, वह हर परिस्थिति में साथ खड़े रहते हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हों। मौलाना ने आमिर कुरैशी को धन्यवाद देते हुवे कहा कि जिस चीज ने गदीर कार्यक्रम को यादगार बनाया और इसकी वास्तविकता साबित की वह इस दिन को ईद घोषित करना है। गदीर के दिन, ईद मनाई जाती है, और इसके दिन और रात में गरीबों के साथ इबादत, विनम्रता, उत्सव और अच्छे कर्म होते हैं, साथ ही पारिवारिक मुलाकातें होती हैं, और विश्वासी इस उत्सव में अच्छे कपड़े पहनते हैं और खुद को सजाते हैं।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये होम-स्टे का दिया गया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

229 गांवों के लोगों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षित किया जायेगा : जयवीर

यूआई पर्यटन विभाग के सौजन्य से काशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान, लखनऊ में गत 19 जून से 23 जून तक होम स्टे प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पीलीभीत, गाजियाबाद, मेरठ और प्रयागराज के 28 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों को सीतापुर स्थित विंटेज विलेज का भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं के ज्ञान और कौशल में वृद्धि लाना है। होम-स्टे सेक्टर में आमदनी की बेहतर संभावनायें हैं।

युवा घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों को अच्छी सुविधा देकर उन्हें ग्रामीण पर्यटन के लिए आकर्षित कर सकें। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 05 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को होम स्टे से जुड़े नियम-कानून के बारे में जागरूक करना, ग्रामीण परिवेश में रहकर भी होम-स्टे को प्रभावी ढंग से संचालित करने, बेहतर ढंग से सुसज्जित करना, कम्युनिकेशन, मार्केटिंग, एकाउंटेंसी के बुनियादी कौशल, स्थानीय व्यंजनों, हस्तशिल्प, कलाकृति, स्थानीय तीज-त्योहारों के बारे में जानकारी, बेहतर आतिथ्य सेवा, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करना आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिससे कि लाभार्थी कुशलतापूर्वक अपने होम-स्टे का संचालन कर आगंतुकों को यादगार अनुभव प्रदान कर सकें। इन चयनित गांवों को पर्यटन गांवों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां ठहरने की व्यवस्था स्थानीय समुदाय द्वारा होमस्टे के रूप में प्रदान की जाएगी। जो स्थानीय भ्रमण, स्थानीय व्यंजन, लोक गीत-नृत्य, स्थानीय सांस्कृतिक एवं परंपराओं का अनुभव प्रदान करेंगे। इस ट्रेनिंग मोड्यूल में थ्योरी के साथ प्रशिक्षणार्थियों को हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस भी दिया गया।



इसी क्रम में प्रशिक्षणार्थियों को सीतापुर स्थित विंटेज विलेज में एक्सपोजर विजिट भी कराया गया, जिससे सभी प्रतिभागी संतुष्ट रहे और उन्हें विंटेज विलेज मॉडल देखकर एक अलग अनुभव मिला, जिससे वो अपने होम-स्टे को मूर्त-रूप देते हुए कुशलता से संचालित कर सकते हैं। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के साथ अध्ययन सामग्री, समूह फोटो और किट प्रदान की गयी और प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन भी किया गया।

पीलीभीत से आए विजय मंडल ने बताया की इस ट्रेनिंग से उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है, जिसे वो अपने होम-स्टे के संचालन में ध्यान रखेंगे। श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज से आए अमित द्विवेदी ने बताया की ट्रेनिंग बहुत उपयोगी रही। हर्ष यादव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

# छत्तीसगढ़ की घटना चिंताजनक, निर्दोषों की तत्काल रिहाई हो : मायावती

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** छत्तीसगढ़ में सतनामी आस्था के केंद्र अमर गुफा में असमाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की घटना की भर्त्सना करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने निर्दोषों की तत्काल रिहाई और शरारती तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि जय स्तंभ को काट कर फेंकना अति चिंताजनक है और जब सतनामी समाज के लोगों ने इस बारे में सीबीआई जांच की मांग की तो उन्हे ही आरोपी बना दिया गया। उनकी मांग है कि निर्दोषों की तत्काल रिहाई दोषियों की पहचान कर उन्हे उनके कृत्य की सजा दी जाये। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया कि छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के आस्था के केन्द्र गिरौदपुरी से लगा हुआ अमर गुफा में असामाजिक तत्वों के द्वारा परमपूज्य बाबा गुरूघासी दास जी के जय स्तंभ को काटकर फेक दिया जाना अति-चिन्ताजनक है। गौरतलब है कि कि बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना को लेकर भी पुलिस ने कई आरोपियों को हिरासत में लिया हालांकि विपक्ष का कहना है कि छत्तीसगढ़ पुलिस बेगुनाहों पर कार्रवाई कर रही है।



# लखनऊ के अकबर नगर जैसा ही अबरार नगर में अवैध निर्माण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ के अकबर नगर जैसा ही अबरार नगर में अवैध निर्माण है। कुकरैल नदी की जमीन पर कहीं प्लाटिंग की गयी है तो सैकड़ों मकान भी बनाये गये हैं। हाल यह है कि दूसरे स्थानों से आये लोगों को झोपड़ी में बसाकर उनसे किराया तक वसूला जा रहा है।

कुकरैल नदी जिसे आजकल कुकरैल नाला कहा जाता है, उसके बांयी ओर अबरार नगर बसा हुआ है। वहीं दांयी ओर कुकरैल का जंगल है। खुर्रम नगर पुलिस चौकी से कुकरैल जंगल की ओर बढ़ने पर नदी किनारे अबरार नगर दिखायी पड़ता है। यह अबरार नगर अस्सी से नब्बे के दशक में बसता चला गया। आज इसकी सूरत ऐसी है, जैसे भूलभुलैया में चले गये है। जिसे जहां जमीन मिली, वहीं बेची और लोगों ने खरीदी। बेचने वाले भूल गये कि कुकरैल नदी की जमीन बेची जा रही है। अबरार नगर के रहने वाले मोहम्मद सैफुद्दीन ने कहा कि अकबर नगर के टूटने के बाद अबरार नगर को गिराने की रोजाना खबरें छप रही है। जिससे बड़ा डर लगता है। कही उनके मकान चिन्हित न हो जाये और कल उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान लेकर रहना पड़े। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वह अपने परिवार में अकेले कमाने वाले हैं। ऐसे में मकान भी हाथ से चला जायेगा तो उनका पूरा परिवार कैसे और किस हाल में रहेगा। सरकार बतायें वह क्या करें। उनके परिवार में दस सदस्य है। जो मकान मिलेगा भी तो आधे लोग भी वहां नहीं रह पायेंगे। सरकार उन्हें और उनके लोगों को सहूलियत दे और कोई कार्रवाई न करे। तभी एक बार फिर से यह सरकार आयेगी, नहीं तो ऊपर वाला ही मालिक है। कुकरैल नदी की जमीन पर बसाये गये झोपड़ी में रहने वाली गोरखपुर जनपद की निवासी कलौता ने बताया कि आज दो दिन से यहां सरकारी अधिकारी दौड़ लगा रहे हैं। उनके मंसूबे तो हम लोगों पता ही है, लेकिन झोपड़ पट्टी वाला यह क्षेत्र कुकरैल नाला अर्थात कुकरैल नदी से सौ मीटर की दूरी पर है। वह यहां अपने परिवार के साथ रहती है। फल बेचकर गुजारा करती है। उन्होंने बताया कि सरकार नदी की जमीन खाली कराये, ये अच्छी बात है। गरीब को न उजाड़े। जो लोग नदी की जमीन पर कब्जा किये हुए हैं, उन्हें तो जरुर ही उजाड़ देना चाहिए। गलत काम का गलत नतीजा होता है।



जिसे जहां जमीन मिली, वहीं बेची और लोगों ने खरीदी, बेचने वाले भूल गये कि कुकरैल नदी की जमीन बेची जा रही

# अकबर नगर से बसंतकुंज विस्थापितों के लिए रोजगार के प्रयास : कमिश्नर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अकबरनगर से बसंतकुंज योजना में शिफ्ट हुए लोगों के लिए प्रशासन रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा। इसके साथ ही बसंतकुंज तक बसें चलाए जाने की तैयारी है। जिससे लोग आसानी से शहर आ-जा सकें। सोमवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। इसमें तय किया गया कि अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से यहां के लोगों का लाभ दिया जाएगा।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अकबर नगर से बसंतकुंज योजना में विस्थापित किए गए लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर डूडा से सर्वे कराया जाएगा। वेंडरो को स्वानिधि योजना से जोड़ने की पहल होगी। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें मुद्रा योजना, हथकरघा,डूडा व श्रम विभाग द्वारा कैंप लगाकर कुशल श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन भी कराया जाना सुनिश्चित कराने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वरोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि विभिन्न योजनाओं से इनको प्राथमिकता के आधार पर जोड़ते हुए प्रशिक्षण कराया जाएगा। इससे कि उनको काम मिल सके। अकबरनगर में रहने वाले 70 फीसदी से ज्यादा लोगों का रोजगार भी वहीं पर था। ऐसे में बुलडोजर चलने के बाद उनकी रोजी-रोटी पर भी संकट आ गया है।

उन्होंने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा कि उनके परिवहन के लिए सिटी बस संचालित करवाई जाए, जिसके लिए उपयुक्त स्थान पर बस स्टॉप बनवाया जाए। बस संचालन की समय सारणी भी बस स्टॉप पर अंकित किया जाए। इसके अलावा योजना में आबादी को ध्यान रखते हुए दुकानों का निर्माण करवाया जाए, जिससे कि लोगों को रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए दूर न जाना पड़े और रोजगार के साधन भी सृजित हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना में मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, कारपेंटर आदि कुशल श्रमिक भी रहते हैं। उन सभी के रोजगार के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्राथमिकता पर तैयार किया जाए।



# पुलिस ने 111 लापता मोबाइल उनके स्वामियों को लौटाए

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की सर्विलांस टीम ने सोमवार को 111 लापता मोबाइल उनके स्वामियों तक पहुंचाये हैं। इन मोबाइलों की कीमत पच्चीस लाख 50 हजार रुपये आंकी गयी है।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्वी जोन के सभी थानों में मोबाइल खोने की तमाम शिकायतें दर्ज थी। इसका संज्ञान लेकर सर्विलांस टीम की मदद से सभी खोए मोबाइलों की तलाश शुरू कर दी। टीम की कड़ी मेहनत से कुल 111 खोए मोबाइलों को बरामद कर लिया गया है। सोमवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन कार्यालय में स्वामियों को बुलाकर उनके खोए हुए मोबाइल लौटाये गये। कुछ लोगों ने कहा कि उन्होंने यह उम्मीद खो दी थी कि अब उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल सकेगा। लेकिन सर्विलांस सेल के अथक प्रयास से यह हुआ और हम लखनऊ कमिश्नरेट टीम का आभार प्रकट करते हैं।



## धूम-धाम से मनाई गई पंजाब एंड सिंध बैंक की 117वीं वर्षगांठ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पंजाब एंड सिंध बैंक की 117 वीं वर्षगांठ पर राजाजीपुरम शाखा में विशेष समारोह आयोजित किया गया। शाखा को सजाया गया और मिष्ठान वितरण भी हुआ। इस मौके पर हुए आयोजन में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हेमा मूलचंदानी ने क्षेत्रीय पार्षद गौरी सावरिया और पूर्व पार्षद शिव पाल सांवरिया को सम्मानित किया। ग्राहकों को बैंक द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अरुण कुमार मोदी, प्रदीप कुमार खंडेलवाल, अंकिता, करिश्मा, वीरेंद्र और राम रतन आदि भी मौजूद रहे।

**पड़ताल** — लोकसभा विस्तारकों ने प्रदेश नेतृत्व को सौंपी अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट

# कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता व आपसी तालमेल के अभाव में हारी भाजपा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार को लोकसभा व विधानसभा के विस्तारकों की बैठक संपन्न हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने अलग-अलग सत्रों में विस्तारकों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में पार्टी के हार के कारणों की पड़ताल की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा विस्तारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह विदाई नहीं है। लोकसभा चुनाव की भूमिका समाप्त हुई है। आगामी जिम्मेदारी की तैयारी है। इस बैठक में अवध,गोरखपुर व काशी क्षेत्र के लोकसभा व विधानसभा विस्तारक बुलाये गये थे। जबकि पश्चिम, ब्रज एवं कानपुर क्षेत्र के लोकसभा, विधानसभा के विस्तारकों की बैठक हापुड़ में दो दिन पहले संपन्न हो चुकी है।




बैठक में लोकसभावार समीक्षा की गयी और विस्तारकों से इस संबंध में पूछताछ की गयी। अधिकांश लोकसभा व विधानसभा विस्तारकों ने पार्टी नेताओं में आपसी तालमेल का अभाव व बूथस्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता को हार की मुख्य वजह बतायी है। कई लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी व विधायकों के बीच सामंजस्य न होने के कारण भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। कुछ जिलों में भाजपा की जिला टीम के साथ प्रत्याशी का तालमेल नहीं बैठ पाया जिसके कारण प्रचार अभियान भी गति नहीं पकड़ सका। पार्टी की ओर से जो बूथ समिति व पन्ना समिति बनी थी, वह भी निष्क्रिय रही। इसके अलावा बूथस्तर पर मतदान के दिन वोटरों को निकालने का काम नहीं हुआ। परिणामस्वरूप मतदान कम हुआ, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। कई लोकसभा सीटें भाजपा को अतिआत्मविश्वास के कारण भी गंवानी पड़ी। बैठक में लोकसभा विस्तारक योजना के प्रमुख बृजबहादुर पाठक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा,गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध खनन की शिकायत पर एसडीएम ने की कार्रवाई

डम्फर सीज, जेसीबी चालक मशीन लेकर फरार

मलिहाबाद-लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी सुर्यपाल गंगवार के निर्देश पर क्षेत्र में सक्रिय अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाकर उपजिलाधिकारी मलिहाबाद सौरभ सिंह कार्यवाई की। एसडीएम की कार्यवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगड़ा के मजरे पिपरघाट में रॉयल्टी के आड़ में बड़े पैपने पर अवैध तरीके से मिट्टी बेचने का काम चल रहा था। जिसके शिकायत लगातार ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। जिसका संज्ञान लेकर सोमवार को साम 5.बजे के करीब उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह ने अपनी टीम के साथ खनन स्थल का औचक निरीक्षण किया।नियम विरुद्ध मिले खनन पर कार्यवाई की।



ग्राम पंचायत बेलगड़ा के मजरे पिपरघाट में एसडीएम ने निरीक्षण किया। जिसमें सभी गाटो की पैमाइश करायी। जांच में पाया कि ई रवन्ना से अधिक खनन किया गया। मौके पर मिले एक डम्फर को सीज कर ठोका जुर्माना। क्षेत्र में टीम घुसते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया। उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह का कहना है कि तहसील क्षेत्र में जंहा भी कोई अवैध खनन की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है। उपजिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीणों की शिकायत प्राप्त होने पर सोमवार को ग्राम पंचायत बेलगड़ा के मजरे पिपरघाट में अवैध खनन की कार्यवाही की गयी है। इस क्षेत्र में अवैध खनन वाले ठेकेदार को बख्शा नही जाएगा उस पर तत्काल कार्यवाही हेतु रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है।जिससे जुर्माना वसूला जाएगा कोई भी अवैध कर्ता सरकारी भूमि में अवैध खनन करते मौके पर पाया जाता है तो उस पर मुगदमा भी दर्ज किया जाएगा। अवैध खनन की इस कार्यवाही में उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह निरीक्षक गौरी शंकर यादव, कानूनगो सहित राजस्व व खनन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान खरीफ गोष्ठी में करें प्रतिभाग: मण्डलायुक्त

- अधिकारी अधिक से अधिक किसानों को दिलायें खरीफ गोष्ठी का लाभ: मण्डलायुक्त
- मंडलायुक्त ने की मण्डलीय खरीफ गोष्ठी की तैयारी की समीक्षा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

देवीपाटन मंडल के मण्डलायुक्त ने अयोध्या में होने वाली मंडलीय खरीफ गोष्ठी को लेकर मंडल के सभी कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, विद्युत, सिंचाई विभाग मत्स्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियो के साथ मण्डलायुक्त सभागार में बैठक की। बैठक में सभी अधिकारियों के साथ खरीफ गोष्ठी की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि से संबंधित समस्याओं एवं सुझाव पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों को कृषि से संबंधित समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से बारी-बारी से खरीफ गोष्ठी को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। सभी संबंधित अधिकारी गोष्ठी में समय से पहुंचे। मंडलीय खरीफ गोष्ठी आगामी 26 जून को 10.30 बजे कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या (फैजाबाद) में आयोजित होगी।

मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024 में विभागों द्वारा अपने- अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मण्डलायुक्त ने कृषकों से भी आव्हान किया है कि गोष्ठी में प्रतिभाग जरूर करें ताकि नवीन जानकारियां एवं वैज्ञानिकों द्वारा बताई जा रही नई-नई तकनीकों को खेती किसानी में आत्मसात कर कृषि को और लाभदायक बनाया जा सके। गोष्ठी में कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से नई तकनीकों व नए उपकरण संबंधित जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। इन नई-नई तकनीक के द्वारा किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं सरकार द्वारा किसानों के आय बढ़ाने के लगातार प्रयास किया जा रहे है अतः अयोध्या में होने वाली गोष्ठी में प्रतिभाग कर अपनी आमदनी को बढ़ाने के विषय में जानकारी जरूर प्राप्त करें।

## हाईवे के बगल खेत में मिला अधेड़ का शव

**कर्नलगंज/गोण्डा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोंडा-लखनऊ हाइवे के बगल कुछ ही दूरी पर एक अधेड़ का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम जंगिरगंवा स्थित गोंडा-लखनऊ हाइवे के बगल खेत में लगे बबूल के पेड़ में रामफेरे लोध उम्र 60 वर्ष का शव धोती के फंदे से लटकता देखा गया। बताया जा रहा है कि रामफेरे अपने पैतृक घर पर कम बल्कि अक्सर अपने लड़की के घर पर रहता था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पूछताछ के बाद विधिक कार्यवाही में जुट गई।

# आज से पर्यटकों के लिए बंद हो जाएगा कतर्नियाघाट

- इस साल पर्यटकों से हुई 16 लाख रुपये की आमदनी: बी शिव कुमार




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नौ महीने गुलजार रहने वाला कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग आज से बंद हो रहा है। इस बार 16 हजार से भी ज्यादा देसी और विदेशी पर्यटकों ने कतर्नियाघाट में विचरण कर रहे वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक वास में निहारा। इसके अलावा गेरूआ नदी में अठखेलियां कर रही गंगा डॉल्फिन को देखा।कतर्नियाघाट जैवविविधता की दृष्टि से काफी समृद्ध है, इसलिए यहां पर जलचर, थलचर और विभिन्न प्रकार के वन्यजीव पाए जाते हैं।

कतर्नियाघाट के बीच में बहने वाली गेरूआ नदी में 70 डॉल्फिन के साथ-साथ बहुतायत में घड़ियाल और मगर भी पाए जाते हैं। इन्?हें देखने के लिए पर्यटक नौकाविहार करते हैं। इसी तरह कछुओं के मामले में उत्तर प्रदेश में मौजूद 15 प्रजातियों में से सर्वाधिक 11 प्रजातियां अकेले कतर्नियाघाट इलाके के सरयू नदी में पाई गई हैं।यहां पर उत्तर प्रदेश सरकार का राजकीय पशु बारासिंघा सहित हिरण की 5 प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां लगभग 7 हजार हिरण यहां के जंगल में विचरण करते आसानी से देखे जा सकते हैं। कतर्नियाघाट में पाए जाने वाले हाथियों की गणना नहीं हुई है क्योंकि यह अक्सर नेपाल के जंगलों तक विचरण करते रहते हैं। लेकिन एक अनुमान के अनुसार, 150 से 200 हाथी भी यहां गिने गए हैं।हाल में हुई गिनती में पता चला है कि यहां 59 बाघ हैं। इसी तरह तेंदुए जंगल और ग्रामीण आबादी में रहने वाले तेंदुओं की संख्या 56 है। इतनी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले वन्?यजीवों को देखने के लिए पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं।यहां पर लगभग दुर्लभ हो चुके गिद्ध भी आसानी से देखे जा सकते हैं। कतर्नियाघाट इलाके में हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण में यह बात स्पष्ट हुई कि इस इलाके में गिद्धों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इनकी गिनती के लिए वन विभाग ने 41 टीमें बनाई थीं जिसने जीपीएस के माध्यम से टैगिंग करके तस्वीरों को एकत्रित करने का काम किया। इस अध्ययन में सर्वे में पाया गया कि तीन साल में यहां गिद्धों की संख्या नौ से बढ़कर 159 हो गई है। इस इलाके में यूरेशियन ग्रिफन, रेड हेडेड (राज गिद्ध) सेनेरियस, इजिप्शियन प्रजाति के गिद्ध पूरे वर्ष पाए जाते हैं जबकि जाड़े में यहां हिमालयन ग्रिफन भी आ जाता है।इस बार थारू संस्कृति को भी इको टूरिज़्म से जोड़ने के लिए एक अभिनव प्रयोग किया गया। थारू बाहुल्य गांव बर्दिया को इसके लिए चुना गया था। जिसमें एक डान्स ग्रुप तैयार किया गया था जो थारू लोक नृत्य के माध्यम से पर्यटकों का मनोरंजन करता था। पर्यटक जहाँ यह नृत्य देखते थे वहीं पर उनके लिए देसी थारू भोजन की भी व्यवस्था रखी गई थी। भोजन के लिए 350 रू शुल्क रखा गया था और नृत्य देखने के लिए 500 रू निर्धारित किए गए थे साथ ही एक थारू कुटिया भी बनाई गई थी जिसमें 1000 रू शुल्क देकर पर्यटक रात भी थारू गांव में गुजारी जा सकती थी। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी शिव कुमार ने बताया कि इस बार पर्यटकों से 16 लाख रुपये की आमदनी हुई है।

# मातेश्वरी जी विश्व की सर्व आत्माओं को अपना पुत्र मानती थी: ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन

## मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की मनाई गई पुण्यतिथि





**परसपुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर यज्ञ की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी का 59वीं पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहिन ने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातेश्वरी जी विश्व की शर्व आत्माओं को अपना पुत्र मानतीं थीं, मातेश्वरी जी किसी के ऊपर कभी भी क्रोध वा रोब नहीं गालिब करतीं थीं। मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी को भोग स्वीकार करा कर , श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया जहां आयें हुए भाई बहिनों को भोग स्वीकार प्रसाद बांटा गया। उक्त अवसर पर रामेंद्र नारायण सिंह, कमला प्रसाद सिंह, ओम् प्रकाश सिंह,देव नारायण पांडेय,राज बक्श पाण्डेय,अमर नाथ पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय डॉ. सुरेश चंद तिवारी,अनूप, ज्ञान चंद, रमाशंकर,सुषमा,उमा,रमा, बबिता, ममता, मुस्कान,पुनम, अनुष्का आदि उपस्थित रहीं।

# मेडिकल स्टोर पर बिना पर्चे के बेची जा रही दवाइयां, प्रशासन अनजान

- दवा बेचने का कारोबार कर रहे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले भर में मेडीकल स्टोर संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से मेडिकल स्टोरों का संचालन किया जा रहा है और लोगों को डॉक्टरों के पर्चे के बगैर दवाइयां बेची जा रही है।सूत्र बता रहे है कि कुछ हालात ऐसे है कि जिले के कई मेडीकल स्टोर तो मेडीकल की आड़ में नकली और नशीली दवाइयां भी बेच रहे है,जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है और खुलेआम नशा करके नशे के आदी बनते जा रहे है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में संचालित किए जा रहे दो सौ से अधिक मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले दवा कारोबारियों में से कई के पास तो मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है जिनके पास रजिस्ट्रेशन है उनके पास बी फार्मा डिग्री या डिग्री धारी कर्मचारी नहीं है और जिनके पास रजिस्ट्रेशन और बी फार्मा डिग्री है। उनमें से ज्यादातर मेडिकल संचालक नियम विरुद्ध तरीके से बिना डॉक्टर के पर्चे के लोगों को खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। जिससे अवैध तरीके से दवा बेचने का कारोबार कर रहे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है।

## हार्ट अटैक से युवक की मौत, कोहराम


मृतक की फाइल फोटो

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**तहसील व कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत कचनापुर में हार्ट अटैक पड़ने से विनोद कुमार सिंह उर्फ ननके भैया 42 वर्ष की आसामायिक मौत हो गई। उनकी अचानक मौत की सूचना पाकर क्षेत्र का हर व्यक्ति स्तब्ध रह गया। बताया जाता है कि अभी कुछ ही देर पहले वह अपने गांव नेपाल पुरवा से बगल के गांव गए थे और वहां लोगों से मिलकर एकदम ठीक ठाक स्थिति में अपने घर पहुंचे,जहां देखते ही देखते हार्ट अटैक पड़ने से उनकी आकस्मिक मौत हो गई। उनकी मौत की खबर के बाद उनके घर पर लोगों का तांता लग गया। विनोद के परिवार की अभी एकदम कमजोर गृहस्थी है,परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चियां व एक बच्चा है। विनोद सिंह प्रत्येक परिवार के दुःख सुख में अपना बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। विनोद की आकस्मिक मौत से उनके परिवार सहित पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया है।

# दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची की परवरिश करने में जताई असमर्थता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र की एक 15 वर्षीय पीड़िता के साथ विगत दिनों हुए गैंगरेप के चलते बालिका ने जिला महिला अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया।

नवजात शिशु के जन्म से मासूम बालिका के ऊपर असमय ही एक शिशु के पालन पोषण की जिम्मेदारी आन पड़ी, तो वह बिलख उठी और उसने व उसके माता-पिता ने इस नवजात शिशु का उत्तरदायित्व संभालने में पूरी तरह असमर्थता जताई। पीड़िता और उसके माता-पिता की ओर से संयुक्त प्रार्थना पत्र न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष देकर प्रार्थना की गयी कि वे लोग इस नवजात शिशु की जिम्मेदारी संभाल पाने में असमर्थ हैं। इस कारण इस शिशु का प्रत्यर्पण करना चाहते हैं।

पीड़िता और उनके परिवार की इस कठिन परिस्थितियों का विचारण करने के लिए यह मामला सीडब्लूसी पीठ (बेंच का मजिस्ट्रेट) के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव व सदस्यगण दीपमाला प्रधान, नवनीत मिश्रा व अर्चना पांडे के समक्ष प्रस्तुत हुआ। इस पर इनकी परिस्थितियों पर गंभीर विचार करने के उपरांत पीठ ने इनका प्रत्यर्पण प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए इस बालिका शिशु को उचित देखरेख और संरक्षण के लिए राजकीय शिशु ग्रह लखनऊ भेजे जाने का आदेश पारित किया।

# विवादित संपत्ति पर अवैध कब्जा व निर्माण कराने की शिकायत

- दबंगो के हौंसले बुलंद,डीएम ने मामले का लिया संज्ञान

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत नगर कर्नलगंज में वर्तमान में विवादित संपत्तियों पर होने वाले विवादों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कहीं नजूल भूमि का फर्जी बैनामा कराया जा रहा है,तो कहीं सरकारी की संपत्तियों पर अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है,जिसको लेकर प्रशासन की तरफ से भले ही कार्रवाई की जा रही हो, लेकिन उसके बावजूद कुछ ऐसे फर्जी कथित ठेकेदार माफिया हैं जो जानबूझकर विवादित संपत्तियों का ठेका लेकर उस पर अवैध तरीके से कब्जा व निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। कर्नलगंज नगर में कथित ठेकेदारी का काम शुरू करने वाले दो अराजक तत्व नीरज गुप्ता व निक्की गुप्ता पुत्रगण गोलू गुप्ता निवासी मोहल्ला गुड़ाही बाजार कस्बा कर्नलगंज, जिनके खिलाफ करनैलगंज क्षेत्र के नारायणपुर मांझा के सूर्यवंशम पुरवा गांव के निवासी अभिनव प्रताप सिंह ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि दोनों व्यक्ति कथित ठेकेदार तथा आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं और पूर्व में भी इनके ऊपर कई आपराधिक मामले कोतवाली करनैलगंज में दर्ज हैं,के द्वारा करनैलगंज क्षेत्र के विवादित संपत्तियों का धड़ल्ले से ठेका लिया जा रहा है और उस पर दबंगई व गुंडई करते हुए अवैध तरीके से निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। भले ही उक्त भूमि को लेकर उच्च अधिकारियों के द्वारा आदेश पारित किया गया हो,लेकिन उसे दरकिनार कर दोनों कथित ठेकेदारों के द्वारा बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायतकर्ता अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि सदर बाजार मोहल्ले में स्थित गाटा संख्या 665 जो उनके रजिस्टर्ड एग्रीमेंट की भूमि है,जिसका विवाद वर्तमान में उप जिलाधिकारी के न्यायालय पर विचाराधीन है।

उसकी जानकारी होने के बाद दोनों अराजक तत्वों के द्वारा उक्त भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कर उस पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। यही नहीं उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि वर्तमान में उक्त लोगों द्वारा नगर के कई विवादित संपत्तियों का ठेका लेकर उस पर बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने दोनों अपराधिक ठेकेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। उक्त मामले को लेकर जिलाधिकारी गोंडा ने भी संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# केटीएल कम्पनी जीएम को धमकी देने वाले गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

महसी के भाजपा विधायक के नाम पर केटीएल कम्पनी के जनरल मैनेजर को फोन कर धमकी देने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लखनऊ में केटीएल कम्पनी के जीएम ऑफिस में बैठते हैं। वर्ष भर पूर्व जीएम को फोन कर धमकी दी थी। अनुचित लाभ लेने के लिए मोबाइल से खुद को भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नाम से फोन करते हुए केटीएल कम्पनी के मैनेजर को जमकर खरी खोटी सुनाई थी। इसकी जानकारी जीएम ने विधायक को दी। जानकारी होते ही विधायक ने अज्ञात के विरुद्ध



कोतवाली नगर में बीते सप्ताह केस दर्ज कराया था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मामले का खुलासा किया।उन्होंने बताया कि फर्जी कागजात के सहारे सिम लेकर दोनों ने जीएम को फोन किया था। पुलिस और सर्विलांस टीम ने मनोज गुप्ता और आदर्श शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों प्राइवेट अस्पताल का संचालन करते हैं।

## पान की दुकान पर संचालक को पुलिस ने उठाया, चिप्पड़ बरामद

**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के इमामगंज कस्बा में पुलिस टीम ने छापेमारी की। पान की दुकान का संचालन कर रहे मोबिन नमक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान दुकान से पुलिस टीम ने चिप्पड़ (मादक पदार्थ )की खेप बरामद की। हिरासत में लिए गए व्यक्ति को पुलिस टीम अपनी गाड़ी तक ले गई। और गाड़ी में बिठाकर रस्म अदायगी के बाद उसे छोड़ दिया। इसके बाद से कस्बे में तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने थाने की पुलिस न होने की आशंका जताई। सवाल यह है कि गैर थाने की पुलिस हो या कोई अन्य टीम थाना क्षेत्र में छापेमारी करें और थाने की पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

# नाबालिग को डराने के लिए की थी फायरिंग

- आरोपी पूर्व डीजीसी की पोती पर रखता है गलत नजर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली देहात के मोहल्ला सूफीपुरा में दो दिन पहले पूर्व डीजीसी के ऊपर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी रिश्तेदार है। साथ ही पूर्व डीजीसी की पोती को डरवाने के लिए उसने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था।कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला सूफीपूरा निवासी शिव नारायण सिंह पुत्र जिमिंदार सिंह पूर्व डीजीसी हैं। शनिवार दोपहर में वह मकान के बरामदे में बैठे थे। दोपहर डेढ़ बजे उसने पूर्व डीजीसी पर फायरिंग कर दी। हालांकि वह बाल बाल बच गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी और एएसपी सिटी ने फोरेंसिक टीम के साथ निरीक्षण किया था। सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने रविवार को कैसरगंज क्षेत्र निवासी अभियुक्त आदर्श उर्फ लकी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि आरोपी पूर्व डीजीसी की पोती पर गलत नजर रखता है। जिसके चलते उसने तमंचे से फायरिंग कर पोती को डरवाने का प्रयास किया। तमंचा, बाइक को बरामद कर सीज कर दिया गया है। जबकि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान कोतवाल बीके मिश्रा, चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



## विवाहिता की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के फरदा त्रिकोलिया गांव निवासी एक विवाहिता की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस में ग्रामीणों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पयागपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत फरदा त्रिकोलिया के मजरा परसौली निवासी रुबीना उर्फ (30) पत्नी पत्नी जावेद शनिवार सुबह घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक महिला के परिवार के लोगों का बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की लाश फंदे से लटकने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डीएम ने शव विच्छेदन गृह का किया निरीक्षण बोली वैकल्पिक ऊर्जा के लिए लगवाएं सोलर प्लांट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित शव विच्छेदन गृह की व्यवस्थाओं का सोमवार को जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डीप फ्रीजर को बेहतर बनाने के लिए सोलर पैनल स्थापित करवाने के निर्देश दिए। शव विच्छेदन गृह की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सघन निरीक्षण करते हुए भवन परिसर की साफ-सफाई, डीफ फ्रीज़र, शव विच्छेदन कक्ष, शव गृह, कार्यालय एवं सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता को परखा। निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट अरविन्द कुमार शुक्ला व



अतुल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। शव विच्छेदन गृह के निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। डीएम मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्याधिकारी को निर्देश दिया कि शव विच्छेदन गृह पर शव के साथ आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त बेंच स्थापित करायी जायें तथा शीतल जल का भी माकूल बन्दोबस्त किया जाय। डीएम ने शव विच्छेन गृह हेतु वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत हेतु सोलर प्लान्ट की स्थापना कराने तथा यहां पर स्थापित डीफ फ्रीज़र के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाये ताकि रखे गये शव पूरी तरह से सुरक्षित रहें। कार्यालय के निरीक्षण करते हुए डीएम ने विभिन्न अभिलेखों एवं पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि कम्प्यूटराइज़्ड शव विच्छेदन रिपोर्ट जारी की जाय।

# सेवानिवृत्त दरोगा के मकान से नकदी व अन्य सामान चोरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ती जा रही हैं। सप्ताह भर में चोरों ने दूसरी घटना को अंजाम देते हुए सेवानिवृत्त दरोगा के घर को निशाना बनाया। लाखों की नकदी समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए। पयागपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत फरदा त्रिकोलिया निवासी सेवानिवृत्ति दरोगा सतगुरु शरण सिंह के घर में रविवार देर रात को चोर घुस गए। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना खुटेहना चौकी पर दी गयी। पीड़ित सतगुरुशरण सिंह ने बताया कि उनके घर मांगलिक कार्यक्रम था। रात में सभी परिजन सो रहे थे, चोर छत के सहारे घर में घुस आये। जहां उन्होंने चार कमरों का ताला काट कर आलमारी में रखे सोने और चांदी के जेवर व नगदी ले जाने में सफल रहे। मालूम हो कि क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटना से लोग दहशत में है।

एक सप्ताह पूर्व ग्राम पंचायत के दूसरे मजरे धोकलपुरवा निवासी शिवनारायन सिंह के घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया था जिसमें लाखों का जेवर और नगदी ले जाने में सफल रहे थे। अभी तक पुलिस चोरी का खुलासा करने में तीर चला ही रही थी कि दूसरी घटना ने फिर उनके सामने चुनौती खड़ी कर दी।

# बीडीओ को मिली अमृत सरोवर की जांच में कमियां

**मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रामपुर धोबिया में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य चल रहा हैं। ग्रामीणों का आरोप था कि अमृत सरोवर निर्माण कार्य मानक विहीनता से हो रहा हैं। जिसमें बहुत ही घटिया किस्म का मटेरियल लगाया जा रहा हैं। जिसकी खबर को समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर सोमवार को अमृत सरोवर का ब्लाक के अधिकारियों ने जांच कि जिसमें कई कमिया मिली।

जिले के शिवपुर विकास खण्ड के ग्राम सभा रामपुर धोबिया में अति प्राचीन मन्दिर स्थापित हैं। जिसे लोग बाबा बूढ़ेस्वर के नाम से जानते हैं। हजारों की संख्यां में शिव भक्त आकर मन्दिर में जलाभिषेक करते हैं। मन्दिर परिसर में न तो सही पानी पीने की व्यवस्था हैं। न नहाने व शौच करने की शौचालय आधा अधूरा बना पड़ा हैं। मन्दिर के पीछे सरकार द्वारा अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं जो पूर्ण रूप से मानक विहीन हैं। निर्माण कार्य में पीले ईंट का प्रयोग किया जा रहा हैं जिसका ग्रामीण ने विरोध कर उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसको लेकर दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद सोमवार को बन रहें अमृत सरोवर की जांच करने खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर व ग्राम विकास अधिकारी विनोद यादव के साथ पहुंच गये। जांच के दौरान बाबा बूढ़ेस्वर में बन रहें अमृत सरोवर की जांच की इसके बाद आधा अधूरा बना पड़ा शौचालय व बाजार में बनी नाली का भी जांच किया।



# सार्वजनिक रास्ते को लेकर दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

सार्वजनिक रास्ते को लेकर हुए मामूली विवाद में दबंगों ने घर मे घुसकर महिलाओं का बाल पकड़ कर घसीटते हुये जमकर मारा पीटा और कपड़े फाड दिऐ, बचाव करने दौड़े घर के सदस्यों की भी की पिटाई कर दी। थाना हरदी क्षेत्र के ग्राम खमरिया शुक्ल निवासी कृष्ण कुमार बाजपेई ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि रविवार देर शाम उनकी लड़की सविता देवी और उनका छोटा लड़का अजय दोनों मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे दोनों जब विपक्षी के घर के सामने स्थिति सार्वजनिक रास्ते पर होकर निकलने लगे तो विपक्षीगण उन्हें यह कहकर निकलने से मना करने लगे की यह रास्ता सार्वजनिक नहीं इस पर मत निकला करो जबकि पीड़ित के घर तक जाने का मात्र



वहीं एक रास्ता है जो लगभग 20 बर्ष से चालू है फिर भी विपक्षी आये दिन रास्ता रोकते रहते हैं। इतने में विपक्षी सुशील कुमार, प्रकाश चंद, बब्लू कुमार व अंकित कुमार सहित चार लोग लाठी डंडो से लैश होकर आ गये और मेरी लड़की को बाल पड़कर घसीटते हुए बहुत मारा पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। बचाव के लिए दौड़े मेरी छोटी बेटी सोनम,मेरी बड़ी बहु शीलू और मेरी पत्नी तारा देवी को भी दबंगों ने मारा पीटा जिससे उन्हें काफी अंदरुनी चोटें आयीं हैं। उस समय प्रार्थी के घर पर कोई पुरुष मौजूद नहीं था घर पर मौजूद बीच बचाव करने दौड़ी महिलाओं को दबंगों ने बेरहमी से बहुत पीटा। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस के पहुंचने के बाद पीड़ित थाने पर आ सका है। पीड़ित ने चार लोगों के विरुद्ध थाने मे प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

# दर्जनों टांको के बाद भी पुलिस ने किया 151 का प्रयास




▸ दुष्कर्म में असफल होने के बाद महिला पर चाकू से किया हमला

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

महिला सुरक्षा को लेकर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ संजीदा है। महिला सुरक्षा को लेकर कई सारी योजनाएं भी धरातल पर चलाई जा रही हैं उसके बाद भी अगर महिलाओं की ऊपर अत्याचार बढ़ जाए तो कहीं ना कहीं स्थानीय प्रशासन लापरवाही कह सकते हैं या अपराधिक किस्म के व्यक्ति के ऊपर पुलिसिया संरक्षण को भी कहा जा सकता है। मामला भदोखर थाना क्षेत्र का है। जहां चाकू की नोक पर दुष्कर्म में विफल होने पर एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। महिला ने बताया कि उसके शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से वार किया गया। घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को चाकू समेत पकड़ लिया। घटना भदोखर थाना क्षेत्र के बेलाभेला उत्तर पारा की है।

**रस्सी के सहारे छत पर चढ़ा आरोपी**

पीड़ित महिला के मुताबिक देर रात उसके घर के बगल में रहने वाला रज्जन अली नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे छत पर चढ़ गया और उसके कमरे में घुस गया। फिर उसने सोते समय उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो रज्जन ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। जब वह चिल्लाई तो वह भाग गया।

**पीड़िता का पति बोला हल्की धाराओं में केस दर्ज**

पीड़िता के पति ने बताया कि पुलिस ने उनके बुजुर्ग ससुर से मनमाने तरीके से लिखित शिकायत दिलवाई जिसके बाद हल्की धाराओं में केस दर्ज किया गया। जबकि उनकी पत्नी पर चाकुओं से हमला किया गया। सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि बेला क्षेत्र में एक महिला पर हमला किया गया आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और इस मामले में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## बैंक में डीबीटी/एनपीसीआई न होने पर विधवा पेंशन का भुगतान संभव नहीं

**रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन ;विधवा पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि संबंधित बैंक से अविलम्ब डीबीटी/एनपीसीआई तत्काल करा लें जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

# करंट की चपेट में आकर दंपति की मौत

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू



रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जनपद में फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट आकर पति.पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई है। भीषण गर्मी के चलते फर्राटा पंखे की सीधी हवा पाने को लेकर पत्नी उसे अपनी तरफ घुमा रही थी इसी दौरान उसमें उतरे करेंट के झटके से वो जमीन पर गिर गई।

पंखे समेत जमीन पर गिरी पत्नी की आवाज सुनकर पास में सो रहा पति उसे बचाने के लिए दौड़ा तभी अंधेरे के चलते वो भी गिर गया। इस दौरान पति भी करंट की चपेट में आ गया और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ये मामला नसीराबाद थाना इलाके के रायपुर टोढ़ी का है। यहां के रहने वाले किसान रामकेश ;उम्र 55 वर्ष अपनी पत्नी धन राजा ;उम्र 50 वर्ष के साथ कमरे के अंदर फर्श पर सो रहे थे। इस दौरान कमरे में चल रहा फर्राटा पंखा जमीन पर गिर गया जिससे पूरे कमरे में करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग दंपति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। आज यानि सोमवार सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा कि फर्राटा पंखा उनके ऊपर गिरा हुआ था।

दोनों पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी। परिवार के अन्य सदस्यों को घटना की जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गेगासो गंगा घाट पर झोपड़ियों में लगी आग

सरेनी,रायबरेली। समृद्धि न्यूज



सरेनी क्षेत्र के गेगासो गंगा घाट पर देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में घाट के पास स्थित झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। जिससे घाट के पास स्थित तीर्थ पुरोहितों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई।

आग लगने से मौके पर अफरातफरी मच गई। सात झोपड़ियां जलकर राख घटना के अनुसार अज्ञात कारणों से लगी आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे करीब सात झोपड़ियां जलकर राख हो गई। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। सूचना पाकर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपडियां जलकर राख हो चुकी थीं। किसी ने आग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता था कि आग की लपटें काफी तेज थींए जिससे काफी नुकसान हुआ है। लोग आग बुझाने के लिए पानी डाल रहे हैं। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# दोस्तों संग नहाने गया युवक नदी में डूबा

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल की शुरू**

सरेनी,रायबरेली। समृद्धि न्यूज



दोस्तों संग गेगासो के शिवपुरी गंगा घाट पर स्नान करने गया युवक गहरे पानी में समा गया जिससे उसकी मौत हो गई। साथ स्नान कर रहे अन्य युवक तैर कर बाहर निकलने में सफल रहे।

गंगा में डूबे युवक की जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में उसकी तलाश शुरू की गई गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर लिया गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के डिहवापर पूरे अम्बरबीर गांव निवासी सत्यम यादव पुत्र रामचंद्र यादव सोमवार को अपने साथियों के साथ सरेनी थाना क्षेत्र के शिवपुरी गंगा घाट पर स्नान करने गया था नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहराई में चला गया अगल-बगल स्नान कर रहे अन्य साथियों ने किसी तरह बाहर निकल कर शोर शराबा किया तब जाकर स्थानीय पुलिस सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उसकी तलाश में जुट गए पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरू करा दी कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद कर लिया गया वही घटना की जानकारी गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# भूमि पूजन व प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम आज

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मेहरोत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ;शहरी का शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा 25 जून 2015 को समस्त पात्र शहरी बेघर व्यक्तियों को पक्का आवास दिलाने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने बताया कि तत्क्रम में जनपद रायबरेली में 25 जून 2024 को योजना की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमि पूजन एवं प्रमाण.पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 आवेदको की परियोजना में सम्मिलित लाभार्थियों को लाभ प्रदान करते हुये भूमि पूंजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद रायबरेली में योजनान्तर्गत कुल स्वीकृत अद्यतन 10037 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष 10033 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है एवं 9265 लाभार्थियों के आवास छत स्तर तक पूर्ण हो चुका है शेष आवास निर्माणाधीन है तथा नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 लाभार्थियों की परियोजना में कार्य प्रक्रियाधीन है। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि योजना के सफ ल क्रियान्वयन के कारण जनपद में दस हजार से भी अधिक लाभार्थियों के पास अब स्वयं का पक्का आवास है जिससे हजारों गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना पूर्ण हुआ है।

## अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, हुआ घायल



**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर हरदोई गांव के पास अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गयास सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गयास विदित हो कि घायल मनीष पुत्र बिंदा प्रसाद उम्र 18 वर्ष अपनी मां को मोटरसाइकिल में बिठाकर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मजरे हरदोई से अपने घर मोहनलालगंज जा रहा था जैसे ही वह हरदोई गांव के पास पहुंचा तभी उसकी बाइक का अनियंत्रित हो गई और वह गिर पड़ा और घायल हो गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे घर भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### गांव के ही दो लोगों पर लगा चोरी का आरोप

**बछरावां,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गुजरपुर निवासी मायावती पत्नी रामपाल ने सोमवार सुबह कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह भीतर रविवार के सुबह 8:00 बजे गांव में ही मनरेगा में काम करने गई थी तभी गांव के रहने वाले दो लोग विक्रय होकर उनके घर से पासबुक 3 हजार रुपए नगद चांदी के पायल चुरा लिया है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बछरावां,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के खैरहनी निवासी गुड़िया पत्नी श्री बालक में सोमवार दोपहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रविवार देर रात 11:00 बजे गांव के ही रहने वाले 6 लोग अचानक घर में घुसकर अभद्रता करते हुए मारा पीटा तथा बचाव करने आए पति शिव बालक पुत्र रामखेलावन को भी मारा पीटा हैं। चीख पुकार पर जब ग्रामीण इकट्ठा हो गए तो सभी मौके से फरार हो गए। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगों ने वृद्ध की जमीन पर किया कब्जा

**बछरावां,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बद्री प्रसाद का पुरवा मजरे टेरा बरौला निवासी सूर्यपाल दास पुत्र स्वर्गीय बाबू ने सोमवार सुबह कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव के रहने वाले दो लोगों ने शनिवार रात 9:00 बजे उन्हें लात घोषणा से मारा पीटा तथा जान से करने की धमकी दी पीड़ित 94 वर्षीय वृद्ध है जिस कारण प्रति पक्षियों ने जबरन प्रताप की खेती जोत बो ली है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

### पैसे न देने पर दी तहरीर

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पश्चिम गांव निवासी सत्रोहन पुत्र बली ने सोमवार दोपहर कोतवाली में तहरी देकर बताया कि गांव के ही रहने वाले मिंटू 14 हजार रुपए रुपए वह उच्च से कुछ दिन पूर्व लिए थे जब वह रविवार शाम 4:00 बजे अपना पैसा मांगा तब प्रतिपक्षी ने अभद्रता करते हुए रुपए न देने की बात कही। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अचानक बैंक के अंदर गिरा युवक, हुआ बेहोश



**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुलेडी गांव में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में पैसा निकालने गया युवक तुफैल पुत्र मोहम्मद शफीक उम्र 24 वर्ष निवासी थुलेडी पैसा निकालते समय अचानक बैंक के अंदर गिर पड़ा और बेहोश हो गयास आनन फानन में पारिवारिक जनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गयास इस बाबत डॉक्टर गणनायक पांडे ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण युवक के साथ यह हादसा हुआ है उपचार किया जा रहा है घबराने की कोई बात नहीं है।

# अनियंत्रित होकर दो बाइकें आपस में टकराई, चार घायल

बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के सामने सोमवार दोपहर 2:30 बजे के करीब अनियंत्रित होकर दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ गई और सड़क के किनारे खड़े एक शिक्षक को भी ठोकर मार दीस जिससे सभी को गंभीर चोटे आ गई ।घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया हैस इस दुर्घटना में जलालपुर गांव के रहने वाले राजकुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र चेतराम मोटरसाइकिल से अपने मौसी के घर समेसी थाना निगोहा जनपद लखनऊ जा रहे थे इसी दौरान बिशनपुर गांव के रहने वाले दो युवक जिसमे सुभाष उम्र 26 वर्ष पुत्र गुरु प्रसाद तथा सुरेंद्र उम्र 35 वर्ष पुत्र रामसेवक मोटरसाइकिल से आपस में दोनों लोग भिड़ गए। इसी दौरान प्रतापगढ़ से ट्रेन से उतरकर रोड पर खड़े चुरूवा गांव में तैनात सहायक अध्यापक मनोज उम्र 40 वर्ष पुत्र विजय बहादुर निवासी प्रतापगढ़ भी चपेट में आ गएस मोटरसाइकिल लड़ने से उन्हें भी गंभीर चोटे आ गईस सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जहाँ तीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सब्जियों के दाम छूने लगे आसमान, बिगाड़ा रसोई का बजट

**रायबरेली।** पंद्रह दिनों में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं।आलू व अन्य सब्जियों के दाम दोगुने से अधिक बढ़ गए हैं दालों के दाम को लेकर लोग पहले भी परेशान थे लेकिन अब सब्जियों के मूल्य में भारी वृद्धि होने से जहां गरीबों, मजदूरों किसानों व माध्यम वर्ग के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही नौकरी पेशा वाले भी परेशान दिखाई दे रहे हैं। सब्जियों के बढ़े दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। दालों की कीमत में बढ़ोत्तरी के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों ने भोजन में सब्जियों का सहारा लेना शुरु कर दिया है। एक माह से भीषण गर्मी और तपन से सब्जियों की खेती को झुलसा दिया है। गर्मी के कारण फसलों में कीटो का प्रकोप भी बढ़ा हुआ है।

# मिट्टी का टीला ढहने से एक की मौत, दूसरा घायल



ऊंचाहार,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

नाले में मिट्टी खोदने गई महिलाओं पर मिट्टी का टीला गिर गया जिसमें एक महिला की दबकर मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल महिला को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अस्पताल द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। सोनार का इंदारा मजरे सरायं परसू गांव की रहने वाली बिजमा देवी 30 वर्ष पत्नी रामनारायण व उर्मिला 50 वर्ष पत्नी सुखराज सोमवार की दोपहर गाँव के पास ही नाले में घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी खोदने गई थी।

**भरभराकर ढहा मिट्टी का टीला**

बताते हैं कि खुदाई करते वक्त अचानक मिट्टी का एक बढ़ा सा टीला भरभराकर ढह गया। जिसके नीचे दोनों महिलाएं दब गई। महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से घायल महिलाओं को सीएचसी भिजवाया। जहां बिजमा देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दियाए जबकि उर्मिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**घायल महिला जिला अस्पताल रेफर**

सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मृत अवस्था में एक महिला को सीएचसी लाया गया थाए जबकि एक अन्य घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए होमगार्ड लखनऊ रवाना

इटावा, समृद्धि न्यूज।



होमगार्डों की बस को रवाना करते एडीएम।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, जिला होमगार्ड कमांडेंट रवि शंकर त्रिवेदी, जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे, दैवीय आपदा लिपिक राना बेगम ने जनपद से 25 होमगार्ड की टीम को लखनऊ में आयोजित होने वाले विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षित होमगार्ड जवानों को विभिन्न प्राकृतिक अप्राकृतिक आपदाओं के दौरान कुशल आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के साथ जनता की मदद करना है। इसके साथ ही भविष्य में आपदा पूर्व तैयारी पर आम जनमानस के मध्य समुदाय स्तरीय प्रशिक्षण भी इनके द्वारा प्रदान किया जा सकेगा। इस विशेष प्रशिक्षण को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, इटावा एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) सम्पन्न कराएगा।

प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु में बाढ़ ,भूकंप अथवा गैस लीक इत्यादि त्रासदी में किस प्रकार से लोगों का बचाव किया जा सके शामिल हैं। इन जवानों को किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में स्थलीय आपदा प्रबंधन विषयक विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के समस्त संबंधित होमगार्ड को मेडिकल फिटनेस टेस्ट करने के बाद ही लखनऊ रवाना किया गया।

## पुलिस ने सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

**इटावा।** जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की गयी। जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# सीएचसी में विशेष कैंप का किया गया आयोजन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

सीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक केन्द्रअधीक्षक डॉ. सुशील कुमार के निर्देशन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच की गई इस अभियान के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फोलिक एसिड, आयरन फल व पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद डॉ. रिद्धिमा गौर ने बताया कि इस अभियान उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व चार जांच प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी लाता है। उन्होंने बताया इस अभियान की सहायता से प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है। जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता में काफी कमी भी आती है। अत्यधिक रक्तस्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती है।

# डीबीए पदाधिकारियों को व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

इटावा, समृद्धि न्यूज।



डीबीए पदाधिकारियों को सम्मानित करते व्यापारी नेता।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला बार एसोसिएशन चुनाव में विजय हुए अध्यक्ष अनिल गौर महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह व संयुक्त मंत्री संदीप अग्रवाल का फूल मालाओं से लादकर सम्मान किया व्यापारियों को संबोधित करते हुए जिला बार संगठन के अध्यक्ष अनिल गौर ने कहा कि व्यापारी समाज वास्तविकता में सच्ची समाज सेवा करता है किसी भी व्यापारी पर किसी प्रकार का झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जाएगा।

उसकी लड़ाई जिला बार एसोसिएशन प्रमुखता से लड़कर व्यापारियों की मदद करेगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि समाज में वकीलों की अपराध रोकने में बड़ी भूमिका है वकील ही है जो समाज में अपराध को रोके हुए हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर हरि गोपाल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष उमेश चंद्र वर्मा जिला मंत्री धर्मेंद्र भदोरिया समाजसेवी बेचे सिंह पाल राधेश्याम धनगर शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप शहर उपाध्यक्ष राजीव पाल युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता चकरनगर अध्यक्ष आस मोहम्मद राहुल चौहान एडवोकेट राहुल भदोरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बेटे ने वृद्ध पिता के साथ गाली गलौज कर दी धमकी

**इटावा।** दिव्यांग वृद्ध पिता ने बेटे के खिलाफ सीओ को शिकायती पत्र दिया। उनका आरोप था कि चारे की फसल काट ली और जब रोका तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

जसवंतनगर के सिरहौल गांव निवासी पीड़ित 80 वर्षीय दिव्यांग जगराम ने बताया कि उनके बड़े बेटे ने जुनरी चारे की फसल को जबरिया काटा तो उन्होंने रोका इस पर उन्हें गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां दीं जब 112 पर पुलिस को फोन किया तो पुलिस पहुंची थाने पहुंचने के लिए बोला थाने भी पहुंचे किंतु फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। दिव्यांग वृद्ध ने अपने बेटे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# परिवार परामर्श केन्द्र पर सात परिवारों के बीच समझौता

**इस पुनीत कार्य में महिला थाना की महिला आरक्षियों का भी सहयोग रहा**

इटावा, समृद्धि न्यूज।



समझौता होने वाले परिवारों के साथ पुलिस।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में प्रभारी निरीक्षक निर्मला कुमारी व उप निरीक्षक ब्रजेंन्द्र बहादुर, महिला आरक्षी गण व थाने के समस्त कर्मचारी गण की मौजूद रहे।

परिवार परामर्श केंद्र की 34 पत्रावलियों में सुनवाई की गई जिसमें 15 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित रहे। 12 पत्रावलियों मे एक पक्ष उपस्थित है जिसमें परिवार परामर्श केंद्र के सभी सदस्यों द्वारा एवं थाने के अधिकारी /कर्मचारी गणों के समझाने के बाद 7 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। शेष पत्रावलियों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों को केन्द्र पर बुलाकर परिवारिक महत्व के बारे में समझाया गया जिसके परिणाम स्वरूप पति-पत्नी आपसी मन- मुटाव भुलाकर साथ- साथ रहने को तैयार हो गये और खुशी- खुशी अपने घर चले गये। इस पुनीत कार्य में महिला थाना की महिला आरक्षियों का भी सहयोग रहा। समझौता होने वाले परिवारों में अल्फिशा पत्नी आमिर खान निवासी मोहल्ला उर्दू छोटी मस्जिद के पास थाना कोतवाली इटावा, पूनम देवी पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी ग्राम फतेहपुर थाना बकेवर इटावा, अनिल कुमार पुत्र राम अवतार पत्नी दीप्ति निवासी ग्राम उसराहार इटावा, स्नेहा पुत्री विद्या राम निवासी चकवा खुर्द थाना बसरेहर इटावा, राहुल पुत्र राम अवतार पत्नी ज्योति निवासी कटरा फतेह महमूद खान थाना कोतवाली इटावा, दीक्षा पत्नी सौरभ पुत्री श्री राजेश कुमार निवासी अशोक नगर भरथना चौराहा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा, रीना पत्नी निलेश निवासी दिल्ली सुल्तानपुर थाना बसरेहर इटावा शामिल हैं।

## बालश्रम का संकट

मध्य प्रदेश के रायसेन जनपद में बाल श्रमिकों की बदहाली उजागर होना समाज में गरीबी-मजबूरी की नंगी सच्चाई बयां करता है। यह घटना एक खतरे की घंटी है कि जिन लोगों पर बच्चों के शोषण रोकने की जिम्मेदारी थी, वे निहित स्वार्थों के लिये कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। कुछ सप्ताह पूर्व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर की टीम ने रायसेन की एक शराब फैक्टरी में भयावह स्थितियों में 19 लड़कियों समेत 58 नाबालिगों को काम करते हुए पकड़ा। इन बच्चों में से कई रासायनिक पदार्थों से प्रभावित भी हुए हैं। विडंबना देखिए कि इस छापे में बचाये गए 39 नाबालिग श्रमिक बाद में लापता हो गए। एनसीपीसीआर के अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ बाल श्रम का ही मामला नहीं है बल्कि यह मानव तस्करी से भी जुड़ा है। कुछ बच्चे अन्य राज्यों से लाए गए हैं। इस मामले में जवाबदेही में घोर लापरवाही और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा तमाम नियामक संस्थाएं भी सवालों के घेरे में हैं। जिन्होंने फैक्टरी मालिकों से मिलीभगत करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की। इस गंभीर मामले में ढिलाई कई सवालों को जन्म देती है। जिसका निष्कर्ष है कि बाल श्रम उन्मूलन राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं रहा है। यही वजह है कि कानून के तहत कार्रवाई होती नजर नहीं आई। जिसके चलते बाल श्रमिकों का शोषण लगातार जारी रहा। नोबेल पुरस्कार विजेता और देश में बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी लंबे समय से भारत में बाल शोषण के खिलाफ मुहिम चलाते रहे हैं। उनकी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन और सहयोगी संगठनों की मदद से जोखिम वाले उद्योगों, कालीन उद्योग व ईट-भट्टों से लाखों बच्चों को बचाया जा सका। लेकिन तंत्र की काहिली से संकट को जड़ से समाप्त नहीं किया जा सका। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, विश्व भर में 16 करोड़ से अधिक बच्चे विषम परिस्थितियों में बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। भारत में यह संख्या श्रमिकों का ग्यारह प्रतिशत बतायी जाती है। दरअसल, कोविड-19 के संकट ने बच्चों के शोषण को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया है। मां-बाप को काम न मिलने की स्थिति में बच्चों का स्कूल छूटा और वे कम उम्र में श्रमिक बनकर विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे हैं। दरअसल, कोरोना संकट के बाद मानव तस्करी के मामलों में विश्वव्यापी वृद्धि देखी गई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस संकट ने गरीबी की दलदल में धकेला है। घर की आय पर आए संकट ने बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल छोड़ने को मजबूर किया। जिसने बाल श्रम को बढ़ावा दिया। दरअसल, बालश्रम व मानव तस्करी एक संगठित अपराध के रूप में बच्चों पर संकट की वजह बना हुआ है।

# भारत-बांग्लादेश की यारी-तीस्ता नदी की पारी-चीन पर भारी

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



**चीन चाहता है कि तीस्ता नदी के बहाने वह किसी तरह से पहले बांग्लादेश में एंट्री करे और फिर धीरे-धीरे उसे अतिरिक्त कर्ज देकर उसे बाध्य करे कि वह उसे अपनी जमीन पर बेस बनाने की अनुमति दे।बता दें कि कुछ वर्ष पहले चीन ने इसी तरह से श्रीलंका में भी अपनी एंट्री की थी,वहां पहले एक बंदरगाह को विकसित करना का ठेका उसने लिया और धीरे-धीरे करके श्रीलंका को इतना कर्ज दे दिया जिसे वो एक समय के बाद चुका पाने की स्थिति में नहीं था।अब चीनश्रीलंका में अपना एक बेस भी तैयार कर चुका है ताकि वो वहां से भारत पर नजर रख सके।चीन ने पाकिस्तान और नेपाल के साथ भी कुछ ऐसा ही किया है। बांग्लादेश की पीएम को अगले महीने बीजिंग की यात्रा पर जाने वाली हैं।जानकारों के अनुसार उनकी बीजिंग यात्रा से भारत ने तीस्ता को लेकरजो समझौता किया है,उसकी वजह से चीन अब बांग्लादेश पर अतिरिक्त दबाव नहीं डाल पाएगा।**

वैश्विक स्तरपर भारत को यूं ही बौद्धिक क्षमता का धनी की संज्ञा नहीं दी गई है,बल्कि इसलिए भी कि आदि अनादि काल से भारत की भूमि पर जन्म लेने वालों की पीढ़ियों में भी अद्भुत सटीक बौद्धिक क्षमता का संचार होता है,इसलिए ही भारत को विदेश नीति में भी माहिर कहा जाता है, जिसका संज्ञान हम पड़ोसी मुल्क से ले सकते हैं जहां पूर्व पीएम ने भारत की विदेश नीति को खूब सराहा था,तो वहां की सेना के टारगेट पर आ गए। वहीं हम विस्तारवादी देश चीन के साथ व्यवहार में भी देखें तो भारत एक मांझी हुई कूटनीति का परिचय देता है। ठीक वैसे ही अमेरिका कनाडा ब्रिटेन सहित दुनियां के हर देश के साथ संबंधों में भारत की कूटनीति टाइमिंग को दर्शाता है।

इसी सटीक टाइमिंग में दिनांक 22 जून 2024 को भारत के बांग्लादेश से हुए 10 समझौता में से एक तीस्ता नदी कासमझौता भी है, जिसपर लंबे समय से चीन की नजर थी, क्योंकि इसी के सहारे भारत को घेरने कीआखिरी कड़ी भी था, क्योंकि श्रीलंका पाकिस्तान नेपाल और अब बांग्लादेश में तीस्ता नदी समझौते से अप्रत्यक्ष रूप से वह भारत को घेरने की साजिश जैसे उपरोक्त देशो के सहयोग के साथ किया है परंतु भारत ने भी सटीक कूटनीतिक टाइमिंग से बांग्लादेश से तीस्ता नदी समझौता किया है, क्योंकि दूसरे देशों से कूटनीतिक संबंधों में टाइमिंग को एक बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है।अगर हमनें भविष्य की संभावनाओं और आशंकाओं का अंदाजा लगाते हुए सही समय पर बड़े फैसले ले लिए तो हमारे विरोधी चारों खाने चित हो जाते हैं। बांग्लादेश के साथ तीस्ता नदी को लेकर शनिवार को भारत ने जो समझौता किया है वोसरकार की इसी कूटनीतिक टाइमिंग को दर्शाता है। पीएम और बांग्लादेश की पीएम के बीच हुई बैठक के बाद दोनों देश के बीच समझौता तो तीस्ता नदी को लेकर हुआ लेकिन इस समझौते से सबसे ज्यादा मिर्ची चीन को जरूर लग गई होगी। ऐसा इसलिए भी क्योंकि चीन लंबे अर्से से तीस्ता नदी के बहाने भारत को बांग्लादेश की तरफ से भी घेरने की तैयारी में था। चूंकि तीस्ता नदी समझौते पर चीन बांग्लादेश में तीस्ता नदी पर चीन सोचता रह गया और भारत ने अपनी शक्ति दिखा दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत बांग्लादेश की यारी,तीस्ता नदी की पारी,चीन पर भारी। साथियों बात अगर हम भारत बांग्लादेश की यारी चीन पर भारी की करें तो,चीन जिस तरह से बांग्लादेश की तीस्ता नदी परियोजना में अपनी रुचि दिखा रहा था, उसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं।कई जानकार मानते हैं कि भारत को चारों तरफ से ( श्रीलंका पाकिस्तान, नेपाल और अब बांग्लादेश ) घेरने की अपनी योजना के तहत ही चीन बांग्लादेश को लेकर इतनी रुचि दिखा रहा है। चीन चाहता है कि तीस्ता नदी के बहाने वह किसी तरह से पहले बांग्लादेश में एंट्री करे और फिर धीरे-धीरे उसे अतिरिक्त कर्ज देकर उसे बाध्य करे कि वह उसे अपनी जमीन पर बेस बनाने की अनुमति दे।बता दें कि कुछ वर्ष पहले चीन ने इसी तरह से श्रीलंका में भी अपनी एंट्री की थी,वहां पहले एक बंदरगाह को विकसित करना का ठेका उसने लिया और धीरे-धीरे करके श्रीलंका को इतना कर्ज दे दिया जिसे वो एक समय के बाद चुका पाने की स्थिति में नहीं था।अब चीनश्रीलंका में अपना एक बेस भी तैयार कर चुका है ताकि वो वहां से भारत पर नजर रख सके।चीन ने पाकिस्तान और नेपाल के साथ भी कुछ ऐसा ही किया है। बांग्लादेश की पीएम को अगले महीने बीजिंग की यात्रा पर जाने वाली हैं।जानकारों के अनुसार उनकी बीजिंग यात्रा से भारत ने तीस्ता को लेकरजो समझौता किया है,उसकी वजह से चीन अब बांग्लादेश पर अतिरिक्त दबाव नहीं डाल पाएगा। बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच 54 नदियों को लेकरअलग-अलग सहयोग चल रहा है। बीते दिनों पीएम ने भी साझा प्रेस वार्ता में कहा था कि 54 साझा नदियां भारत और बांग्लादेश कोजोड़ती हैं। लिहाजा,बाढ़, प्रबंधन,पेजयल परियोजनाओं पर हम सहयोग करते आए हैं। भारतीय पीएम और बांग्लादेश की पीएम के बीच बीते दिनों दिल्ली में बातचीत हुई थी, इस बातचीत के बाद दोनों देशों ने कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।पीएम ने इस बातचीत के बाद कहा कि बांग्लादेश की पीएम के साथ हुई बातचीत के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच डिजिटल, हरित साझेदारी और समुद्र आधारित इकोनॉमी से जुड़े कई अहम समझौते हुए हैं। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए निर्मित सैटेलाइट को भी अंतरिक्ष में स्थापित करने पर सहमति बनी है। साथ ही साथ बांग्लादेशी नागिरकों को अब भारत में इलाज कराने के लिए उन्हें ई-वीजा उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी है। साथियों बात अगर हम तीस्ता नदी को जानने की करें तो, तीस्ता नदी वो नदी है जिस परबांग्लादेश और भारत दोनों को साझा काम करना है। भारत की आपत्तियों के कारण ही फिलहाल परियोजना को रोक चीन को वहां दखल नहीं देने दिया गया है। चीन का प्रभाव दक्षिणी एशिया में बढ़ाते जा रहा है। अगर कोई इनवेस्ट करता है तो वो अपने आर्थिक फायदा को भी देखता है, इसके अलावा अपना रणनीतिक फायदा भी देखता है।चीन इस मामले में बांग्लादेश को ध्यान में रखकर कई परियोजना लेके आया है।बीसीआईए इकोनॉमिक कोरिडोर की बात हो या फिर सी पोर्ट को भी डेवपल करने की बात करता है।चीन निश्चित रूप से बंगाल की खाड़ी में अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को काफी मजबूत करने में जुटा हुआ है। यूनान को जो लैंडलॉक की स्थिति है उसको खोलने के प्रयास में है।इसको बंगाल की खाड़ी में खोलने की रणनीति चीन बना रहा है। चीन सामयिक और आर्थिक और रणनीतिक तौर पर दक्षिण एशिया के देशों में अपना प्रभाव डाल रहा है और खासकर बांग्लादेश उसके निशाने पर है। सोनादिया का जो डीप सी पोर्ट का एरिया है वो भी सफलता पूर्वक नहीं हो पाया। शेख हसीना ने एक सामरिक और आर्थिक फैसला लिया और उस डील को नकार दिया। अब चीन ने दो नयी परियोजनाएं बांग्लादेश के सामने रखा है जिसमें पहला तो सिलहट एयरपोर्ट है और दूसरा तीस्ता नदी पर बनाई जाने वाली परियोजना है। सिलहट एयरपोर्ट पर जो काम होना है वो भारत के पूर्वी राज्यों के काफी करीब होगा। जो असम, मेघालय के पास होगा। इससे सामरिक महत्व काफी बढ़ जाता हैं।

## विचार

# सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नज़र नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फ़ैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाख़ोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है।

**हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है।**

बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की ख़बरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है।

हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए ÷नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस÷ विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ÷सबूत स्पष्ट हैं÷ रोकथाम में निवेश करें÷ यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है।

# केरल से प्रियंका गांधी के चुनावी पदार्पण का महत्व

पी. श्रीकुमारन

केरल में इन दिनों कांग्रेस नेताओं के चेहरे और उनकी आंखों में चमक साफ देखी जा सकती है। उत्साह का भाव स्वाभाविक है। पार्टी ने हाल ही में लोकसभा चुनावों में राज्य की 20 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। खैर, उत्साहित कांग्रेस के लिए यह दोहरी खुशी की बात है कि प्रियंका गांधी ने राज्य की वायनाड सीट से चुनावी पदार्पण करने का फैसला किया है। यह फैसला राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट पर बने रहने के फैसले के बाद लिया गया है। इस फैसले से कांग्रेस को इस आलोचना से बचने में मदद मिली है कि राहुल ने वायनाड के मतदाताओं को धोखा दिया है। अगर वायनाड से प्रियंका के अलावा कोई और उम्मीदवार उतारा जाता तो यह आलोचना जायज होती। प्रियंका के वायनाड पहुंचने से यह संदेश साफ तौर पर गया है कि नेहरू परिवार वायनाड के लोगों को छोड़ने का इरादा नहीं रखता, जिन्होंने मुश्किल और संकट की घड़ी में गांधी भाई के साथ खड़े रहे। यह कहने की जरूरत नहीं है कि यह फैसला कांग्रेस और पार्टी के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है, जो 2025 में स्थानीय निकाय चुनावों और 2026 में विधानसभा चुनावों में भी अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद कर रहा है।

कांग्रेस और यूडीएफ में प्रचलित धारणा यह है कि यूडीएफ के सत्ता में आने की संभावनाएं वास्तव में उज्ज्वल हैं। इस तर्क के समर्थन में कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी ने राज्य की 140 विधानसभा सीटों में से 110 पर बढ़त हासिल की है। यह लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों, खासकर मुसलमानों के कांग्रेस की ओर शिफ्ट होने से हासिल हुआ है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अब तक का पैटर्न यह रहा है कि यूडीएफ लोकसभा चुनाव जीतता है जबकि माकपा के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) राज्य विधानसभा की लड़ाई में जीतता है। कांग्रेस को लगता है कि 2026 के चुनावी युद्ध में यह पैटर्न टूट जायेगा। हालांकि, लाख टके का सवाल यह है कि क्या प्रियंका की मौजूदगी केरल में कांग्रेस के लिए अभिशाप बनी आंतरिक कलह के अंत का संकेत देगी? क्या वह कांग्रेस के युद्धरत गुटों को शांति का संदेश देकर एलडीएफ को चुनौती देने के लिए एकजुट ताकत के रूप में लड़ने के लिए राजी कर पायेंगी? कांग्रेस में गुटबाजी के पैमाने और उग्रता को देखते हुए यह काम बिल्कुल भी आसान नहीं है। पार्टी में मौजूदा स्थिति इस पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं जगाती। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरन और विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन अलग-अलग दिशाओं में जा रहे हैं। सतीसन को के.सी. वेणुगोपाल का समर्थन प्राप्त है, जो राहुल गांधी के करीबी हैं और केरल में कांग्रेस की राजनीति पर उनका अंतिम फैसला माना जाता है। हालांकि, सुधाकरन अपने प्रतिद्वंद्वियों को खुश करने के मूड में नहीं हैं। के.पी.सी.सी. के अध्यक्ष, जो अपनी अड़ियल नीति पर अड़े हुए हैं, को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ए.के. एंटनी और रमेश चेन्निथला का ठोस समर्थन प्राप्त है। यह एक खुला रहस्य है कि सतीसन सुधाकरन को बाहर करना चाहते हैं, और सतीसन के.पी.सी.सी. प्रमुख के पद से सुधाकरन को बाहर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यह घिनौना नाटक कैसे आगे बढ़ेगा, यह देखना बाकी है। दूसरे शब्दों में, पार्टी में पूर्ण एकता सुनिश्चित करना प्रियंका गांधी के लिए अपने नये अवतार में मुख्य चुनौती है। क्या वह वहां सफल हो सकती हैं, जहां अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता विफल रहे हैं? जहां तक एल.डी.एफ का सवाल है, मोर्चे के लिए काम कठिन है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, एल.डी.एफ को एक मजबूत उम्मीदवार, अधिमानतरूवायनाड से एक नेता खोजना होगा।



# राशिफल

**मेषः**- जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभः**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुनः**- सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छबि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्कः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंहः**- अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्याः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**मकरः**- भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरें की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीनः**- नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

# नई लोकसभा का पहला दिन, गांधी पीछे होंगे!

शकील अख्तर



**बाबा साहब डा. आम्बेडकर की चिर-परिचित खड़ी हुई उंची प्रतिमा भी दिखाई नहीं देगी। वह सारा स्थान एक रिक्ति की तरह शून्य की तरह बन गया है। उसे ही सौन्दर्यीकरण कहा जा रहा है। आप संसद के लिए आइये किसी गांधी को प्रणाम करने की जरूरत नहीं किसी आम्बेडकर से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं। सारी प्रतिमाएं गांधी, आम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, मोतीलाल नेहरू के साथ महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की भी संसद के सामने से हटाकर प्रधानमंत्री कार्यालय के पीछे पहुंचा दी गई हैं। इसे प्रेरणा स्थल का नाम दिया गया है। यह भी वैसा ही जैसा इंडिया गेट से अमर जवान ज्योति को हटाकर दूसरी जगह पहुंचा दिया गया है। उसका भी नया नाम वार मेमोरियल दे दिया गया है। मगर जैसे पहले जवानों को अपनी श्रृदांजलि देने लोग इंडिया गेट पहुंचते थे वैसे वार मेमोरियल नहीं जाते उसी तरह संसद जाने वाले लोग जिनमें छात्रों की तादाद बड़ी होती है अब कोने में पीछे बना दिए गए प्रेरणा स्थल नहीं जा पाएंगे। हर सांसद गांधी जी को रोज देखता था। अपने साथ जब भी परिवार या मित्रों को लाता था गांधी प्रतिमा के साथ खड़े होकर फोटो खिंचवाता था।**

18 वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें 280 सांसद यानि की आधे से ज्यादा पहली बार जीतकर आ रहे हैं। मगर वे संसद भवन जिसे अब पुरानी कहा जाने लगा है, के सामने बनी विशाल महात्मा गांधी की प्रतिमा के दर्शन नहीं कर सकेंगे। इसी तरह वहीं थोड़ी दूर पर मौजूद संविधान हाथ में लिए उंगली से उस पर चलने का रास्ता दिखाते हुए बाबा साहब डा. आम्बेडकर की चिर-परिचित खड़ी हुई उंची प्रतिमा भी दिखाई नहीं देगी। वह सारा स्थान एक रिक्ति की तरह शून्य की तरह बन गया है।

उसे ही सौन्दर्यीकरण कहा जा रहा है। आप संसद के लिए आइये किसी गांधी को प्रणाम करने की जरूरत नहीं किसी आम्बेडकर से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं। सारी प्रतिमाएं गांधी, आम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, मोतीलाल नेहरू के साथ महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की भी संसद के सामने से हटाकर प्रधानमंत्री कार्यालय के पीछे पहुंचा दी गई हैं। इसे प्रेरणा स्थल का नाम दिया गया है। यह भी वैसा ही जैसा इंडिया गेट से अमर जवान ज्योति को हटाकर दूसरी जगह पहुंचा दिया गया है। उसका भी नया नाम वार मेमोरियल दे दिया गया है। मगर जैसे पहले जवानों को अपनी श्रृदांजलि देने लोग इंडिया गेट पहुंचते थे वैसे वार मेमोरियल नहीं जाते उसी तरह संसद जाने वाले लोग जिनमें छात्रों की तादाद बड़ी होती है अब कोने में पीछे बना दिए गए प्रेरणा स्थल नहीं जा पाएंगे। हर सांसद गांधी जी को रोज देखता था। अपने साथ जब भी परिवार या मित्रों को लाता था गांधी प्रतिमा के साथ खड़े होकर फोटो खिंचवाता था। सेल्फी लेता था। ऐसे ही छात्र और अन्य आगंतुक गांधीजी को नमन करने के साथ फोटो खिंचवाते थे। दरअसल यह प्रतिमा संसद भवन में ठीक उस पत्थर के सामने लगी थी जिस पर अंग्रेजों ने संसद भवन के शिलान्यास की घोषणा खोदी थी। यह अंग्रेजों के मुंह पर करारा तमाचा था कि जिस संसद भवन को तुमने हमें गुलाम रखने के कायदे कानून बनाने के लिए बनवाया था उसी के ठीक सामने उन कानूनों की धज्जियां उड़ाकर जिस शख्स ने देश आजाद करवाया है वह बैठा है। मगर अब उस शख्स को, गांधी को पीछे धकेल दिया गया है। और 1921 में संसद के शिलान्यास का पत्थर सामने लगा हँस रहा है। अपने प्रधानमंत्री चर्चिल की वह बात याद करके कि भारत का शासन ऐसे लोगों के हाथों में चला जाएगा जो अपने छोटेपन से कभी मुक्त नहीं हो पाएंगे। हालांकि चर्चिल ने तो इससे बहुत ज्यादा खराब शब्दों में भविष्यवाणी की थी। जो लिखने लायक भी नहीं हैं।

जैसा हमने बताया कि सांसद चाहे नए हों या पुराने परिवार मित्रों के साथ आने पर शुरुआत गांधी प्रतिमा से करते थे और समापन करते थे उनको सेन्ट्रल हाल में बिठाकर कुछ खिलाते पिलाते हुए। वह सेन्ट्रल हाल भी खत्म कर दिया गया है। वह जहां भारत का संविधान बना था। नेहरू ने भारत की आजादी की घोषणा करते हुए दुनिया के बेहतरीन भाषणों में से एक ट्रिस्ट विद डेस्टिनी ( नियति से साक्षात्कार) दिया था। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए कहा जाता है कि बहुत भाषण देते हैं। दें! मगर उस जैसा संबोधन नियति से साक्षात्कार दुनिया में विरल माना जाता है। जब दुनिया बदलने वाले, उसे दिशा देने वाले, जनता की निराशा दूर करके उसमें उमंग और उत्साह भरने वाले भाषणों का जिक्र आता है तो उनमें मार्टिन लूथर किंग, लिंकन, लेनिन, कैनेडी जैसे विश्वविख्यात नेताओं के ऐतिहासिक भाषणों के साथ नेहरू के भाषण का भी नाम होता है। अब वह सेन्ट्रल हाल जो इस भाषण का गवाह था वीरान पड़ा है। जब नई लोकसभा का गठन होता था तो राष्ट्रपति यहीं इसी सेन्ट्रल हाल में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते थे। मगर इस बार 18 वीं लोकसभा के सदस्यों को और उनके साथ राज्यसभा सांसदों को वे नई संसद की लोकसभा के सदन में संबोधित करेंगी। नए संसद भवन में सेन्ट्रल हाल है ही नहीं। सेन्ट्रल हाल मतलब संसद की धड़कन। दोनों सदनों के सदस्य वहां आते थे बैठते थे। दलगत राजनीति खत्म हो जाती थी। तमाम विचारोत्तेजक बहसें होती थीं। संसद कवर करने वाले सीनियर पत्रकार भी वहां होते थे। कभी-कभी सोनिया जी भी आ जाती थीं। वाजपेयी जी आते थे। अरुण जेटली का तो वह अड्डा था। लालू जी भी खूब बैठकें जमाते थे। पत्रकार यहां इस और उस पार्टी को कवर करने वाले नहीं होते थे। हर पार्टी के नेता के साथ बैठकर चाय काफी पीते थे। कुछ ऐसे दुष्ट दोस्त नेता भी होते थे जो आपकी आखिरी सिगरेट भी छीनकर पी जाते थे। यह कहकर कि हाउस में जाना है तुम्हें क्या है बैठो यहां और मंगा लेना। यह उन दिनों की बात है जब सेन्ट्रल हाल में धूम्रपान की अनुमति थी और ज्यादातर पत्रकार पीते थे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एसडीएम ने लगाई पालिका कर्मियों को फटकार

**सफाई न होने से बरसात में लोगों के लिये मुसीबत बनेगा नाला**



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका द्वारा नगर के नालों की सफाई अभियान में खाना पूरी की जा रही है जिसके चलते नाले गंदगी से बजबजा रहे हैं वहीं नालों के ऊपर स्लैब डालकर अतिक्रमण किए जाने से नालों की विधिवत सफाई नहीं हो पा रही है। उप जिलाधिकारी ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान नालों में व्याप्त गंदगी देख नगर पालिका के अधिकारियों समेत कर्मचारियों को जमकर फटकारा है। कि नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के नालों व नालियों का सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर पालिका के दो दर्जन से अधिक कर्मचारी नालों की सफाई में लगे हुए हैं उसके बावजूद भी नगर के नाले गंदगी से बज बजा रहे हैं इसके अलावा लोगों द्वारा नालों के ऊपर स्लैब डालकर अतिक्रमण किए जाने से उनकी सफाई विधिवत नहीं हो पा रही है हालांकि नगर पालिका कर्मी सफाई के नाम पर केवल खाना पूरी कर रहे हैं। नगर पालिका के अधिशाशी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि वह नगर के नालों की निरंतर सफाई करवा रहे हैं। बरसात शुरू होने के पहले उन्होंने नगर के सभी नालों की सफाई करवाने का दावा किया है। बताते चलें कि नगर के गांधी विद्यालय मार्ग व नरहिया मार्ग में नालों की गहराई व चौड़ाई कम होने के चलते बरसाती पानी नहीं निकल पाता जिसके चलते वहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण दर्जनों लोगों के घरों में बरसात का पानी घुस जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यह समस्या सालों से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान नगर के नालों व नालियों में व्याप्त गंदगी देखकर नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाते हुए, नालों की विधिवत सफाई करने के आदेश किए हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।** थाना सजेती क्षेत्र के ग्राम महुआ पुरवा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, फोरेसिक टीम को भी बुलाया गया, बताया जाता है कि गांव निवासी कमलेश का 18 वर्ष सोनू उर्फ बंटी देर शाम से गायब था।

सोमवार सुबह गांव बाहर इमली के पेड़ में अगोंछा के सहारे लटका महिला, सुबह लोग जब उधर गए तो पेड़ पर 100 लटका देखा हड़कंप मच गई बाद में उसकी पहचान गांव के सोनू के रूप में हुई, थाना प्रभारी सजेती ने बताया की घटना का कारण अभी कुछ स्पष्ट नहीं है पोस्ट मार्टिन कीहै रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनवाईकेएस के सदस्य ने केंद्रीय मंत्री से की महोबा में पासपोर्ट कार्यालय बनाने की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एनवाईकेएस (नेहरू युवा केन्द्र संगठन) खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य ई राजुल मिश्रा ने महोबा मुख्यालय में पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना की मांग केंद्रीय राज्य मंत्री विदेश मंत्रालय पवित्रा मार्गेरिटा से रखी है। राजुल मिश्रा का कहना है कि महोबा उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का एक ऐतिहासिक जिला है, जिसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बढ़ती हुई जनसंख्या है। हालांकि, स्थानीय पासपोर्ट कार्यालय की अनुपस्थिति निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण असुविधा उत्पन्न करती है, जिन्हें वर्तमान में पासपोर्ट संबंधित कार्यों के लिए निकटतम पासपोर्ट कार्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे न केवल यात्रा में काफी खर्च होता है, बल्कि विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और कामकाजी पेशेवरों के लिए बहुमूल्य समय की भी हानि होती है।

महोबा में एक पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना से निवासियों को अत्यधिक राहत मिलेगी, जिससे पासपोर्ट सेवाएं अधिक सुलभ और प्रभावी हो सकेंगी। इससे अधिक लोग पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को बढ़ावा मिलेगा और जिले के विकास में योगदान मिलेगा। वर्तमान में, लोगों को निकटतम पासपोर्ट कार्यालय तक आने जाने में 150 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। अगर किसी कारणवश कोई दस्तावेज घर पर छूट जाता है, तो इससे एक पूरा दिन और अतिरिक्त खर्च होता है। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर अधिक पासपोर्ट जारी करने से निवासियों को सबसे सुरक्षित पहचान पत्र मिलेगा, क्योंकि इसमें पुलिस परीक्षण शामिल होता है।

पत्र के माध्यम से उनका कहना है कि एक पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना में पर्याप्त योजना और संसाधनों की आवश्यकता होती है। हालांकि, हमें विश्वास है कि जनता को होने वाले लाभ इस निवेश को उचित ठहराएंगे। महोबा के निवासी इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

# संचारी रोग के रोकथाम के लिए हुई बैठक

**सांस लेने से या इन तरीको के किसी भी संयोजन से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है रोग**



**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की मंशानुसार एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है जिसमें स्वास्थय विभाग के कर्मचारियों, ब्लाक कर्मचारियों, नगर पालिका कर्मचारियों के सहयोग से लोगों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करके संचारी रोगों पर नियंत्रण किया जाना है, अभियान के सफल संचालन हेतु उपजिला अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी के अधीक्षक डॉ. पी के सिंह राजपूत ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के विषय में विस्तार से चर्चा की, श्री राजपूत ने बताया कि संचारी रोग वह है जो बीमारी किसी कीड़े के काटने से रक्त या शरीर के अन्य तरल पदार्थो के संपर्क में आने से वायुजनित वायरस में सांस लेने से या इन तरीको के किसी भी संयोजन से रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है और बताया कि अधिकांश बीमारियां संक्रामक होती है।

उपजिला अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि गाइडलाइन के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें जिससे संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाना सुनिश्चत हो सके, यूनीसेफ के वीरेन्द्र कुमार ने भी संचारी रोगों के बारे में उपस्थित कर्मचारियों को बताया, बैठक में स्वास्थय, नगर पालिका एवं विकास विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



## कुएं में अज्ञात का शव मिलने से हड़कंप

**महोबा।** जनपद महोबा थाना पनवाड़ी क्षेत्र में राठ रोड़ पर खेत पर बने कुएं में अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया वही आपको बता दें कि राठ रोड़ पेट्रोल पंप के आगे विक्रम पिता बालवीर निवासी ठकुरासपुरा पनवाड़ी के खेत पर बने कुएं में शव मिलने से हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह ट्रेक्टर चालक के द्वारा खेत की जुताई की जा रही उसी समय चालक ने पानी पीने के लिए कुएं के पास गया तभी कुएं से गंध आ रही थी तभी वहीं आस पास खेतों में काम कर रहे लोगों को बताया गया कुएं में देखा गया तो शव डला हुआ था वहीं ग्रामीणों के द्वारा पनवाड़ी थाना पुलिस को सूचना दी गई वहीं सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडे मय पुलिस बल के साथ मोके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया पुलिस ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया शव की पहचान नहीं हो पाई।

# सभासद प्रतिनिधि ने उठाई तालाब में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ आवाज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशों को धता बता कर जिम्मेदार अपनी मन मर्जी से कार्य कर रहे हैं जिससे तालाबों में अतिक्रमण बढ़ने से स्थानीय लोगों में खास रोष व्याप्त है। जनपद महोबा के कबरई नगर पंचायत के बघवा में स्थित प्राचीन गढ़ा तालाब में दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर तालाब का नामो निशान मिटाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा हैं। पूर्व में कई बार सभासद प्रतिनिधि व नगर के लोगो द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला लिखित शिकायत जिम्मेदारों को सौंपी जा चुकी है लेकिन आश्चर्य की बात यह है की किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगी। जिससे पुनः रानी लक्ष्मीबाई नगर के सभासद प्रतिनिधि ने समाधान दिवस पर शिकायती पत्र में अवगत कराते हुए बताया की मुहल्ले में स्थित प्राचीन गढ़ा तालाब में तमाम दबंग किस्म के व्यक्तियों ने जबरन दबंगई के बल पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं तथा अभी अन्य दबंग लोग मकान का निर्माण करवाते चले जा रहे हैं जिससे आने वाले उक्त समय ने प्राचीन तालाब का अस्तित्व खत्म होने को कगार में है।

इसलिए सभासद प्रतिनिधि रविचंद्र, अभय, कुलदीप, भानुप्रताप, होरीलाल समेत तमाम नगर के लोगो ने तालाब को कब्जाधारियों से बचाने के लिए उक्त तालाब से सभी दबंगों का कब्जा हटवाया जाना जनहित में आवश्यक की बात कही है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।** सोमवार शाम मूसानगर रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई वाइक सवार युवक कोतवाली क्षेत्र के गांव गड्था का रहने वाला बताया जाता है मरने वाला युवक साथी के साथ मोटर साइकिल घाटमपुर की ओर आ रहा था। और जैसे ही नवेडी गांव के पास पहुंचा थी तभी हादसा हो गया घायल को घाटमपुर सीएससी मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चनदर भान की मौत हो गयी , सूचना पर पहुंच पुलिस शव को कब्जे में ले कर आगे की कार्य की।

### व्यापारी हत्या के मामले को पुलिस मान रही है आत्महत्या

**राठ,हमीरपुर।** रविवार को पशु व्यापारी के हत्या का मामले पर स्थानीय पुलिस हत्या व आत्महत्या का कारण स्पष्ट नही कर पा रही है।।जानकारी के मुताबिक राठ कस्वा निवासी मूरत सिंह(60) का शव रविवार की सुबह हमीरपुर मार्ग स्थित साईं मंदिर के पीछे गज्जी यादव के खेत में लगे नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला था। लेकिन सोमवार को एक नया मोड़ आया है। मृतक के ऊपर करीब 12 लाख रुपए का कर्ज बताया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक के पेट का आपरेशन हुआ था। बीमारी के चलते वह परेशान रहता था। जिसकी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वहीं पुलिस भी इस घटना को आत्महत्या की नजर से देख रही है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया से यह मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है। घटना के समय तहरीर में नामजद आरोपी घर पर ही थे। जो सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं। बताया कि अभी शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं है।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट युवक को लगी चोट, रेफर



**दुद्धी, सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के महुअरिया ग्राम पंचायत में शनिवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे दो विस्वा जमीन पर निर्माण हेतु बिल्डिंग मेटेरियल गिराने को बात को लेकर पहले से कब्जा किए हुए पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर लाठी डंडे से मारपीट के दौरान एक युवक के सिर पर गंभीर चोटे आई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी से जिला अस्पताल डॉक्टरों ने रेफर कर दिया था।पीड़ित सत्यदेव पुत्र रामनरायण ने कोतवाली को दिए तहरीर में जिक्र किया है कि शनिवार को आराजी संख्या959 स्थित ग्राम महुअरिया जो पीड़ित के हिस्से व कब्जे की भूमि है। पीड़ित उक्त आराजी भूमि पर मकान बनाने हेतु बिल्डिंग मटेरियल गिराने के लिए गाड़ी मंगाया था,विपक्षी की भूमि से होकर गाड़ी गुजर रही थी,कि इसी दौरान विपक्षी ग्राम प्रधान विजय कुमार पुत्र अयोध्या के द्वारा लाठी डंटा लेकर गाली गलौज पीड़ित के पुत्र पंकज कुमार को देते हुए विपक्षी के पुत्र अतुल कुमार, संतोष कुमार पुत्र अयोध्या, अयोध्या पुत्र स्व हरिचंरण धीरज कुमार पुत्र दिनेश कुमार कृष्णामुरारी पुत्र अयोध्या व राजकुमार पुत्र अयोध्या समस्त निवासी महुअरिया के द्वारा लाठी डंडे से पीड़ित के बेटे के ऊपर टूट पड़े और प्रहार कर दिया, जिससे मेरा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया शोरगुल की आवाज सुन मैं ज़ब वहां पहुंचा तो इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान व अन्य लोगों को अपने साथ ले गई।

# चार डंपर आपस में भिड़े बाइक सवार समेत तीन घायल

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।**

सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास रविवार देर रात चार डंपर आपस में भिड़ गए। घटना में डंपर का एक चालक एक बाइक सवार समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल हमीरपुर भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया गया है। हादसे के चलते कानपुर सागर हाईवे में कई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी जुबेर अपने परिचालक साथी इरफान के साथ खाली डंपर लेकर हमीरपुर जा रहा था। सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे गिट्टी लदे डंपर से भिड़ंत हो गई। वहीं हादसे के बाद पीछे से आ रहे एक अन्य डंपर दुर्घटनाग्रस्त डंपरों को टक्कर मारते हुए हाईवे में पलट गया। कुछ देर बाद अंधेरा होने के चलते खाली रोड में पड़े डंपर से चौथा डंपर भी आ टकराया। वहीं इसी दौरान हमीरपुर के देवदास मंदिर मोहल्ला निवासी शिरीष चंद्र भी दुर्घटनाग्रस्त डंपरों की चपेट पर आकर घायल हो गए। अचानक हुए घटनाक्रम के बाद सक्रिय हुए स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को देते हुए अन्य गाड़ियों को सचेत करते रहे। घटना में राजू के साथ जुबेर और इरफान के साथ एक अन्य अज्ञात भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल हमीरपुर भिजवाया। जहां से उन्हें कानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र में दो दिन पूर्व घटित हुई दुर्घटना में घायल समूह की दो महिलाओं में एक की इलाज दौरान मौत हो गई है। जबकि दूसरी आज भी जीवन मौत से जूझ रही है।

मौत की खबर से अक्रोशित महिलाओं ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने कार्यालय के बाहर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे पुलिस बल सहित पहुंचे। महिलाओं ने अज्ञात वाहन और उसके चालक का चेहरा बेनकाब करने की मांग की है। कहा कि यदि वाहन न पकड़ा गया तो आंदोलन होगा। वहीं खंड विकास अधिकारी संतराम को मांग पत्र सौंपा और शौचालय निर्माण की मांग की है।बता दें कि शुक्रवार देर शाम झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग थानांतर्गत छतेसर नर्सरी के समीप अज्ञात वाहन ने समूह से जुड़ी दो महिलाओं को बुरी तरह से रौंद दिया था। आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाथा। डाक्टर ने फौरी इलाज के बाद हालत नाजुक होने पर मेडिकल झांसी रेफर किया है। इलाज दौरान महुआ गांव की रामवती पत्नी शिवकुमार की मौत हुई। शव को वापस लाया गया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम से शव वापस आया तो हंगामा की खबर से पुलिस सतर्क हो गई तथा कार्यालय पहुंची। बाद में शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा है। वहीं दूसरी महिला कस्बा के पठानपुरा निवासी लोकेंद्र साहू की पत्नी चंद्रावती अभी भी जीवन मौत से जूझ रही है।

## शराब पीने के बाद दोस्तों ने मिलकर दोस्त की कर दी हत्या

**हमीरपुर।** जलालपुर क्षेत्र के बीलपुर गांव में तीन दिन पहले हत्या कर फेकी गयी युवक की लाश का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शराब पीने के बाद दोनो अभियुक्तों ने दोस्त का गला घोटकर हत्या कर दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने बताया कि 21 जून को बीलपुर गांव निवासी लखन(28) की लाश पुलिस ने गांव के किनारे बरामद की थी। दोनो हाथ रस्सी से बंधे हुये थे मुंह में कपडा ठुसा हुआ था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन में पाया कि बीस जून की रात को गांव के संजय व राजेश ने मृतक लखन के साथ मिलकर शराब पी थी इसके बाद लखन ने दोनो साथियों को गाली गलौज करना शुरु कर दिया इसपर नाराज होकर संजय व राजेश ने दोस्त लखन का गमछा से गला घोट दिया और उसको गमछे को मुहं में ठूस दिया।

## महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुई गोष्ठी

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा जिला कार्यालय पर आदिवासी समाज की गौरव सौर्य एवं वीरता की प्रतीक महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्ति सिंह के घर हुआ था महारानी दुर्गावती का विवाह गोंड वंश के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह के साथ हुआ था कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा के प्रत्याशी सुनील सिंह गोंड ने कहा महारानी दुर्गावती ने अपने प्रजा की खुशहाली के लिए मुगलों से लड़ाई लड़ी गोंडवाना साम्राज्य में जब महारानी दुर्गावती का शासन था।

# प्रांतीय आवाह्न पर भारतीय मजदूर संघ ने प्रदूषण रोकथाम के लिये सौंपा ज्ञापन



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रांतीय आवाह्न पर आज भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उद्देश्य से आठ बिंदुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किए जाएं।

जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि सभी प्रमुख नगरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाया जाए साथ ही नदी नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचने हेतु उचित उपाय किए जाएं, अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों के बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालय में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भूजल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाए ,इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक विनय सिंह चंदेल, शिवशरण सिंह मंत्री अत्री शर्मा कोषाध्यक्ष सूरजभान आरएसएस के नगर पर्यावरण प्रमुख रमाशंकर शुक्ला, महेश कुमार सैनी, महेश कैशियर, अंकित यादव, आशीष गुप्ता, धर्मराज लल्लूराम भारती दिनेश मोहनलाल मोनू पांडे नीरज विश्वकर्मा सुरेश यादव तारिक हुसैन उमा देवी विजय गुप्ता मूलचंद गुप्ता धर्मेंद्र आकाश रवि प्रकाश रामलाल आलोक रामपाल श्यामलाल अभिषेक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

**अनावश्यक पेडों की कटाई पर रोक,प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्यवाही की मांग**

### ध्वनि प्रदूषण के लिये एआरटीओ व प्रशासन जिम्मेदार : मंडलीय अधिकारी

**हमीरपुर।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चित्रकूटधाम की मंडलीय अधिकारी डॉ. माधुरी कमलबंशी का कहना है कि ध्वनि प्रदूषण के मामले में जिले के एआरटीओ व प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार है,यदि किसी उद्योग से प्रदूषण फैलाने का मामला है तो उनको जानकारी दी जाये वह हर हाल में जांच कराकर कार्यवाही करेगी। उनका कहना है कि जिले में उद्योग धंधे शहर के अन्दर नही है इसलिये हमीरपुर जिले में कोई प्रदूषण की समस्या नही होनी चाहिये फिर भी मामला संज्ञान में आने पर जांच करायेगी।

## गुलालझरिया ग्राम पंचायत का टैंकर दूसरे गाँव मे भेजने पर किया विरोध

**दुध्दी,सोनभद्र।** तहसील क्षेत्र दुध्दी के ग्राम पंचायत गुलालझरिया का सार्वजनिक टैंकर जो अपने ही गाँव में पानी की आपूर्ति को पूरा करने के लिए खरीदा गया है जो की स्थानीय गाँव में पानी न देकर बगल के गाँव में प्रधान द्वारा पानी को बेचने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि आज हमारे गाँव में पीने के लिए पानी का किल्लत है और हमारे गाँव के प्रधान दूसरे गाँव में पैसा लेकर पानी बेच रहा है जिससे हम लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है और इससे पहले भी ग्रामीणों ने यह आरोप लगाया है की ग्राम प्रधान जब कभी गाँव मे शादी विवाह होता है तो टैंकर माँगा जाता है तब प्रति घर 500 रुपये लिया जाता है।

# रेलवे स्टेशन पर मिली युवक की लाश,परिजनों ने लगाया जाम

**सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के दो युवकों के साथ बैंगलोर मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध हालत में बीते 19 जून को बंगलौर के एक रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे मिला, पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर कस्बे में आए परिजनों ने धर्मेश्वर बाबा के समीप शव रखकर जाम लगा दिया। परिजन साथ लेकर जाने वाले दोनों युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे, सुमेरपुर निवासी शिवचरन वर्मा ने बताया कि उसके भाई आनंद किशोर वर्मा (32) को मोहल्ले में रहने वाले राहुल तिवारी व शिवप्रकाश गुजरात में फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर गत फरवरी माह में साथ लेकर गए थे। यहां पर राहुल तिवारी से गत 17 अप्रैल को विवाद हो गया। इससे आनंद किशोर व शिवप्रकाश गुजरात से अंबाला चले आए।

बताया कि कुछ दिन बाद राहुल तिवारी ने हिसाब करने के बहाने इनको वापस बुला लिया। इसके बाद गत 19 जून को आनंदकिशोर का शव बैंगलोर में कालीमाई स्टेशन के समीप निर्जन स्थान पर पाया गया। पुलिस से मिली सूचना पर वह बेंगलुरू पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर सोमवार को कस्बे में आए। पीड़ित परिवार ने दोनों युवकों के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर शव को बांदा मार्ग में दोपहर करीब ढाई बजे रखकर जाम लगा दिया है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित पक्ष को समझाने का प्रयास करते रहे, मृतक अपने पीछे पत्नी रोशनी,बेटी नित्या, बेटा तनिष्क आठ माह को छोड़कर गया है। जाम लगने के दो घंटे बाद भी थानाध्यक्ष के समझाने के बाद लोग जाम खोलने को तैयार नहीं हुए उनकी मांग थी कि उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाया जाए।

तभी जाम खोला जाएगा। बवाल कि आशंका को देखकर आसपास के थाने से भी पुलिस बल मौके पर बुला लिया गया, सीओ सदर ने भी परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी तभी पुलिस और परिजनों के बीच झड़प हो गई, बाद में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शव को सड़क से हटाकर जाम खुलवा दिया, बाद में एसडीएम वहां पहुंचे और परिजनों से बात की।

# भाकियू ने तहसीलदार से की विद्युत विभाग के धन उगाही की शिकायत

**राठ,हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



किसानों के साथ फसल बीमा एवं विद्युत विभाग द्वारा की जा रही लूट को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील दार भूपेंद्र को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने समस्या का समाधान कराए की की मांग की है।

भाकियू के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार किसानों, मजदूरों के आर्थिक लाभ के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है। उन्हीं योजनाओं का लाभ किसानों, मजदूरों तक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पहुंचाने नहीं दिया जा रहा है। पिछले साल किसानों ने बीमा कराया। लेकिन अति वर्षा होने के कारण खरीब व रवि की फसलें बर्बाद हो गई थी। बताया कि विधानसभा परिषद में एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने फसल क्षति का 80 फीसदी मानते हुए सवाल उठाया था। जिसमें 2100 किसानों ने फसल क्षति का दावा किया था। लेकिन 500 किसानों की क्षतिपूर्ति की गई। किसानों के ऊपर लगे बिजली के फर्जी मुकदमे वापस किए जाए?। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रामप्रकाश, नंदलाल, रामसनेही राजपूत, बृजकिशोर, मानिकचंद्र, कुलदीप सिंह, चंद्रभान सिंह, जगदीश आदि किसान मौजूद रहे।

# भाजपा के नेता अपने संरक्षित गुंडों के माध्यम से जनपद और प्रदेश का माहौल कर रहे खराबः कलीम खान

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- बिच्छू गैंग के सदस्यों की मारपीट से हुई युवक की मौत के मामले में पीड़ित को न्याय दिलाने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिवार से मिला
- -सपा नेताओं ने परिवार को व्यक्त की शोक संवेदनाएं, हर संभव मदद का दिया भरोसा



**बीते** दिनों गुरसहायगंज क्षेत्र में स्थित स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान हुए विवाद में बिच्छू गैंग के सदस्यों द्वारा चार युवकों से मारपीट की गई थी। मारपीट से गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था, इसी मामले में पीड़ित को न्याय दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल मृतक युवक के परिजनों से मिलने ग्राम अकबरपुर पहुँचा। यहां सपा नेताओं ने मृतक के परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की एवं पार्टी द्वारा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उसके उपरांत सपा का प्रतिनिधि मण्डल गुरसहायगंज के निकट इंदुयागंज रोड पर खांडेदेवर स्थित स्विमिंग पूल पहुंच कर घटना स्थल का मुआयना किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली हार से बौखलाए भाजपा के नेता अपने द्वारा संरक्षित गुंडों के माध्यम से जनपद और प्रदेश का माहौल ख़राब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाये बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कहा कि इस घटना में भाजपा संरक्षित बिच्छु गैंग का नाम सामने आ रहा है। सपा के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव पूर्व विधायक एवं कल्यान सिंह दोहरे ने कहा कि यह गैंग पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उन्होंने कन्नौज पुलिस से अपेक्षा की है कि इस गैंग का सफाया करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय देने का काम करें वऔर फरार अपराधियों पर बुलडोजर की कार्यवाही अमल में लायी जाए। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन, अनिल पाल, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, रामशंकर लोधी, छोटे ठाकुर, कुक्कू चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह बघेल, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, कुल्लू प्रधान, वशीम हसन, तुफैल अहमद, मानी गुप्ता, रणधीर सिंह, मुजफ्फर हुसैन, जीशन कुरैशी, मुकीम खान आदि नेतागण मौजूद रहे।

# पूर्व सहकारिता मंत्री पूर्व सांसद की पूर्ण तिथि पर मूर्ति माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



पूर्व सांसद पूर्व सहकारिता मंत्री पंडित राम प्रकाश त्रिपाठी चाचा जी की पुण्यतिथि पर पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती अर्चना पांडे सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्या प्रकाश महाविद्यालय में स्थित स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी चाचा जी की मूर्ति पर पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए चेयरमैन मनोज कुमार दुबे रवि शंकर चतुर्वेदी अविनाश द्विवेदी राकेश मिश्रा विवेक दुबे सूर्यकांत दीक्षित गौरव दुबे मुनीश्वर मिश्रा प्रत्यूष दुबे रमाकांत त्रिपाठी सभासद पंकज द्विवेदी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने छिबरामऊ के जननायक पूर्व सांसद पूर्व सहकारिता मंत्री पंडित राम प्रकाश त्रिपाठी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित विद्या प्रकाश महाविद्यालय के प्रांगण में पूर्व राज्य मंत्री अध्यक्ष मनोज दुबे भारतीय जनता पार्टी आलोक गुप्ता गौरव द्विवेदी राकेश मिश्रा ने वृक्षारोपण किया।

# तीन दिनों तक लावारिस हालत में तड़फने के बाद महिला की हुई मौत

- परिजन तीन दिनों तक करते रहे तलाश, सोशल मीडिया से हुई शिनाख्त
- तिर्वा कस्बे के बौद्धनगर मोहल्ले का मामला, घर से रिस्तेदारी जाने के लिए निकली थी महिला

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



फाइल फोटो मृतक महिला सोनकली



मोर्चरी के बाहर लगी परिजनों की भीड़

कस्बे के बौद्धनगर मोहल्ला निवासी एक महिला सड़क दुर्घटना में घायल होकर तीन दिनों तक लावारिस हालत में मेडिकल कॉलेज में तड़फती रही। सोमवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। उधर परिजन तीन दिनों तक उसकी तलाश में जगह-जगह भटकते रहे। मौत की जानकारी पर परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे, तो कोहराम मच गया। बौद्धनगर मोहल्ला निवासी सोनकली (55) पत्नी सुभाष चन्द्र शुक्रवार की दोपहर अपनी रिस्तेदारी ठठिया क्षेत्र के बलनापुर गांव में जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक जब वह बलनापुर गांव नहीं पहुंची, तो परिजनों में चिंता हुई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार को परिजन कोतवाली पहुंचे। यहां परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। सोशल मीडिया व अन्य साधनों के जरिए महिला की तलाश में पुलिस व परिजन लगे हुए थे। सोमवार की दोपहर राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पिछले तीन दिनों से लावारिस हालत में भर्ती एक महिला की शिनाख्त सोनकली के रूप में हुई, तो जानकारी तिर्वा पुलिस को दी गई। पुलिस जब मेडिकल कॉलेज पहुंची, तो महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसपर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# लेखपालों ने कानूनगो के खिलाफ खोला मोर्चा

- तहसील में राजस्व निरीक्षक के खिलाफ नारेबाजी कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**तहसील** लेखपाल संघ ने सोमवार को अपने ही राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश दुबे पर अनियमितताएं बरतने व भष्टाचार का आरोप जड़ते हुए नारेबाजी की। बाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उनके नेतृत्व में काम करने की असमर्थता जाहिर की। एसडीएम ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। तहसील लेखपाल संघ के संयोजक अभिषेक यादव व सहसंयोजक विवेक पाल के नेतृत्व में तहसील लेखपाल संघ ने सोमवार को तहसील परिसर में राजस्व निरीक्षक के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप जड़ा कि राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में काम करने वाले करीब एक दर्जन लेखपालों का वह निरंतर उत्पीड़न करते हैं। उनपर कई भ्रष्टाचार के आरोप है। लेखपालों पर अनुचित काम के लिए दबाव बनाते हैं। जिससे सभी लेखपाल उनकी कार्यशैली से असंतुष्ट है। उनकी कार्यशैली को लेखपालों में भारी आक्रोश है। जिस बजह से कोई लेखपाल अब उनके नेतृत्व में काम करने को तैयार नहीं है। बाद में सभी लेखपाल एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम अशोक कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इसपर एसडीएम ने सभी को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## अफ्वाह फैलानें बाले लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाईः सीओ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर व क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये क्षेत्राधिकारी सदर नें दलबल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर जहां एकओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नागरिकों से वार्ता कर गैरकानूनी कार्यों में लिप्त लोगों की सूचना देनें की अपील की है। सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार नें प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार द्विवेदी सहित भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, चकोर रोड, फतेहगढ रोड पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सडकों व शराब ठेकों के आसपास जमघट लगाये अराजक तत्वों में हडकम्प मच गया और इधर उधर खिसकते दिखाई दिये। इस दौरान उन्होनें कहा कि सोशल मीडिया पर अफ्वाह फैलानें वाले लोगों पर कडी कार्रवाई की जायेगी। वहीं नागरिकों से अराजक तत्वों की सूचना देने की अपील भी की।

## शादी का झांसा देकर युवती का शोषण किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** युवती को अपने प्रेम जाल में फांसने के बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि एक वर्ष पूर्व गांव के ही अलीम ने उसे प्रेम जाल में फांस कर शादी का झांसा देते हुए करीब एक वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। उसके द्वारा शादी करने का दबाव बनाने पर आलिम ने अपने भाईयों सलीम, नदीम, माता एवं पिता शमीम के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मंडी समिति से हटवाए नीलामी चबूतरो से अवैध कब्जे

**छिबरामऊ कन्नौज ।** बरसात के मौसम मे किसानो की फसले को भीगने से बचाने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति के नीलामी चबूतरो से स्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।प्रसाशन के खौफ के चलते कुछ आढतियो स्वंय ही अपने टट्टर हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया। कृषि उत्पादन मंडी समिति मे किसानो को उनकी फसलो को रखने के लिए नीलामी चबूतरो का निर्माण कराया गया है।मंडी समिति मे कारोबार कर रहे लगभग अंधा सैकडा आढतियो ने टट्टर लगाकर नीलामी चबूतरो पर स्थाई कब्जा कर रखा है। चबूतरो पर कब्जे के कारण किसानो को अपनी फसलो को खुले आसमान के नीचे रखना पडता है। बुधवार की रात हुई बरसात से उनकी फसले भीग गई। नमी युक्त फसलो को खरीदने से व्यापारियो ने इंकार कर दिया। जिस पर किसानो ने मेहनत कर फसल को सुखाया फिर जाकर उनकी बिक्री हो सकी। किसानो के साथ कुछ आढतियो ने नीलामी चबूतरो पर अवैध कब्जे की शिकायत एसडीएम उमाकांत तिवारी से की थी।एसडीएम के निर्देश पर मंडी सचिव श्रवण कुमार परमार ने सुरक्षा कर्मीयो के साथ अभियान चलाकर चबूतरो से टट्टर हटाकर नीलामी चबूतरो को कब्जा मुक्त करा दिया।मंडी सचिव ने चेतावनी भी दी दोबारा कब्जे का प्रयास करने वाले आढतियो के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

## युवकों ने छात्र के चेहरे पर तेजाब डालने की दी धमकी

**गुरसहायगंज।** नगर में रहने वाली छात्रा मोहल्ले के युवकों की छेड़खानी से परेशान है। स्कूल आते-जाते छेड़खानी कर उसे परेशान किया जाता है। विरोध करने पर तेजाब डालकर उसका चेहरा जलाने की धमकी मिल रही। छात्रा और उसके परिजन डरे-सहमे हैं। पिता ने एसपी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला किदवई नगर मोहल्ले का है। यहां रहने वाले हिन्दू परिवार की एक छात्रा को मोहल्ले के ही अफरोड़ा, फिरोज एवं समसुल परेशान करते हैं। स्कूल आते-जाते वक्त उसके साथ छेड़छाड़ और छींटाकसी करते हैं। युवकों की बत्तमीजी का जब छात्रा और उसके परिजनों ने विरोध किया तो वह लोग मारने और चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी देने लग गए।

# बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 249

**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**मोहल्ला** बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस फ़ातेह बिलग्राम मिशन फ़्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से एमबीबीएस डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉक्टर शायना परवीन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के अलावा बरेली से मशहूर हकीम अब्दुल हक, व मोहम्मद शोएब रजा के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों का परीक्षण कर फ्री में दवाइयां दी जा सके इस दौरान शोएब, महमूद मंसूरी, शोएब कादरी, आमिर, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद हुसैन, महफूज आदि लोगों की देखरेख में मरीज को देखा गया।

# बिच्छू बैंक से पीड़ित परिजन के घर पहुंचे एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता हुआ एक नौकरी देने की मांग की

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल ग्राम अकबरपुर में पीड़ित परिवार के घर मिलने पहुंचा। छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव जिला अध्यय कलीम खान ,समाजवादी नेता जय कुमार तिवारी पूर्व कल्यान सिंह दोहरे पूर्व अनिल पाल आकाश शाक्य मिडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव कुकू चौहान अंशू पाल छोटे ठाकुर हसीब हसन ब तमाम लोग साथ में पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव कहा की बिच्छू गैंग पर बुलडोजर कब चलेगा शहर में आतंक मचाये हुये बिच्छू गैग सरकार सिर्फ मस्जिद मंदिर के नाम पर वोट मांगने का कार्य कर रही है कानून व्यवस्था बिल्कुल भष्ट है पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया जल्द से जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष से मदद करने का कार्य करेंगे और सरकार से अपील की पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए और उसके एक घर में नौकरी दी जाए उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर की पहुंच से दूर है बिच्छू गैंग के सदस्य की संपत्ति।

# युवकों ने छात्रा के चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर में रहने वाली छात्रा मोहल्ले के युवकों की छेड़खानी से परेशान है। स्कूल आते-जाते छेड़खानी कर उसे परेशान किया जाता है। विरोध करने पर तेजाब डालकर उसका चेहरा जलाने की धमकी मिल रही। छात्रा और उसके परिजन डरे-सहमे हैं। पिता ने एसपी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी पीडित पिता द्वारा एसपी अमित कुमार आन्नद को सौंपे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसकी पुत्री को मोहल्ले के ही समुदाय विशेष के तीन युवक आयेदिन परेशान करते हैं स्कूल आते-जाते वक्त उसके साथ छेड़छाड़ और छींटाकसी करते हैं। युवकों की बत्तमीजी का जब छात्रा और उसके परिजनों ने विरोध किया तो वह लोग मारने और चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी देने लग गए। जिससे डरकर छात्रा स्कूल जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। छात्रा के पिता की शिकायत पर एसपी नें मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को घटना की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# समधन नगर की बिजली व्यवस्था रखेंगे दुरुस्तः चेयरमैन आसमा बेगम

- इंदुयागंज पावर पर समधन फीडर के लिए पहुंचा नया ट्रांसफार्मर

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



**काफी दिनों** से बिजली समस्या से समधन नगर की जनता काफी परेशान थी इंदुयागंज बिजली उपकेंद्र से नगर में बिजली पहुंच रही हैं। समधन चैयरमैन आसमा बेगम? के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए मांग की थी । सोमवार को इंदुयागंज बिजली उपकेंद्र पर पांच एम बीए का नया ट्रांसफार्मर समधन फीडर के लिए पहुंच गया पुराना ट्रांसफार्मर हटा दिया गया इंदुयागंज बिजली उपकेंद्र पर समधन चेयरमैन आसमा बेगम मौके पर पहुंची और व्यवस्था को देखा इसी दौरान उन्होंने बिजली उपकेंद्र पर तैनात कर्मियों से कहा कि हमारे नगर में बिजली सप्लाई दुरुस्त रखने की बात कही आगे उन्होंने कहा कि हम अपने नगर की आवाम को भरोसा दिलाती हूं कि बिजली समस्या हमेशा दुरुस्त रखने के लिए हर संभव हमेशा प्रयास करती रहूंगी आज़ पूरे दिन समधन को बिजली नही मिलेगी आज रात से सप्लाई शुरू होगी। इस अवसर पर पूर्व सभासद फहमीर हुसैन, मो0 कलीम खान, भोला, मुज्जमिल हुसैन, मो0 कलीम उर्फ कल्ले, मोहम्मद नजरुल आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** आलाधिकारियों ने बन्दियों से की वार्ता, जानी उनकी समस्याएं, जेल की सुरक्षा संबंधी उपकरणों को परखा

# डीजे और डीएम ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

- बैरिकों की कराई गई तलाशी, नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



जिला कारागार का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व मौजूद अन्य अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**जनपद** न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया।

जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद न्यायाधीश और डीएम ने सभी अहातों की बैरकों में निरूद्ध बंदियो से वार्ता कर उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताॅछ की और बैरकों की तलाशी करायी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्ध वस्तु नहीं पायी गयी। जनपदीय अधिकारियों द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में भोजन, पानी, रहने, दिन/रात्रि शौचालय, गर्मी के मौसम को देखते हुये पंखों की क्रियाशीलता/अक्रियाशीलता, मिट्टी के घड़े, वाटर कूलरों से ठण्डे पानी की आपूर्ति के सम्बन्ध में एवं किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी की। निरीक्षण के दौरान कारागार में पर्यास साफ-सफाई पायी गयी। डीजे और डीएम ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे आदि की क्रियाशीलता को देखा। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जेल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें। साथ ही निर्देशित किया कि कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, प्रभारी अधीक्षक एवं कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उपकारापाल रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा. इफराक हुसैन तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार समेत प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।









# एनडीपीएस के आरोपी को सात माह की सजा

▸ 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद — समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज कक्ष 7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने एनडीपीएस के मामले में मनोज कुमार पुत्र सोनेलाल निवासी काकन नगला कायमगंज को दोषी करार देते हुए सात माह का कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विगत 20 वर्ष पूर्व एसआई भरत वर्मा आवास विकास क्षेत्र में देखरेख व शांति व्यवस्था में मामूर थे। आवास विकास तिराहे पर पहले से ड्यूटी कर रहे कांस्टेबिल विनोद कुमार व हरिनारायण मिले और संदिग्ध लोगों की तलाशी लेने लगे। उसी दौरान आवास विकास कालोनी की तरफ से तिराहे की ओर आ रहा युवक हम पुलिस वालों को देखकर पीछे मुड़कर तेज भागने लगा। हम लोगों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज कुमार बताया। जब मैंने भागने का कारण पूछा, तो बताया कि मेरे पास दो किलो अफीम की बोड़ी के डोडे है। पूछा तो बताया कि शाहजहांपुर से लाता हूँ और यहां आकर बेचता हूँ। पुलिस ने मुकदमा लिखकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने मनोज कुमार को सात माह का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## देवेंद्र कुमार उर्फ जग्गू यादव सीजेएम न्यायालय में हुए पेश

**फर्रुखाबाद।** बीते दिनों से देवेंद्र कुमार उर्फजग्गू यादव गैंगेस्टर के मामले में जिला जेल में निरुद्ध हैं। जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। जग्गू यादव के विरुद्ध जानलेवा हमले में अपराध संख्या 889/2018 व गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मामला अपराध संख्या 543/2022 फतेहगढ़ कोतवाली में दर्ज हुए थे। जो कि न्यायलाय में विचाराधीन हैं। इन दोनों मुकदमो में सीजेएम न्यायालय ने तलब किया। पुलिस ने जग्गू यादव को कोर्ट में पेश किया। मुकदमो में अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

## टैम्पों पलटने से पूर्व सैनिक सहित आधा दर्जन घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से टेम्पों पलटने से उसमें दबकर पूर्व सैनिक सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिसमें गंभीर घायल पूर्व सैनिक सहित दो को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कलान नगला के निकट फर्रुखाबाद से सवारियों को लेकर जा रहा। टेंपो के सामने तेज रफ्तार कार आ गई। कार से भिड़ंत बचाने को चालक ने टेम्पों को साइड में उतारने का प्रयास किया। जिससे टेंपों पलट गया। जिससे कई सवारियां उछलकर बाहर आ गिरीं। कई टेंपो में ही फंसी रह गयीं। स्थानीय लोगों ने सभी को बाहर निकाला। उपरोक्त घटना में कोतवाली मोहम्मदाबाद के नीव करोरी निवासी सुर्मिला, फतेहगढ़ व फतेहगढ़ के न्यू सैनिक कालोनी निवासी पूर्व सैनिक रमेश को एंबुलेस से लोहिया में भर्ती करवाया गया। वहीं चालक को चोट नहीं आयी।

# खेत में लगी वाड़ के करंट से चाचा की मौत, भतीजा घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के गांव गुडेरा निवासी रणवीन पुत्र छत्तर सिंह ने जानवरों से फसल बचाने के लिए खेत पर चारों तरफ तार लगा दिए। जिनमें करंट दौड़ा दिया। गांव की आबादी अधिक होने के कारण ग्रामीणों को हर समय किसी अनहोनी घटना की आशंका हर समय सताती रहती थी। बीती शाम ऐसा ही एक अनहोनी घटना घट गयी। जिसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी, जबकि दूसरा घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार देर शाम अंश पुत्र योगेंद्र उम्र लगभग 3 वर्ष खेलते-खेलते खेत के किनारे पहुंच गया। जिसको करंट लग गया। बचाने आए चाचा अवनीश कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह भी करंट की



मृतक का फाइल फोटो

चपेट में आ गए तथा घायल हो गए। देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीण इकट्ठा हो गए तथा निजी वाहन के द्वारा चाचा भतीजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने अवनीश कुमार को मृत घोषित कर दिया तथा भतीजे अंश का इलाज चल रहा है। जैसे ही परिवार वालों ने अवनीश कुमार की मौत होने की खबर सुनी, तो पत्नी पूनम, मां मीरा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। मृतक अपने तीन भाइयों में बीच का था तथा मृतक का शव परिजनों ने मोर्चरी में रखवा दिया। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है सूचना आने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने के बाद दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## पीड़ित ने बाइक सहित चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित ने अपनी बाइक सहित चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित सरफराज हुसैन पुत्र इस्माइल निवासी ढुइयॉ थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद का रहने वाला है। पीड़ित की दिनांक 9 मई को सद्दाम हॉस्पिटल रामपुर ढपरपुर फर्रुखाबाद थाना मऊदरवाजा से मोटर साइकिल चोरी हो गयी थी। पीड़ित की उक्त मोटर साइकिल आर15 जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यू0पी076एके0970 है। जिसकी सूचना पीड़ित ने थाना प्रभारी अमित गंगवार को दिनांक 9 मई को दी थी। तब थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया था कि आपकी गाड़ी मिल जायेगी एफआईआर दर्ज कराने की कोई जरुरत नहीं है। पीड़ित ने अपनी मोटर साइकिल की काफी खोजबीन की, जो कि दिनांक 19 जून को अपने हॉस्पिटल के सामने अपनी गाड़ी को उमेर पुत्र चॉद खॉं निवासी हैवतपुर गढ़िया पठान वाली गढ़िया को रंगे हाथ पकड़ लिया। तब पीड़ित ने अपनी बाइक व चालक उमेर को थाना मऊदरवाजा पुलिस को सौंप दिया। उक्त गाड़ी की नंबर प्लेट बदलकर डी0एल0 0117 उमेश व उसके भाई मन्नान पुत्रगण चॉद खॉं इन दोनों ने मिलकर मेरी गाड़ी की चेचिस व नंबर प्लेट बदल दी है। बाकी गाड़ी की हैण्डल व वाडी, साइलेंसर व दाहिनी व बायें हाथ के शीशे सारे सबूत मेरी गाड़ी के ही हैं। जब उक्त उमेर से कागजात मांगे गये, तब उक्त उमेर ने कहा कि यह गाड़ी तुम रख लो। तब पीड़ित उक्त उमेर को थाने ले गया। जो कि एस0आई0 दीपक राजपूत ने नंबर प्लट जॉच की व चेचिस नंबर दोनों अलग-अलग पाये गये। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने व गाड़ी दिलवाये जाने की मांग की है।

## पंचायत घर से कंप्यूटर सहित लाखों का सामान चोरी



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रानू खेड़ा में बने पंचायत घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष से शिकायत की गयी है। जानकारी के अनुसार पंचायत सहायक अर्चना ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सोमवार को जब पंचायत घर कार्यालय में पहुंचीं, तो उन्होंने अंदर जब ताला खोलकर देखा तो कार्यालय के कमरे का अंदर का ताला टूटा हुआ पड़ा मिला। कार्यालय में रखा हुआ कंप्यूटर, सीपीयू, माउस, प्रिंटर, पंखा, थंब मशीन आदि लाखों का सामान चोरी हो गया। पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी को सूचना दी। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर देकर घटना का खुलासा करने की मांग की गयी है। वहीं पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी इमरान (35), जनपद बदायूं के थाना उसैत के गांव दूंदेमई लिलमा निवासी रवि प्रताप व क्षेत्र के गांव जिराऊ निवासी सूरज (22) घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## छत से गिरकर दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव हसनगंज गंडुआ निवासी कमलेश का 4 वर्षीय पुत्र आर्यन व पितौरा निवासी अंकेश (25) छत से गिरकर गंभीर घायल हो गए। दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# 544118 कृषकों में मात्र 230557 का ही हो सका सत्यापन

▸ जिलाधिकारी ने सत्यापन बढ़ाने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस अर्थात सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस के दिन राजस्व टीम क्षेत्र में कार्य नहीं करेगी। 544118 सम्पूर्ण कृषक हैं। मात्र अभी तक 230557 कृषकों का ही सत्यापन अब तक हो पाया है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जारी है। 82336 कृषक अमृतपुर में हैं। मुख्य विकास अधिकारी का सहयोग अपेक्षित है। उप निदेशक कृषि प्रसार उन्हें सहयोग प्रदान करेंगे। पंचायत स्तर तक कार्य व निर्धारित तिथियों का प्रचार प्रसार किया जायेगा। तहसील स्तर क्रियान्वयन कमेटी की बैठक



बैठक में मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दो दिन में आयोजित होगी। मृदा परीक्षण के आधार पर उपयोग की गयी खाद को मात्रा के अनुसार कृषक को सब्सिडी प्रदान होगी। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निकास की जगह में जानवर बांधने का विरोध करने पर पीटा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



सीएचसी में भर्ती घायल

**निकास की** जगह पर जानवर बांधने का विरोध करने पर दबंगों ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला चौखण्डा निवासी रवी उर्फ बिजनंदन पुत्र लालाराम ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि गायत्री, अंकित, रामनिवास, देवेन्द्र आदि लोगों ने निकास के रास्ते पर अपने-अपने जानवर बांध दिये। जब उसने विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने लाठी-डडों व धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि इससे पूर्व भी वह जानवर बांधने का विरोध कर चुका है। मारपीट में पीड़ित के काफी चोटें आयी हैं। थाना प्रभारी बलराज भाटी ने पीड़ित को सीएचसी शमशाबाद में मेडिकल के लिए भेजा और निष्पक्ष कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# हल्की बूंदाबांदी से गर्मी से कुछ राहत, उमस बढ़ी



बूंदाबांदी का एक दृश्य — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बीते करीब** तीन दिनों से बन रहे मौसम के बीच सोमवार को हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन उमस बढ़ गयी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक दो दिन में वारिस की संभावना है। राजेपुर, अमृतपुर, नवाबगंज में सोमवार को हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की, लेकिन उमस भी रही। बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि बादल तो बन रहे हैं, लेकिन वारिस नहीं हो रही है। फिलहाल एक दो दिन में वारिस की संभावना जतायी जा रही है। बीते दिन रविवार को गर्मी सबसे ज्यादा महसूस की गयी। रात में लोगों को सोना दुश्वार हो गया। भीषण गर्मी के चलते पंखा, कूलर भी गर्मी के आगे फेल नजर आये। सिर्फ एसी वाले लोग ही चैन से सो सके, लेकिन अब लोगों को वारिस का बेसब्री से इंतजार है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का सेवा सप्ताह शिविर शुरु

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का सेवा सप्ताह शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर में सम्पन्न हुआ। वहीं सीएचसी अधीक्षक सरवर इकबाल को औषधि सहित टीम उपलब्ध कराने हेतु पत्र सौंपा गया। सोमवार को बजरंग दल के जिला विद्यार्थी प्रमुख सुदीप कुमार ने सीएचसी अधीक्षक को 24 जून 2024 से 30 जून 2024 तक के बीच आयोजित होने वाले सेवा सप्ताह के अंतर्गत मौसम में हो रहे बदलाव के चलते बीमारियों के फैलने के मद्देनजर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के लिए पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि शिविर में आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सकों की टीम की आवश्यकता होगी। अन्य व्यवस्थाएं बजरंग दल द्वारा की जाएंगी। इसको ध्यान में रखते हुए यथासम्भव आवश्यक सहयोग प्रदान कर दवाइयां एवं चिकित्सकों की टीम उपलब्ध कराने की कृपा करें।

# उधार ना देनें पर झोलाछाप चिकित्सक को चाकुओं से गोदा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**रुपये उधार** ना देने पर दबंग ने झोलाछाप चिकित्सक को चाकुओं से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर के ग्राम करनपुरदत्त निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पुत्र सीता राम गॉंव में ही झोलाछाप चिकित्सक हैं। उनके पुत्र शोभित ने बताया कि गांव के ही दबंग शिवा पुत्र ओमकार नें उसके पिता राजेन्द्र सिंह से 2 हजार रूपये मांगे। जब राजेन्द्र सिंह नें रूपये देने से मना कर दिया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया।



अस्पताल में भर्ती झोलाछाप चिकित्सक

बीती रात उसके पिता राजेन्द्र सिंह बरामदे में सो रहे थे। उसी दौरान आरोपी चाकू लेकर आया और उसने राजेन्द्र के सीने और कमर को चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। शोभित ने पिता राजेन्द्र सिंह को नालामछरटटा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय ने अस्पताल पहुंचकर जाँच की। पुलिस ने आरोपी के एक रिश्तेदार को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा



श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

वनखंडी आश्रम पर श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।


जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज चौराहे से मंझना रोड पर वर्षों पुराना वनखंडी आश्रम स्थित है। जिस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसमें अनिल कुमार शास्त्री के मुखारविंद से लोगों ने 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर सामूहिक रूप से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत अपनी श्रद्धा अनुसार दक्षिण चढ़ायी। इस मौके पर अनु टेंट हाउस के मालिक दुष्यंत कश्यप, दिल्ली एंड प्लाइवुड के मालिक अरविंद प्रताप, संजीव कश्यप, अनुज कश्यप, अंकित कश्यप, सुखवीर सिंह, सैनिक दिनेश शाक्य, नीलेश गंगवार, बाबा मौन गिरी तथा वनखंडी आश्रम के समस्त साधु संत मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी का आदेश बेअसर आवारा गौवंश उजाड़ रहे फसलें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**जिला प्रशासन** की तमाम कोशिशों के बाद भी आवारा गौवंशों पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिससे आवारा पशु किसानों की फसलों को खेतों में घुसकर चट कर रहे हैं। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।

कस्बा नवाबगंज के आसपास गांव में आवारा गोवंश किसान की खून पसीने से तैयार की गयीं फसलों को उजाड़ रहे हैं। हालांकि इस संबंध में जिलाधिकारी कई बार बैठक में निर्देश दे चुके हैं कि आवारा गौवंशों को वहां की संबंधित गौशाला में बंद करें, लेकिन अधीनस्थ जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे आवारा पशु किसानों के लिए सिरदर्द साबित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि वह हजारों की लागत लगाकर अपने खून पसीने से फसलों को तैयार करते हैं, जबकि अन्ना पशु उन्हें खाकर उजाड़ देते हैं। वहीं कई लोग अपनी



मूंगफली की फसल उजाड़ रहे अन्ना पशु — समृद्धि न्यूज

गायों का दूध निकालकर चरने के लिए छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही व जुर्माना करने के आदेश जिलाधिकारी दे चुके हैं, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश को अधीनस्थ ठेंगा दिखा रहे हैं।

## पुत्री को बहला फुसलाकर गायब करने की दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित महिला ने पुत्री को बहला फुसलाकर गायब करने की पुलिस को नामजद तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ग्राम बंधौआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद की निवासिनी हरिजन कोरी जाति की महिला है। पीड़िता की छोटी पुत्री को दिनांक 18.06.2024 को सुबह 8.00 बजे जब पीड़िता अपने पति को खाना देने भट्टे पर गयी हुई थी, तभी उसकी पुत्री को मेरी देवरानी प्रेमवती उर्फ नन्हीं देवी पत्नी स्व0 मुन्नू के सहयोग से गायत्री पुत्री प्रेमी निवासी हाल मोहल्ला जाफरी फतेहगढ़ व उसका भाई ऋषि मिश्रा बहला फुसलाकर कहीं बुला ले जाकर गायब कर दिया है। पीड़िता के घर आने पर पता लगने पर पीड़िता ने उपरोक्त गायत्री का पता करते उसकी चूणी वाली गली में दुकान पर आयी, परन्तु गायत्री ने कुछ नही बताया व कहीं गायब हो गयी। उक्त महिला गायत्री व उसका भाई ऋषि ने पुत्री को कहीं गायब कर दिया है। देवरान की पुत्रियां गुड़ियां, पूजा व पुत्रगण सुरजीत व सुधांशु, पूजा ने धमकी दी है कि तुम लोग घर खाली करके यहां से चले जाओ नहीं तो पूरे घर को जादू टोना करके मरवा दूंगा।

# मानकविहीन एनएचएआई-730सी बरेली इटावा मार्ग की जांच की भाकियू ने उठायी मांग

**भाकियू भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा0 भानु प्रताप सिंह का जनपद आगमन पर स्वागत किया गया। साथ ही जिलाधिकारी से भेंट कर किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि एनएचएआई-730सी बरेली इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण निर्माण कार्य हो रहा है। ठेकेदार द्वारा मानक अनुरुप निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। निर्माण के नाम गोलमाल हो रहा है। नाला पूरी तरह टूट चुका है। सरिया नाममात्र की डाली गई है। सड़क के किनारे इंटरलाकिंग ब्रिक बिछाई जा रही है, जो मानकविहीन ईंट है। ठेकेदार व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों से घटिया निर्माण सामग्री लगायी जा रही है। जिसकी शिकायत की गई। 38 प्रतिशत कमीशन नीचे से लेकर ऊपर अधिकारियों तक जाता है। शिकायत करों तो ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। ऐसे में जांच कर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाये। जनपद में एआरटीओ द्वारा ओवरलोडिंग व डग्गामार वाहन चलाये जा रहे है। इटावा, मैनपुरी के नम्बर है। दलालों के माध्यम से पैसा बंधा हुआ है। काली नदी पुल व गंगा जी व रामगंगा पुल है, जो क्षतिग्रस्त है ओवर लोडिंग के कारण। कोलाघाट का पुल पहले ही टूटा हुआ है। ऐसे में कोई हादसा हो सकता है। राम गंगा डबरी का पुल भी क्षतिग्रस्त होने लगा है। तत्काल रोक लगायी जाये, आदि मांगों संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह राजू, नरेन्द्र सोमवंशी, कालीचरण चतुर्वेदी, संजय सोमवंशी, अवधेश सिंह, आशीष यादव, नेत्रपाल सिंह, शिवपाल सिंह, मुन्ना सिंह, जगपाल सिंह राठौड़, लकी, मुन्ना खां, बबलू दीक्षित, अमन सोमवंशी, मुन्नालाल सक्सेना, राजवीर सिंह, गिरीश शाक्य, अंशु सोमवंशी, बरजोर सिंह, अमरेश कुमार शुक्ला, शिशुपाल सिंह राजपूत, छविनाथ सिंह छन्नू, धीरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जिलाधिकारी के साथ भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य

# एफएसडीए ने छापेमारी कर गाय दूध व बेसन के लड्डू का लिया नमूना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आम जन** मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने एवं मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम व खाद्य/पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के लिए एफएसडीए ने छापेमारी कर दूध व बेसन के लड्डू का नमूना संग्रह किया। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

सहायक आयुक्त खाद्य/अभिहीत अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने अल्लाह नगर बढ़पुर पर सुशील कुमार पुत्र जसवंत के बाइक से गाय दूध का नमूना संग्रह किया। वहीं असगर रोड गढ़ी कोहना स्थित यश कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र के प्रतिष्ठान से बेसन लड्डू का नमूना संग्रह किया। जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के दौरान अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।


नमूना भरती एफएसडीए टीम — समृद्धि न्यूज

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति व ओडीओपी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डा0** वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति व ओडीओपी की बैठक सम्पन्न हुई। औद्योगिक आस्थान में काफी गंदगी रहती है। उद्योग संचलन में समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट व नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद समन्वय स्थापित कर सफाई में सहयोग करने के निर्देश दिये। सभी उद्यमी निर्माता, स्थानीय स्तर पर भी जरदोजी उत्पादों की बिक्री हेतु प्रयाय करें, ताकि फुटकर क्रेता के माध्यम से राजस्व प्राप्त हो व जिले का नाम रोशन हो। मार्च 2024 को सब्सिडी के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है। स्वीकृत होने पर मेसर्स एसआर विग फर्म को ऋण द्वितीय किश्त एसबीआई फतेहगढ़ द्वारा प्रदान की जायेगी। डीएम ने उद्यमी को सहयोग करने हेतु एसबीआई के प्रबंधक को प्रेरित किया। रामकिशोर शाक्य का ऋण आवेदन एसबीआई फतेहगढ़ के पास लंबित है। बैंक को ऋण देने हेतु पर्याप्त आधार नहीं प्राप्त हुआ है। डीएम एक सप्ताह में प्रकरण सुलझाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 57 ऋण आवेदन बैंक शाखाओं को प्रेषित है। 23 प्रकरण स्वीकृत है। डीएम ने कहा कि स्वीकृत ऋणों के लिए कारणों को उल्लेख अवश्य करें। दस लाख के ऋण हेतु बैंक बिना गारंटर ऋण नहीं देते। यह नियमों का उल्लंघन है। बैंक सुधार करें, अन्यथा उच्चाधिकारियों को सूचित किया जायेगा। रेलवे रोड की स्थिति न सुधरने के कारण पता लगाने हेतु नगर मजिस्ट्रेट व नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया। स्थिति सुधारने के लिए बजट हेतु शासन को लिखने हेतु डीएम ने कहा। इस दौरान संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

# चोर के खिलाफ मुकदमा व बाइक दिलवाये जाने की एसपी से गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाइक चोर** के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने व बाइक दिलवाये जाने की पीड़ित ने एसपी को शिकायत पत्र देकर मांग की है।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम ढुइयां निवासी सरफराज हुसैन पुत्र इस्माल ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 9 मई को रामपुर ढपरपुर स्थित एक हास्पिटल से बाइक संख्या यूपी 76एके/0970 चोरी हो गयी। जिसकी सूचना थाना प्रभारी अमित गंगवार को दी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि बाइक मिल जायेगी एफआईआर दर्ज कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मैंने अपने बाइक की काफी खोजबीन की तो 19 जून को हास्पिटल के सामने अपनी बाइक को उमेर पुत्र चांद खां निवासी हैवतपुर गढ़िया पठान वाली गढ़िया को रंगे हाथ पकड़ लिया। मैंने अपनी बाइक व चालक उमेर को पुलिस को सौंप दिया। बाइक का नम्बर व चेसिस नम्बर उमेर व उसका भाई मन्नान ने बदल दी, लेकिन बाडी गाड़ी वही रही। जब उमेर से गाड़ी के कागज मांगे तो उसने कहा कि गाड़ी तुम रख लो।

एसआई दीपक राजपूत ने जब जांच की तो नम्बर व चेसिस दोनों अलग निकले। पीड़ित आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही व बाइक दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

## खबरें एक नजर में

### भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी दर्शन हेतु उमड़ा जन सैलाब



**नंद घर आनन्द भयौ जय कन्हैया लाल की जय घोष से पाण्डाल हुआ गुंजयमान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह में लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। झांकी में प्रस्तुत भजन नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की पर जमकर झूमे। गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में आयोजित समारोह में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी देखने हेतु बड़ी संख्या में महिलायें पुरुष शामिल हुए। झांकी में जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पाल की के जयकारे लगाकर पुष्प वर्षा की गई। इससे पूर्व नैमिषारण्य से पधारे आचार्य अशोक शुक्ल ने हरिश्चन्द्र के सत्य धर्म पालन के प्रसंग सुनाकर भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि हरिश्चन्द्र ने सर्वस्व दान में दे दिया। जब दान शेष रह गया तो उन्होंने अपना शरीर भी बेंच दिया और दान के संकल्प को पूरा किया। आचार्य शुक्ला ने कहा कि माता पिता की सेवा, चारों धामों की पूजा से बड़ी है। माता-पिता व्यक्ति के लिए भगवान स्वरुप है। कथा व्यास पं0 सुनील महाराज ने भजनों की मनोहारी प्रस्तुति कर भक्ति की गंगा बहायी। दण्डी जगदेवी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह के तहत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी प्रस्तुति में रमला राठौर, अनिल तिवारी, संजीव सिंह राठौर, संजीव सिंह राठौर, गोगा जी ने सहयोग किया। मुख्य यजमान प्रधानाचार्य नीरज सक्सेना व उनकी पत्नी अल्का सक्सेना ने साधू संतों का स्वागत कर उन्हें दक्षिणा भेंट की।

### दीवार गिराकर कब्जा करने व जानमाल की धमकी देने में 11 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भू-माफियाओं द्वारा दलित की जमीन जबरन कब्जा करने के मामले पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली फतेहगढ़ के बंधौना नगला निवासी बाबू पुत्र श्रीहरलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी पैतृक भूमि है जिसका प्रमाण व नक्सा है। 20 जून को दीवार का निर्माण करा रहा था, तभी रामदयाल पुत्र स्व0 छोटेलाल, विनोद, रामदयाल, दिनेश, निर्मल, अजय, अरुण, तरुन पुत्रगण रामदयाल, राजेश व दिनेश पुत्रगण स्व0 राजाराम, सूरज पुत्र राजेश आदि एकराय होकर आये और जबर नवनिर्माण दीवार गिरा दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही घरवार बेंचकर शहर छोड़ देने की भी धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ध्यान योग के साथ प्रारम्भ हुआ सत्र

**चौथे दिन सैकड़ों लोगों ने किया अभ्यास**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा नव चयनित आचार्य दतिया बाहर झांसी में पंच सत्र में साहित्यिक शास्त्र शैक्षिक शास्त्र क्रियात्मक शास्त्र, विचार गोष्ठी एवं अभिव्यक्त सत्र प्रारंभ हुआ। सैद्धांतिक शास्त्र में आचार्य दिनेश सिंह ने अपने वक्तव्य को दिया एवं शैक्षिक शास्त्र का भी कल्याण किया गया। लिखित कार्य कक्षा कार्य गृहकर सुधार कार्य रत्नेश अवस्थी एवं प्रश्न पत्र निर्माण कौशल रचना अवस्थी, आचार्य नंदिनी का प्रयोग शिक्षण योजना का निर्माण आनंद था एवं वशिष्ठ वंदना सभा भजन बेला राष्ट्रीय गीत दायित्व बहुत शिवकरण छात्र उपस्थित पंजीकरण आवश्यकता पूर्णता भगवान सिंह ने अभिभावक संपर्क आवश्यकता उद्देश्य विधि एवं प्रकार अजय द्वारा किया गया है। वीडियो क्लिप भगवान सिंह सिंगर द्वारा दिखाई गई है। इस अवसर पर ओमकार तिवारी, विवेक दीक्षित, पूरन सिंह, आशीष कुमार सिंह, रजनीश, बृजपाल सिंह मिश्र, कल्पना सिंह, प्रवेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद आचार्य

# फतेहगढ़ की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फतेहगढ़ के** निवासियों व व्यापारियों ने जनहित में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा आरओ शीतल पेयजल हेतु स्थापित किये गये बंद खराब उपकरणों को शीघ्र सुचारु रुप से चालू करवाया जाये। जिससे भीषण गर्मी में आम जन मानस को राहत मिल सकें। नागरिकों की सुविधा हेतु निर्माण किये गये जिला परिषद फतेहगढ़ के पास एमआईसी कालेज के सामने सुलभ शौचालय बंद पड़े है। जिन्हे चालू करवाया जाये। फतेहगढ़ में रोडवेज बस स्टैण्ड चालू नहीं है। यात्रियों को यात्रा करने के लिए सड़क के किनारे खड़े होकर बस पकड़ना पड़ता है। फतेहगढ़ बस स्टैण्ड चालू करवाया जाये। भोलेपुर पर नवनिर्माणित ब्रिज पर मार्ग प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण रात्रि में अंधेरा रहता है। महिलाओं के साथ छेड़छाड़, लूटपाट जैसी घटनायें हो जाती है। ओरवब्रिज पर शीघ्र प्रकाश व्यवस्था करायी जाये। फतेहगढ़ नगर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है और सड़कों पर वाहन खड़ा कर देते है। आवागमन ऐसे में अवरुद्ध हो जाता है और वाहनों का चालान हो जाता है। जगह चिन्हित कर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर व्यापारी नेता उमेश चतुर्वेदी, युनूस अंसारी, सुनील गांधी, सुमित कुमार, स्वामी दुबे, सानू शुक्ला, राजीव शर्मा, रिषव राठौर, ताहिर, विकास कश्यप, कृष्ण प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते फतेहगढ़ के लोग — समृद्धि न्यूज

# फार्मेसी की परीक्षा के द्वितीय दिन 65 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**जीजीआईसी में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**महीयसी** महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में फार्मेसी की परीक्षा दूसरे दिन दो चरणों में सम्पन्न हुई। पांच विद्यालयों की परीक्षा का केंद्र जीजीआईसी में बनाया गया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि पांच फार्मेसी विद्यालयों का परीक्षा सेंटर विद्यालय में पड़ा है। दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न हो रही है। दूसरे दिन पंजीकृत 392 परीक्षार्थियों में से 336 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 56 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 249 परीक्षार्थियों में से 240 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 9 अनुपस्थित रहे। पर्यवेक्षक डा0 अंकित कुमार गुप्ता, द्वितीय पर्यवेक्षक कन्नौज से आये गौरव सिंह की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक दीपिका राजपूत के निर्देशन में परीक्षा सम्पन्न हुई। दोनों पालियों में 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शकुंतला देवी फार्मेसी कालेज, शकुंतला देवी जेएस नगर फार्मेसी कालेज, जय सिंह फार्मेसी कालेज नवाबगंज, गिरिजा देवी फार्मेसी कालेज सकवाई, गिरिजा देवी फार्मेसी कालेज सहित पांच महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।


फार्मेसी की परीक्षा देते विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

# किसानों व प्रशासन अधिकारियों की टोल प्लाजा को लेकर वार्ता विफल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ग्राम बाहिदपुर** में चार दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के टोल प्लाजा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में प्रशासन की तरफ से एसडीएम सदर गजराज सिंह यादव और एनएचएआई के लोग वार्ता के लिए आए। वार्ता डेढ़ घंटे तक चली। किसान टोल प्लाजा न बनाने पर अड़े रहे। वहीं प्रशासन टोल बनाने पर अड़ा रहा। जिसके बाद वार्ता विफल हो गयी। कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा की टोल प्लाजा जहां पर प्रस्तावित हुआ है वहीं पर बनेगा। हम बाहिदपुर के किसानों का उत्पीडन नहीं होने देंगे।

विधिक सलाहकार/जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि टोल प्लाजा पहले मुरहास कन्हैया पर प्रस्तावित था, यदि टोल प्लाजा को आगे बढ़ाया गया है तो हमें उसके कागज उपलब्ध कराए जाएं अन्यथा टोल प्लाजा जहां पर प्रस्तावित था वहीं बनाया जाए। जिस पर एनएचएआई की तरफ से आए ठेकेदार को एसडीएम सदर ने भी कहा कि यदि आपके पास कागज है तो किसानों को दिखाएं। जिस पर एनएचएआई के ठेकेदार इधर-उधर झांकने लगे। उनके पास ना तो कोई डॉक्यूमेंट उपलब्ध है और ना ही यहां का नक्शा, इस पर किसान नेताओं ने साफकहा कि टोल प्लाजा जहां पर प्रस्तावित है वहीं पर बनेगा। अजय कटियार ने कहां कि मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कर रहा है। इसमें बरस लोन के सामने बने गड्ढे में 2 मार्च को दो युवकों की मौत हो गई थी, जिनके परिजन भी आज धरना स्थल पर किसानों की मदद मांगने आए। उन्होंने कहा की बाहीदपुर में हम टोल प्लाजा नहीं बनने देंगे। किसानों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, विजय शाक्य, कमलेश शाक्य, अभय यादव, सुधीर कटियार, राजू सोमवंसी, शिशुपाल सिंह शाक्य, मुन्ना लाल कुशवाहा, विजय कटियार, बालकृष्ण जनार्दन सिंह, अरुण, रामसनेही कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, इंदर सिंह व महिलायें उपस्थित रही।


किसानों से वार्ता करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी

# नगला दाउद में बने कब्रिस्तान में नाला बंद कराये जाने की ग्रामीणों ने उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भोजपुर क्षेत्र के ग्राम नगला दाउद निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया है कि लगभग 100 वर्षों से सार्वजनिक कब्रिस्तान बाऊली नगला दाउद में स्थित है। जो पुरातात्विक दाऊली है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रार्थीगणों को सार्वजनिक कब्रिस्तान की कब्रों में प्रार्थीगणों के बाप-दादाओं के शव दफन है। जेसीबी मशीन लगाकर नाला खोद दिया गया है। पुराना नाला रोड के पश्चिम साइड में था। जिससे भू-माफिया द्वारा बंद कर दिया गया है। प्रार्थीगणों ने बताया कि बुजुर्गों की कब्र खोद डाली गई है। उनकी हड्डियों को तितर बितर कर दिया गया है। नाले में गांव का बरसात का पानी कब्रिस्तान में छोड़ दिया गया है। जिससे कब्रिस्तान में बनी कब्रों में पानी भरा हुआ है। पूरे गांव में रोष व्याप्त है। गंदे नाले का पानी रोका जाये। लोक निर्माण विभाग खोदे गये नाले को अविलंब बंद कराये। इस मौके पर सलीम, अतीक, सलमा बेगम, लइक, शकीकन बेगम, सलमान, अन्नू, सुखियान खान, माजिद शगीर, आमिर, अनसाद हसीव, नसीम, अख्तर, मुख्त्यार, चमन, सगीर, कदरी, वशीम आदि दाउद नगला के लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क की खामियों को दुरुस्त न किया गया तो होगा आंदोलनः ठा. भानु प्रताप सिंह

**किसान नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा0 भानु प्रताप सिंह का जनपद आगमन पर भाकियू नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। बढ़पुर स्थित एक होटल के सभागार में भानु प्रताप सिंह को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि फर्रुखाबाद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी से मुलाकात की, साथ ही किसानों की समस्याओं को सुना। किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन हमेशा संघर्षरत है। उन्होंने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य व किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के साथ डाक्टर घोर लापरवाही कर रहे है। अगर समस्याओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन के लोग सड़कों पर उतरेंगे और आंदोलन करेंगे।जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समय रहते समस्याओं को दुरुस्त किया जाये। चिकित्सा के नाम पर डाक्टर अलग-अलग मानमाने ढंग से फीस लेकर आईसीयू व पैथोलॉजी के नाम से अवैध रुप से वसूली कर रहे है। लोग ब्याज लेकर पैसों से इलाज कराते है। 20 से 30 प्रतिशत महंगी दवाई मरीज व तीमारदारों को दी जातीहै। साथ ही लोहिया अस्पताल की दयनीय हालत है। डाक्टर नियमित आते नहीं है। ज्यादातर डाक्टर छुट्टी पर बने रहते है। प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों के साथ इलाज के नाम पर ठीकठाक वसूली की जाती है। लोहिया अस्पताल महिला सीएमएस व अन्य कर्मचारी आपरेशन व डिलवरी नहीं करते है और नार्मल डिलवरी पर भी अलग से शुल्क वसूलते है। फल, दूध, ब्रेड आदि का वितरण सही से नहीं हो रहा है। शौचालय की व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर सरकारी स्कूलों में शिक्षक पढ़ाते नहीं है। समय काटते है। भाकियू मांग करती है इन सभी खामियों को दूर किया जाये और प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनचाही फीस वसूली जा रही है, उनकी जांच कर फीस कम करायी जाये। शहर की सड़कें क्षतिग्रस्त है। उनकों गड्ढा मुक्त किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, अवधेश सोमवंशी, राजेश दीक्षित बबलू, अमन सोमवंशी, मुन्नालाल सक्सेना, राजवीर सिंह, गिरीश शाक्य, अंशु सोमवंशी, बरजोर सिंह, अमरेश कुमार शुक्ला, शिशुपाल सिंह राजपूत, छविनाथ सिंह छन्नू, धीरेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।


वार्ता के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

# प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में आज प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरुआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की।

नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की।



इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी जा रही है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। हाल ही में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के मुद्दे से राजनीति गरमा हुई है। सदन की शुरुआत में विपक्ष के नेता हाथ में संविधान लिए हुए विरोध करने लगे।

## राज्यसभा में जेपी नड्डा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाए गए नेता सदन

18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र में सांसदों ने सोमवार (24 जून) को शपथ ली। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है।

वहीं, 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही शुरू कराई और सदस्यों को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री मोदी हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। पीएम मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद ने नौ जून को शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए हैं। कार्यवाही शुरू होते ही सदन के नेता होने के नाते नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले शपथ ली।



## भर्तृहरि महताब बने 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर

आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई। 3 जुलाई तक चलने वाले सत्र के शुरुआती दो दिन सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

आज और कल सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।

अब कल लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी, जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।

## सीतामरण ने ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के साथ की बजट पूर्व बैठक




**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए और विचार रखे।

बजट पूर्व परामर्श बैठक में वित्त सचिव, वित्तीय सेवा के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी भाग लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।


## ऑनलाइन कामाख्या पूजा के लिए कोई अधिकृत नहीं : मंदिर प्रबंधन

**एजेंसी, गुवाहाटी।**

कामाख्या मंदिर प्रबंधन (दोलोइ समाज) द्वारा आज सार्वजनिक सूचना दी गई है कि मां कामाख्या की ऑनलाइन पूजा के लिए किसी भी व्यक्ति, वेबसाइट या अन्य संस्था को अब तक अधिकृत नहीं किया गया है।

कामाख्या धाम में चल रहे विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेले के अवसर पर मीडिया में यह सार्वजनिक सूचना आज जारी की गई। इसमें लोगों को कामाख्या मंदिर के नाम पर किसी भी प्रकार के लेनदेन के लिए मना किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति कामाख्या मंदिर के नाम पर ऑनलाइन लेनदेन कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को ऐसे ठगों से बचने को कहा गया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को कामाख्या मंदिर से संबंधित कुछ जानकारी हासिल करनी हो तो वह कामाख्या मंदिर के आधिकारिक वेबसाइट www.maakamakhya.org पर जाकर इससे संबंधित जानकारी हासिल कर सकता है।



उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोगों ने मां कामाख्या मंदिर के नाम पर पेज बनाकर व्यवसाय शुरू कर दिया है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जयशंकर की यूएई के विदेश मंत्री के साथ मुलाकात

## द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर की चर्चा

**एजेंसी, अबूधाबी/नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से रविवार रात अबू धाबी में पर मुलाकात की और लगातार बढ़ती द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की।

डॉ जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि यूएई के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद से अबू धाबी में मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी लगातार बढ़ती व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सार्थक और गहन बातचीत हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि सराहनीय रही। यूएई विदेश मंत्रालय के एक रीडआउट के अनुसार शेख अब्दुल्ला ने डॉ जयशंकर को फिर से भारत के विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी।



- लगातार बढ़ती व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर सार्थक और गहन बातचीत हुई
- क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर नाहयान की अंतर्दृष्टि सराहनीय

यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कल रात अबू धाबी में डॉ. जयशंकर का रात्रिभोज के लिए स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्री संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने यूएई और भारत के बीच व्यापक रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी के ढांचे के भीतर द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में शेख अब्दुल्ला और डॉ. जयशंकर ने आर्थिक, व्यापार, निवेश, शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन सहित सभी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के प्रयासों की चर्चा की।

## सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय की

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की अधिकतम सीमा 3 हजार टन होगी, जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 फीसदी होगी। इसके साथ ही बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केन्द्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी तथा एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी। खाद्य मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरुआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह 75 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल 266 लाख टन की खरीद की गई थी, जबकि इस साल सरकार ने 262 लाख टन की खरीद की है और खरीद अभी भी जारी है। इसलिए (शुरुआती स्टॉक में) गेहूं की कमी सिर्फ तीन लाख टन की है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि एकल खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर और थोक विक्रेता प्रत्येक शुक्रवार को अपने पास भंडारित गेहूं के स्टॉक का खुलासा करेंगे।

## नेपाल में पतंजलि ट्र्स्ट की सौ एकड़ जमीन विवादों में, संसदीय समिति करेगी जांच

**एजेंसी, काठमांडू।** योग गुरु स्वामी रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्र्स्ट की नेपाल में 100 एकड़ जमीन को लेकर विवाद बढ़ गया है। अब इस जमीन विवाद की जांच संसद की स्टैंडिंग कमिटी को सौंप दी गई है। संसद की सार्वजनिक लेखा समिति ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के नाम पर काभ्रे जिले में स्थित 100 एकड़ जमीन विवाद की फाइल मंगवाई है। लेखा समिति ने भूमि व्यवस्था मंत्रालय को पत्र लिख कर सात दिनों के भीतर जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित सभी फाइल सार्वजनिक लेखा समिति को सौंपने के लिए कहा है। समिति के सभापति ऋषिकेश पोखरेल ने कहा है कि पतंजलि ट्रस्ट को नेपाल सरकार ने सस्ते दामों में 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई थी, जिसके सभी दस्तावेज मंगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला करीब डेढ़ दशक पुराना है। माधव नेपाल के नेतृत्व में तत्कालीन सरकार ने बाबा रामदेव के पतंजलि ट्रस्ट को 100 एकड़ जमीन सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने का निर्णय कैबिनेट में लिया था।

## सिक्किम ~ भारतीय सेना ने 48 घंटे से भी कम समय में बनाया सस्पेंशन ब्रिज

**एजेंसी, गंगटोक।** त्रिशक्ति कोर के भारतीय सेना इंजीनियरों ने उत्तरी सिक्किम में कटे सीमावर्ती गांवों को फिर से जोडने के लिए 48 घंटे से भी कम समय में 150 फीट का सस्पेंशन ब्रिज बना दिया है। इस सस्पेंशन ब्रिज बन जाने से अलग-थलग क्षेत्रों के लोगों को राहत मिली है। दरअसल, हाल ही में भारी बारिश के बाद एक पुल बह गया था। उत्तरी सिक्किम में कटे सीमावर्ती गांव अन्य इलाके से कट गए थे और जिससे क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई थी। त्रिशक्ति कोर के भारतीय सेना इंजीनियरों ने नदी के तेज बहाव के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर यहां 48 घंटे से भी कम समय में सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण पूरा कर दिया। 20 नॉट से अधिक गति से बह रहे पानी के ऊपर फुट सस्पेंशन ब्रिज बनाकर सेना ने अपनी तकनीकी दक्षता का नवीन उदाहरण दिया। इस पुल के बन जाने से उत्तरी सीमा के क्षेत्रों के गांववासियों को आवागमन शुरू हो गई। साथ ही इसके बनने से स्थानीय लोगों को तक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया।

## सर्राफा बाजार में कमजोरी से सस्ता हुआ सोना

- ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,520 रुपये से लेकर 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में

**चांदी की भी फीकी पड़ी चमक**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज कमजोरी नजर आ रही है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,520 रुपये से लेकर 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है। आज की गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बना हुआ है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,940 रुपये से लेकर 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज



72,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,420 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कनिष्क विमान हमले की 39वीं बरसी, भारत ने की आतंकवादियों के साथ नरमी बरते जाने की निंदा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने 1985 के एयर इंडिया के 'कनिष्क' विमान में हुए बम विस्फोट और आतंकवादियों का कनाडा में महिमामंडन किये जाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि ऐसी घटनाओं की निंदा में राजनीति हानि-लाभ का विचार का विचार करना ठीक नहीं है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि 985 में एआई-182 में बम विस्फोट सहित आतंकवाद को महिमामंडित करने का कोई भी कृत्य निंदनीय है और सभी शांति प्रिय देशों तथा व्यक्तियों की इसकी निंदा करना चाहिए। उच्चयोग ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में कई अवसरों पर ऐसी गतिविधियों को समान्य रूप छूट दी जाती रही है। बयान में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के हवाले से कहा गया है कि हमें राजनीतिक लाभ-हानि देख कर आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा के खिलाफ अपना रूख तय नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि भारत से भगोड़े आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की पहली बरसी पर पिछले दिन कनाडा की संसद में उसे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी थी और दो मिनट का मौन रखा गया था।

## भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए झारखंड में भारत की पहली पायलट परियोजना शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




कोयला मंत्रालय ने झारखंड में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए भारत की पहली पायलट परियोजना का शुभारंभ कर दिया। सोमवार को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य कोयला गैसीकरण के उपयोग के माध्यम से इसे औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए मीथेन, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी मूल्यवान गैसों में परिवर्तित करना है। कोयला मंत्रालय के रणनीतिक निर्देशन के अतर्गत ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने झारखंड के जामताड़ा जिले के कास्ता कोयला ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए एक अभिनव पायलट परियोजना की शुरूआत की है। दिसंबर 2015 में कोयला मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट युक्त क्षेत्रों में यूसीजी के लिए एक व्यापक नीतिगत प्रारूप को स्वीकृति दी थी। इस नीति के अनुरूप कोल इंडिया ने भारतीय भू-खनन स्थितियों के अनुरूप यूसीजी प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए कस्ता कोयला ब्लॉक का चयन किया। ईसीएल द्वारा सीएमपीडीआई रांची और कनाडा की एर्गो एक्सर्जी टेक्नोलॉजीज इंक के सहयोग से प्रबंधित यह परियोजना दो वर्ष तक संचालित की जाएगी और इसमें दो चरण शामिल हैं। 22 जून 2024 को प्रारंभ हुए प्रथम चरण में बोरहोल ड्रिलिंग और कोर टेस्टिंग के माध्यम से तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना शामिल है। दूसरे चरण में कोयला गैसीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## गोडावन ने उत्तर प्रदेश-असम में रखा कदम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत का सबसे ज्यादा बार पुरस्कृत और सिंगल माल्ट व्हिस्की का जाना-माना नाम गोडावन आर्टिसानल सिंगल माल्ट, ने आज उत्तर प्रदेश और असम में विस्तार करने की घोषणा की है। इस कदम के साथ इसने भारत के 12 राज्यों में अपनी जगह बना ली है। गोडावन, डियाजियो इंडिया की द गुड क्राफ्ट कंपनी का एक वेंचर है जो एक खास प्रकार की सिंगल माल्ट माल्ट तैयार कर रहा है। अपने इस उत्पाद के जरिये यह पारंपरिक व्हिस्की के उत्पादन मानदंड और धारणाओं को चुनौती दे रहा है।

कंपनी ने यह घोषणा, कई अवार्ड अपने नाम करने के बाद की है। गोडावन ने अब तक लिक्विड इनोवेशन और डिज़ाइन के लिए 50 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किये हैं। हाल ही में गोडावन को न्यूयॉर्क इंटरनेशनल स्पिरिट्स कॉम्पीटीशन 2024 में इंडियन व्हिस्की प्रोड्यूसर ऑफ द ईयर के ख़िताब से नवाजा गया हैं और इसके दो मुख्य उत्पाद रिच एंड राउंडेड




- गोडावन ने की उत्तर प्रदेश व असम में विस्तार की घोषणा

और फ्रूट एंड स्पाइस, दोनों को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया हैं।

गोडावन के कलेक्टर एडिशन, गोडावन 100 ने भी अपनी उपलब्धि से सबका ध्यान खिंचा हैं। हाल ही में, इसे इंटरनेशनल टेस्ट इंस्टीट्यूट अवाड्‌र्स 2024 में बेस्ट सिंगल माल्ट का दर्जा दिया गया हैं। देश में गोडावन के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, डियाजियो इंडिया के चीफ इनोवेशन ऑफिसर, विक्रम दामोदरन का कहना हैं कि हम उत्तर प्रदेश और असम में अपने विस्तार की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हाई क्वालिटी वाली व्हिस्की चाहने वाले कंस्यूमर बेस के साथ, देश भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और अपने कौशल को प्रदर्शित करने के लिए यह मार्केट हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। गोडावन के साथ, हम अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से व्हिस्की उत्पादन की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। बेहतरीन कारीगर और खास प्रकार के कास्क के साथ हम इस क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारी विशिष्टता स्थानीय मांग के साथ अच्छी तरह मेल खाएगी।

गोडावन पारंपरिक व्हिस्की बनाने के लिए उपयुक्त वातावरण का उपयोग करता हैं। इसके लिए इसने अलवर में एक डिस्टिल्ड की स्थापना की हैं। जहां यह राजस्थान के तापमान, पुरानी तकनीकों और अद्वितीय वनस्पति विज्ञान का लाभ उठाता हैं। इस तरह इसने भारतीय सिंगल माल्ट की एक विशाल रेंज तैयार की हैं, जिसमें इसने लाइट एंड फ्लोरल, फ्रुटी एंड स्पाइसी, रिच एंड राउंडेड,फूल बोडिड और स्मोकी जैसे प्रोडक्ट पेश किये हैं।

## सऊदी में इस साल भीषण गर्मी, 1301 हज यात्रियों को गंवानी पड़ी जान

**एजेंसी, रियाद।**

सऊदी अरब में इस साल अत्यधिक गर्मी के कारण काफी संख्या में हज यात्रियों को जान गंवानी पड़ी है। रविवार को सऊदी अरब की तरफ से इस संबंध में जानकारी दी गई कि हज यात्रा के दौरान इस साल कम से कम 1301 लोगों की मौत हुई है। इनमें भीषण गर्मी के चलते काफी संख्या में लोगों की जान गई। बीते सोमवार मक्का में तापमान 51.66 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मरने वालों में 98 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई है। सबसे ज्यादा मिस्र के लोगों की मौत हुई।

सऊदी अरब सरकार की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, इस साल भीषण गर्मी ने स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावित किया। अफसोस की बात ये है कि इस दौरान 1,301 लोगों की मौत हो गई। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्री फहद बिन अब्दुर्रहमान अल-जलाजेल के मुताबिक मरने वालों में 83 प्रतिशत



- मरने वालों में 98 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई
- बीते सोमवार मक्का में तापमान 51.66 डिग्री सेल्सियस दर्ज

लोग हज करने के लिए अनधिकृत थे और पर्याप्त आश्रय या आराम के बिना, सीधी धूप में लंबी दूरी तय कर रहे थे। मृतकों में बुजुर्ग और लंबे समय से बीमार लोग भी शामिल हैं। पहचान की प्रक्रिया में देरी हुई क्योंकि मरने वालों के पास अधिकृत दस्तावेज नहीं थे लेकिन अब सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है। मंत्री के अनुसार 95 हज यात्रियों का अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।

## बैटरी फैक्टरी में आग लगने के बाद मिले 20 शव

**एजेंसी, सियोल।**

दक्षिण कोरिया में एक बैटरी संयंत्र में आग लगने की घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार को सियोल के दक्षिण में ह्वासोंग में लिथियम बैटरी प्लांट में आग लगने के बाद लापता 23 लोगों में से अब तक मौके से 20 शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रपति यूं सुक योल ने लापता लोगों की तलाश और बचाव के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया है।

अग्निशमन कर्मियों के मुताबिक बैटरी प्लांट में आग लगने के बाद पूर्णकालिक और अंशकालिक श्रमिकों की दैनिक सूची भी आग में नष्ट हो गई है, इसलिए हताहतों की वास्तविक संख्या का पता नहीं चल पा रहा है। फिर भी लापता हुए 23 लोगों में से मौके से 20 शव बरामद किए गए हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि लापता हुए 23 लोगों में से 20 विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक भी हैं।



सियोल से 45 किलोमीटर दूर दक्षिण में ह्वासोंग में लिथियम बैटरी निर्माता एरिसेल के प्लांट में सुबह करीब 10:30 बजे लगी। अग्निशमन कर्मियों ने दोपहर 3 बजे तक मुख्य आग पर काबू पा लिया और प्लांट में जाकर 20 शव बरामद किये। टीवी फुटेज में जलते हुए प्लांट में छोटे-छोटे विस्फोट होते हुए दिखाई दिए और चिंगारी निकलती रही। यह तीन मंजिला प्लांट मजबूत कंक्रीट की इमारत में है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2,300 वर्ग मीटर है। इसीलिए अग्निशामकों को आग बुझाने में कठिनाई हुई। आग बुझाने के दौरान जलती हुई लिथियम बैटरियों को संभालना मुश्किल हो गया। प्लांट की दूसरी मंजिल से भागकर आए एक चश्मदीद ने ह्वासोंग फायर स्टेशन को बताया कि आग लगने के समय एक बैटरी सेल में विस्फोट हुआ था। आग तेजी से फैली, क्योंकि अंदर बैटरी सेल लगातार फट रहे थे, जिससे बचावकर्मियों के लिए अंदर जाकर तलाशी लेना मुश्किल हो गया। माना जाता है कि प्लांट के अंदर कम से कम 35,000 बैटरियां हैं।

सरकार ने आपदा से होने वाली मौतों को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए दोपहर में केंद्रीय आपदा और सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय की एक आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्री ली सांग-मिन ने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों और स्थानीय सरकारों से आग बुझाने और बचे हुए लोगों को बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों और कर्मियों को जुटाने को कहा है।